भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्थी 05:37 उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 7 सितंबर 2024
वर्ष 4, अंक 201, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



धूमकेतु ही नहीं, क्षुद्रग्रह भी हैं उल्कावृष्टि की वजह 14

दिलजीत दोसांझ की बार्डर 2 में हुई एंट्री 13

## भारी बारिश से बोल्डर व मलबा जमा होने से उत्तरकाशी गंगोत्री हाईवे बंद

ब्यूरो, देहरादून

- हाईवे में बंदरकोट के पास गिर रहे बोल्डर व मलबा, यमुनोत्री हाईवे भी अवरुद्ध, वाहनों की कतारें लगीं

**अमृत विचार :** राज्य के पर्वतीय इलाकों में अभी भी बारिश आफत बनी हुई है। उत्तरकाशी जिले में बारिश के चलते जगह-जगह पहाड़ियों से बोल्डर व मलबा गिर रहा है। बंदरकोट के पास बोल्डर व मलबा गिरने से उत्तरकाशी-गंगोत्री हाईवे बाधित हो गया। हाईवे अवरुद्ध होने से दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। वहीं यमुनोत्री घाटी में मूसलाधार बारिश की वजह से मलबा जमा हो जाने से यमुनोत्री हाईवे भी बंद हो गया है।

भारी बारिश के चलते पर्वतीय इलाकों में दिक्कतें थम नहीं रही हैं। बोल्डर व मलबा जमा होने से गंगोत्री और यमुनोत्री हाईवे जगह-जगह पर अवरुद्ध हो गया है। शुक्रवार सुबह गंगोत्री हाईवे बंदरकोट के पास अवरुद्ध हो गया। यहां पहाड़ी से हाईवे पर भूस्खलन जारी है। इस स्थान पर स्थानीय लोग और यात्री हाईवे खुलने का इंतजार कर रहे हैं। पहाड़ी से लगातार पत्थर और मलबा गिर रहा है। बीआरओ की मशीनें पहाड़ी से भूस्खलन रुकने का इंतजार कर रही हैं, ताकि हाईवे पर आए मलबे को हटाकर वाहनों की आवाजाही सुचारू की जाए। हाईवे बंद होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं। यमुनोत्री घाटी में मध्य रात्रि को हुई मूसलाधार बारिश से यमुनोत्री हाईवे जगह-जगह मलबा और बोल्डर गिरने से बाधित हो गया है।

## राज्य में 25 दिसंबर तक संपन्न होंगे निकाय चुनाव

**नैनीताल।** हाईकोर्ट में राज्य सरकार ने निकाय चुनाव का कार्यक्रम शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया। जिसके तहत निकाय चुनाव की अधिसूचना 10 नवंबर को जारी होगी और 25 दिसंबर से पूर्व निकायों के गठन हो जाएगा। सरकार ने कोर्ट को बताया कि 30 अक्टूबर को ओबीसी-एससी-एसटी आयोग की रिपोर्ट पेश होगी, 31 अक्टूबर को आरक्षण का निर्धारण होगा और उसी दिन मतदाता सूची जारी होगी।

कोर्ट में सुनवाई के दौरान शहरी विकास विभाग के अधिकारी कोर्ट में मौजूद रहे। उनकी ओर से चुनाव कार्यक्रम कोर्ट में पेश किया गया। इससे पहले सुनवाई में हाईकोर्ट ने सरकार को जल्द निकाय चुनाव संपन्न कराने के निर्देश दिए थे। जिसको लेकर सरकार ने असमर्थतता जताते हुए हाईकोर्ट में शपथपत्र दाखिल किया। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी एवं न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई।



## भारत का गोल्डन सिक्सर

**नोएडा के प्रवीण कुमार ने ऊंची कूद में जीता स्वर्ण, एशियाई रिकॉर्ड भी बनाया**

**पेरिस, एजेंसी।** भारतीय एथलीट प्रवीण कुमार ने शुक्रवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों में पुरुषों की ऊंची कूद टी64 के फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया। प्रवीण ने आज यहां खेले गए फाइनल मुकाबले में 2.08 मीटर की अपनी व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ छलांग के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। प्रवीण कुमार (टी64) ने इस बार अपने जोरदार प्रदर्शन से रजत पदक को स्वर्ण पदक में बदल दिया। इसी के साथ ही प्रवीण ने क्षेत्रीय और एशियाई रिकॉर्ड भी बनाया। इस पदक के साथ ही पैरालंपिक खेलों में भारत के पदकों की संख्या बढ़कर 26 हो गई है। उत्तर प्रदेश में नोएडा के गोविंदगढ़ में जन्मे प्रवीण ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उल्लेखनीय सफलता हासिल की एवं टोक्यो पैरालंपिक 2020 खेलों में पदक जीतने वाले सबसे कम उम्र के पैरा-एथलीट बन गए। वहां उन्होंने पुरुषों की ऊंची कूद टी64 श्रेणी में 2.07 मीटर की प्रभावशाली छलांग के साथ रजत पदक जीता था। उन्होंने एशियाई पैरा गेम्स 2022 में 2.05 मीटर की छलांग के साथ एशियाई रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। प्रवीण ने हाल में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में कांस्य पदक जीता और पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों के लिए क्वालीफाई किया था।

### बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-4 का सफल परीक्षण



**बालासोर।** भारत ने शुक्रवार को ओडिशा तट के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-4 का सफल परीक्षण किया। प्रक्षेपण सभी परिचालनात्मक और तकनीकी मापदंडों के आधार पर पूरी तरह से सफल रहा।

### एक नजर

### उत्तराखंड में भूकंप के झटकों से डोली धरती

**देहरादून, अमृत विचार :** उत्तराखंड में शुक्रवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। सीमांत उत्तरकाशी जिले के मोरी क्षेत्र में भूकंप का केंद्र रहा। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3 मापी गई। उत्तरकाशी जिले के मोरी क्षेत्र और हिमाचल की सीमा पर भूकंप के झटके से लोग काफी डर गए। काफी लोग तो डर के मारे घरों से बाहर निकल आए। भूकंप का केंद्र जमीन से करीब पांच किमी नीचे उत्तरकाशी जिले में मोरी तहसील के सिंगतूर वन क्षेत्र के पास दर्ज किया गया। उत्तरकाशी जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल ने बताया कि किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है।

# अनुच्छेद 370 इतिहास, कभी नहीं होगी वापसी : अमित शाह

## केंद्रीय गृहमंत्री ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए जारी किया घोषणा-पत्र

जम्मू, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणा-पत्र जारी किया और कहा कि अनुच्छेद 370 अब इतिहास बन गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में इसकी कभी वापसी नहीं होगी।

भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने कहा कि पिछले 10 साल की अवधि देश और जम्मू-कश्मीर के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखी जाएगी और उन्होंने लोगों से सुशासन जारी रखने के लिए उनकी पार्टी को वोट देने का आग्रह किया। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए तीन चरणों 18 और 25 सितंबर तथा 1 अक्टूबर को मतदान होगा। इससे पहले शाह चुनाव के लिए भाजपा के अभियान की शुरुआत करने के लिए दो दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे। केंद्रीय गृह मंत्री ने भाजपा का घोषणापत्र जारी करने से पहले अपने संबोधन में कहा कि मैं नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के एजेंडे को जानता हूं। मैं पूरे देश को यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि अनुच्छेद 370 अब इतिहास बन चुका है और इसकी कभी वापसी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 अब संविधान का हिस्सा नहीं है। उन्होंने कहा, 'इस अनुच्छेद ने युवाओं के हाथों में सिर्फ हथियार और पत्थर दिए हैं और उन्हें आतंकवाद की ओर धकेला है।'

शाह ने कहा कि मैं उमर अब्दुल्ला से कहना चाहता हूं कि नतीजे चाहे जो भी हों, हम आपको गुज्जरों, बकरवालों और पहाड़ी लोगों को दिए गए आरक्षण को छूने नहीं देंगे।' उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद का पूरी तरह सफाया कर दिया जाएगा।

शाह ने कहा, 'जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के पनपने में शामिल लोगों की जिम्मेदारी तय करने के लिए एक श्वेत पत्र जारी किया जाएगा। क्षेत्र का विकास सुनिश्चित करने के लिए हमें पांच साल का कार्यकाल दीजिए।'



### आतंक खत्म होने तक पाकिस्तान से बात नहीं

**जम्मू।** अमित शाह ने कहा कि भारत आतंकवाद समाप्त होने तक पाकिस्तान से बातचीत के पक्ष में नहीं है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बातचीत और बम एक साथ नहीं चल सकते। शाह ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र जारी करते हुए ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने आतंकवादी गतिविधियां जारी रहने के बीच पाकिस्तान के साथ बातचीत की किसी भी संभावना को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि जब तक आतंकवाद समाप्त नहीं हो जाता, हम पाकिस्तान के साथ बातचीत के पक्ष में नहीं हैं, लेकिन हम कश्मीर के युवाओं से निश्चित रूप से बात करेंगे।

### बीते दस साल जम्मू-कश्मीर के लिए स्वर्णिम काल

केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि पहले यहां अलगाववादियों के सामने सरकारें नतमस्तक हुआ करती थीं। बीते 10 साल में यहां शांति रही और विकास हुआ। 370 और 35 ए खत्म करना ऐतिहासिक फैसला रहा। अब ये दोनों अतीत बन चुके हैं। उनकी अब कभी वापसी नहीं हो पाएगी। 2014 से 2024 तक जम्मू-कश्मीर के लिए स्वर्णिम काल रहे।

## ऊधमसिंह नगर में तस्करों और वन कर्मियों के बीच हुई मुठभेड़

संवाददाता, रूद्रपुर

- रेंजर समेत चार वन कर्मियों को लगी गोली
- पीपलपडाव वन रेंज की है घटना मचा हड़कंप

**अमृत विचार:** पीपलपडाव वन रेंज में लकड़ी तस्करों और वन विभाग की टीम के बीच जमकर गोलीबारी हुई। मुठभेड़ में रेंजर, वन दरोगा सहित चार वन कर्मी गोली लगने से घायल हो गए। घायलों को आनन-फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही वन महकमे में हड़कंप मच गया। डीएफओ सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी। एसएसपी सहित पुलिस के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम चार बजे पीपलपडाव वन रेंज के जंगलों में लकड़ी तस्करों द्वारा सागौन की लकड़ी काटे जाने की सूचना मिली थी। सूचना पर आनन-फानन में वन रेंज अधिकारी रूप नारायण गौतम, वन दरोगा हीरा सिंह और वन रक्षक कमल सिंह और शुभम शर्मा मौके पर पहुंचे ही थे कि अचानक से 12 से 14 लकड़ी तस्करों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी। वन कर्मी संभल पाते कि इससे पहले ही वे तस्करों के तमंचों और अवैध असलहों से निकले छर्रों का शिकार हो गए। छर्रे लगने के कारण घायलावस्था में ही वन कर्मियों ने 315 बोर की राइफल से फायरिंग शुरू कर दी। लगभग दस मिनट तक तस्करों और वन कर्मचारियों के बीच गोलीबारी चलती रही। बाद में अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर फरार हो गए।

मुठभेड़ की खबर मिलते ही वन महकमे में हड़कंप मच गया। डीएफओ सहित आला अधिकारियों ने टीम के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया और अस्पताल में घायल वन कर्मियों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां से डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी मणिकांत मिश्रा, एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीओ सदर निहारिका तोमर, थानाध्यक्ष पंतनगर मनोज रतूडी भी मय फोर्स के जिला अस्पताल पहुंचे। घटना की जानकारी लेने के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



घायल वन रेंजर आरएन गौतम, वन रक्षक शुभम शर्मा व वन रक्षक कमल सिंह

## पूर्व प्रिंसिपल के ठिकानों पर छापे

कोलकाता, एजेंसी

### कोलकाता दुष्कर्म-हत्या मामला



- प्रवर्तन निदेशालय ने डॉ. संदीप घोष के करीबी प्रसून चटर्जी को हिरासत में लिया

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोलकाता स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के गिरफ्तार पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष, उसके रिश्तेदारों तथा उनके आधिकारिक सहयोगियों के कोलकाता और पश्चिम बंगाल के अन्य जिलों में स्थित घरों सहित 10 जगहों पर छापे मारे।

ईडी ने शुक्रवार सुबह चार स्थानों पर तलाशी शुरू की, जिसमें पूर्वी कोलकाता के बेलियाघाटा में घोष का घर और हावड़ा के सालकिया में मेडिकल सप्लाई के विक्रेता बिप्लब सिंघा का घर शामिल है। सूत्रों ने बताया कि ईडी अधिकारियों ने हावड़ा के संकरैल में सिंघा के घर और पास में रहने वाले उनके सहयोगी कौशिक कोले के घर की भी तलाशी ली। जांच एजेंसी ने दमदम हवाई अड्डे के मिलन पल्ली के पास घोष की साली अर्पिता बेरा के फ्लैट और उनके परिवार के किराए के फ्लैटों की भी तलाशी ली। उन्होंने बताया कि अप्रिता बेरा कोलकाता के मानिकतला में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) में डॉक्टर हैं और उनके पति प्रीतिन बेरा सेठ सुखलाल करनानी मेमोरियल अस्पताल में चिकित्सक हैं। ईडी ने घोष के पूर्व निजी सचिव प्रसून चटर्जी के घर पर भी छापा मारा। प्रसून को उत्तर 24 परगना के सुभाषग्राम स्थित उनके घर से उठाया गया और सात घंटे की पूछताछ के बाद दक्षिण 24 परगना के कैनिंग साउथ ले जाया गया, जहां पूर्व प्रिंसिपल का दो बीघा में फैला एक बंगला है।

## बागपत में मुशर्रफ के दादा की जमीन 1.38 करोड़ में नीलाम

**बागपत, एजेंसी।** बागपत जिले के कोताना में स्थित शत्रु संपत्ति के अंतर्गत आने वाली दो हेक्टेयर जमीन को 1.38 करोड़ रुपये में नीलाम कर दिया गया। ये जमीन पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ से जुड़ी बताई जाती है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि यह संपत्ति बागपत की बड़ौत तहसील के कोटाना गांव में स्थित है और इसे 2010 में शत्रु संपत्ति घोषित किया गया था। मुशर्रफ का जन्म विभाजन से पहले दिल्ली में हुआ था। बड़ौत के उप जिलाधिकारी अमर वर्मा ने पुष्टि की कि मुशर्रफ के दादा कोटाना में रहते थे। अमर वर्मा ने बताया कि पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ के पिता सैयद मुशर्रफुद्दीन और मां जरीन बेगम कभी इस गांव में नहीं रहे, लेकिन उनके चाचा हुमायूं लंबे समय तक यहां रहे। उन्होंने कहा कि गांव में एक घर भी है, जहां हुमायूं आजादी से पहले रहते थे। 2010 में इस जमीन को शत्रु संपत्ति घोषित कर दिया गया था और गुरुवार रात 10.30 बजे इसकी नीलामी पूरी हो गई।

## विनेश-बजरंग ने थामा कांग्रेस का हाथ

नई दिल्ली, एजेंसी

- विनेश हरियाणा विस का लड़ेंगी चुनाव



हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले ओलंपियन पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया शुक्रवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल ने दोनों पहलवानों को यहां पार्टी मुख्यालय में अंग वस्त्र ओढ़ाकर कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। इस दौरान पार्टी के हरियाणा के प्रभारी दीपक बावरिया तथा अन्य नेता भी मौजूद थे।

वेणुगोपाल ने कहा कि आज कांग्रेस के लिए एक बड़ा दिन है। यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है, क्योंकि हम अपने कांग्रेस परिवार में विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया का स्वागत कर रहे हैं। इससे पहले दोनों नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से उनके आवास पर मुलाकात की थी और दो दिन पहले दोनों ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से भी मुलाकात की थी और ये दोनों खिलाड़ी कांग्रेस से हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। हालांकि बजरंग के चुनाव लड़ने की पुष्टि नहीं हुई है। जबकि विनेश जुलाना से मैदान में उतरेंगी।

### विनेश ने रेलवे से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** भारत की पूर्व पहलवान विनेश फोगाट ने निजी कारणों का हवाला देकर भारतीय रेलवे से शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया। उन्होंने एक्स पर लिखा भारतीय रेलवे की सेवा करना मेरे जीवन का यादगार और गर्व से भरा समय रहा। संबंधित अधिकारियों को अपना इस्तीफा भेज दिया है। मैं रेलवे द्वारा देश की सेवा करने का मौका दिए जाने के लिए सदैव भारतीय रेलवे परिवार की आभारी रहूंगी।

## अतिथि शिक्षिकाओं को मिलेगा 180 दिनों का मातृत्व अवकाश

**देहरादून, अमृत विचार :** प्रदेश की धामी सरकार ने अतिथि शिक्षकों को बड़ा तोहफा दिया है। माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत काम कर रही अतिथि शिक्षिकाएं अब बाकी शिक्षिकाओं की तरह ही मातृत्व अवकाश का लाभ ले सकेंगी। शिक्षा सचिव रविनाथ रमन ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं।

माध्यमिक स्कूलों में तैनात अतिथि शिक्षिकों के आंदोलन का सुखद परिणाम आया है। सरकार ने अतिथि शिक्षिकाओं को 180 दिनों का प्रसूति और मातृत्व अवकाश देने का ऐलान कर दिया है। इस मामले में पहले ही कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जा चुका है। अब शासन ने भी इस पर सभी औपचारिकताओं को पूरा करते हुए आदेश जारी कर दिया है। शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने हाल ही में बैठक के दौरान इस पर जल्द से जल्द आदेश जारी करने के निर्देश दिए थे। अतिथि शिक्षकों की तरफ से मातृत्व अवकाश दिए जाने की मांग की जा रही थी।

## एग्जिट पोल को नियंत्रित करने की याचिका खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी



- प्रधान न्यायाधीश बोले- अब चुनाव की गाथा को बंद करें

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एग्जिट पोल को नियंत्रित करने वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने इसे राजनीतिक हित याचिका करार देते हुए कहा कि देश में शासन चलने दें और चुनाव की गाथा को बंद करें।

प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने बीएल जैन द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई की। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि सरकार चुनी जा चुकी है। अब चुनाव के दौरान क्या होता है, इसकी गाथा बंद करें और अब देश में शासन शुरू करें। पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग इस मुद्दे को संभालने में सक्षम है और वह चुनाव आयोग को नहीं चला सकता।

बीएल जैन ने जनहित याचिका में कई चुनाव-सर्वेक्षण एजेंसियों और समाचार चैनलों को पक्षकार बनाया था। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर मीडिया घरानों और उनकी सहयोगी कंपनियों के खिलाफ जांच की मांग की थी।

## मणिपुरः पूर्व मुख्यमंत्री के आवास पर रॉकेट से हमला, बुजुर्ग की मौत

**इंफाल।** बिष्णुपुर जिले के रिहाइशी इलाके मोइरांग में शुक्रवार दोपहर संदिग्ध उग्रवादियों के रॉकेट हमले में एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। पूर्व मुख्यमंत्री मैरेम्बम कोइरेंग के आवास के परिसर में यह रॉकेट गिरा। शुक्रवार को जिले में दागा गया यह दूसरा रॉकेट है। एक अधिकारी ने कहा कि बम फटने के समय बुजुर्ग व्यक्ति परिसर में कुछ धार्मिक अनुष्ठानों की तैयारी कर रहा था। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। विस्फोट में 13 वर्षीय लड़की सहित पांच अन्य घायल हो गए। यह रॉकेट आईएनए मुख्यालय से लगभग दो किलोमीटर दूर एक स्थान पर गिरा।

# जल संचय केवल एक पॉलिसी नहीं, एक प्रयास भी : मोदी

## प्रधानमंत्री ने गुजरात से की 'जल संचय, जन भागीदारी पहल' की शुरुआत

सूरत, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में जल संचय, जन भागीदारी पहल की शुरुआत की। वर्चुअली कार्यक्रम से जुड़े प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह बेहद अहम पहल है, जिसकी गुजरात की धरती से शुरुआत हो रही है। उन्होंने कहा कि जल-संचय केवल एक पॉलिसी नहीं है। यह एक प्रयास भी है, और यूं कहें तो ये एक पुण्य भी है। इसमें उदारता भी है और उत्तरदायित्व भी।

मोदी ने इस अवसर पर कहा कि आज गुजरात की धरती से जलशक्ति मंत्रालय द्वारा एक अहम अभियान का शुभारंभ हो रहा है। उसके पूर्व पिछले दिनों देश के हर कोने में जो वर्षा का तांडव हुआ, देश का शायद ही कोई इलाका होगा, जिसे इस मुसीबत से संकट को झेलना न पड़ा हो। मैं कई वर्षों तक गुजरात का मुख्यमंत्री रहा, लेकिन एक साथ इतने सभी तहसीलों में इतनी तेज बारिश मैंने कभी ना सुना था, ना देखा था। लेकिन इस बार गुजरात में बहुत बड़ा संकट आया। सारी व्यवस्थाओं की ताकत नहीं थी कि प्रकृति के इस प्रकोप के सामने हम टिक पाएं। लेकिन गुजरात के लोगों का अपना एक स्वभाव है, देशवासियों का स्वभाव है, सामर्थ्य है कि संकट की घड़ी में कंधे से कंधा मिलाकर हर कोई हर किसी की मदद करता है। आज भी देश के कई भाग ऐसे हैं, जो भारी वर्षा के कारण परेशानियों से गुजर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाली पीढ़ियां जब हमारा आंकलन करेंगी, तो पानी के प्रति हमारा रवैया, ये शायद उनका पहला पैरामीटर होगा, क्योंकि ये केवल संसाधनों का प्रश्न नहीं है। ये प्रश्न जीवन का है, ये प्रश्न मानवता के भविष्य का है। इसीलिए हमने सस्टेनेबल फ्यूचर के लिए जिन नौ संकल्पों को सामने रखा है, उनमें जल-संरक्षण पहला संकल्प है।



### जल जीवन मिशन से रोकी जा सकेगी 1.25 लाख बच्चों की असमय मौत


प्रधानमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन से 1.25 लाख से ज्यादा बच्चों की असमय मौत भी रोकी जा सकेगी। हम हर साल 4 लाख से ज्यादा लोगों को डायरिया जैसी बीमारियों से भी बचा पाएंगे यानी बीमारियों पर लोगों का जो खर्च होता था, वह भी कम हुआ है। उन्होंने कहा कि पहले देश के तीन करोड़ परिवारों को ही पाइपों के जरिए पानी की सप्लाई हो रही थी। आज देश में 15 करोड़ से ज्यादा परिवारों को यह सुविधा मिल रही है। जल जीवन मिशन के जरिए देश के 75 फीसदी परिवारों को पीने का साफ पानी मिल रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, पाइपों के जरिए घर-घर पानी पहुंचने से साढ़े पांच करोड़ घंटे बचेंगे और इस समय में हमारी बहन-बेटियां देश की अर्थव्यवस्था में सीधे योगदान देंगी।

## सार-संक्षेप

### चेक बाउंस में 6 माह की कैद, 15.65 लाख का अर्थदंड

**नैनीताल :** जमीन खरीद पर चेक बाउंस मामले में न्यायालय ने आरोपी को 6 माह के कारावास व अर्थदंड से दंडित किया है। मामले में नैनीताल निवासी स्वास्थ्य कर्मी महिला दीप्ति धामी ने रुड़की में अपने बच्चो की शिक्षा के लिए रुड़की निवासी नईम सिद्दीकी से साढ़े पंद्रह लाख में ज़मीन का सौदा किया। जिसे वह बाद में किसी कारण खरीद नहीं सकी। तब महिला ने नईम से अपनी रकम वापस मांगी। जिस पर नईम ने साढ़े पंद्रह लाख रुपये धनराशि का चेक महिला को दिया जो बाउंस हो गया। महिला ने अपने अधिवक्ता दीपक रुवाली के माध्यम से न्यायालय में एनआई एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया। मामले के परीक्षण के बाद न्यायालय अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय आयशा फरहीन ने अभियुक्त को दोषी मानते हुए 6 महीने के कारावास के साथ ही प्रतिकर के रूप में 15 .65 लाख रुपये अर्थदंड लगाया। जिसमे से 15 .60 लाख रुपये वादनी को व शेष 5000 रुपये राजकोष में जमा कराने के आदेश पारित किए गए। मामले में अभियुक्त ने बचाव साक्ष्य में कुल दस साक्ष्य पेश किए।

### मुर्गी के लालच में पिंजरे में कैद हुआ गुलदार, राहत



**नैनीताल :** नैनीताल के पिटारिया क्षेत्र में बीते एक सप्ताह से दहशत का पर्याय बना गुलदार आखिरकार वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। स्थानीय लोगों की मांग के बाद वन विभाग ने बीती रात गांव में गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया था। पिंजरा लगाने के कुछ देर बाद ही गांव वालों के लिए खतरा बना गुलदार पिंजरे में कैद हो गया। गुलदार के पिंजरे में कैद होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है। पूर्व सभासद भगवत रावत ने बताया कि बीते एक सप्ताह से एक गांव में गुलदार खतरा बना हुआ था। गुलदार दिन में आबादी वाले क्षेत्रों में दिख रहा था। साथ ही घरों के आंगन में आकर कुत्ते और मुर्गियों पर भी हमला कर रहा था। जिससे स्थानीय लोगों की जान पर खतरा मंडरा रहा था। जिसको देखते हुए स्थानीय लोग वन विभाग ने क्षेत्र में पिंजरा लगाने की मांग की। वन विभाग के रेंजर प्रमोद तिवारी ने बताया पिंजरे में कैद गुलदार को रानीबाग स्थित रेस्क्यू सेंटर भेजा जा रहा है।

### लेक सिटी क्लब का रंगोत्सव का आयोजन 22 को

**नैनीताल :** लेक सिटी वेलफेयर क्लब की बैठक क्लब के अध्यक्ष ज्योति ढोंडियाल की अध्यक्षता हुई। बैठक में तय किया गया कि इस बार क्लब द्वारा रंगोत्सव अंतर विद्यालय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 22 सितंबर को डीसीबी कैंपस के ऑडिटोरियम में किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए रमा भट्ट को संयोजक, प्रेमा अधिकारी, दीपिका बिनवाल व तनु सिंह को सह संयोजक बनाया गया है। क्लब की सचिव दीपा पांडे ने बताया कार्यक्रम में नगर और आसपास के 32 स्कूल भाग ले रहे हैं। संयोजक रमा भट्ट ने बताया कि प्रतियोगिता तीन वर्गों में आयोजित होगी। इनमें सब जूनियर, जूनियर व सीनियर वर्ग है। बैठक में रानी साह, हेमा भट्ट जीवंती भट्ट अमिता साह, मीनू बुदलाकोठी, कविता त्रिपाठी, प्रगति जैन, कविता गंगोला, कविता जोशी, विनीता पांडे, आभा साह, मंजू बिष्ट, गीता साह, पुष्पा कांडपाल, प्राची आर्या, प्रभा पुंडीर आदि रहे।

### लोस. चुनाव में मुख्य भूमिका निभाने वाले कर्मी सम्मानित

**भीमताल :** लोक सभा चुनाव 2024 में मतदान प्रक्रिया के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी ने कार्मिकों को सम्मानित किया। जिले के आठों ब्लाकों से 1010 बीएलओ और अन्य कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। सीडीओ ने ग्रामीण और शहरों के चयनित कर्मिकों को सम्मानित किया। इस दौरान सभी प्राथमिक, जूनियर हाई स्कूल, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व इंटर कालेजों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों को भी प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# भीमताल में सीईओ दफ्तर पर गरजे सैकड़ों शिक्षक

## प्रधानाचार्य के पदों पर सीधी भर्ती का कड़ा विरोध, शत- प्रतिशत पद पदोन्नति से भरने की मांग, मांगें मनवाकर दम लेने का ऐलान

संवाददाता, भीमताल




भीमताल स्थित शिक्षा भवन में प्रदर्शन करते राजकीय शिक्षक संघ से जुड़े शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** राजकीय शिक्षक संघ के आह्वान पर राजकीय शिक्षक संघ जनपद कार्यकारिणी नैनीताल के नेतृत्व में मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय भीमताल में आठों ब्लॉकों के 200 विद्यालयों के लगभग 2000 शिक्षकों ने प्रधानाचार्य पदों पर सीधी भर्ती के निर्णय को निरस्त करने तथा शत- प्रतिशत पद पदोन्नति से भरने की मांग को लेकर के धरना-प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ. विवेक पांडे ने कहा कि यह आंदोलन निश्चित तौर पर निर्णायक मोड़ लगा और जिस तरह शिक्षकों ने स्वतः इस आंदोलन में भागीदारी की है निश्चित ही सरकार एवं शासन को शिक्षकों की मांग माननी होगी। जनपद मंत्री नमिता पाठक ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि सरकार इतने बड़े संवर्ग की भावनाओं का हनन कर मात्र सात प्रतिशत शिक्षकों का भला करने में जुटी है। प्रधानाचार्य पदों पर सीधी भर्ती को निरस्त किया जाना चाहिए। डॉ. कन्नू जोशी एवं नवेंदु मतपाल ने कहा कि शत-प्रतिशत पदों को पदोन्नति से भरना ही एकमात्र हल है। धरने में उपस्थित प्रांतीय उपाध्यक्ष राजकुमार चौधरी प्रांतीय संयुक्त मंत्री जगदीश सिंह बिष्ट ने कहा कि प्रान्तीय कार्यकारिणी इस विषय पर गंभीर है और इस आदेश को प्रदेश कार्यकारिणी निरस्त कराकर ही रहेगी।

मंडल अध्यक्ष डॉ. गोकुल मार्तोलिया ने कहा कि इस समय पूरा प्रदेश इस आंदोलन में भागीदारी कर रहा है। उन्होंने सभी शिक्षकों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री नमिता पाठक, जिला संगठन मंत्री गिरीश कांडपाल एवं नवीन पांडे ने किया। धरने में प्रांतीय उपाध्यक्ष राजकुमार चौधरी, संयुक्त मंत्री जगदीश बिष्ट, कुमाऊं मंडल अध्यक्ष डॉ. गोकुल मर्तोलिया, जिलाध्यक्ष डॉ. विवेक पांडेय, जिला उपाध्यक्ष गिरीश जोशी, संगीता जोशी, जिला संयुक्त मंत्री त्रिलोक बृजवासी, रश्मि पांडे, जिला संगठन मंत्री गिरीश कांडपाल, जिला आय व्यय निरीक्षक हिमांशु पांडे मित्र, जिला कोषाध्यक्ष डॉ. दिनेश जोशी, जिला कार्यालय मंत्री भुवन चंद्र पांडे, ब्लॉक अध्यक्ष हल्द्वानी मदन गोस्वामी, हरीश पाठक, ब्लॉक अध्यक्ष बेतालघाट पंकज बधानी, दिनेश रावत, ब्लॉक अध्यक्ष ओखलकांडा हेम जोशी, भास्कर पांडे, ब्लॉक अध्यक्ष रामगढ़ प्रयाग क्वेराल, मनीष त्रिपाठी, ब्लॉक अध्यक्ष भीमताल मनोज बनकोटी, दीपचंद पन्त, ब्लॉक अध्यक्ष कोटाबाग हेमलता जोशी, खीम सिंह रजवार, ब्लॉक अध्यक्ष रामनगर संजीव कुमार, अनिल कालाकोटी, राहुल पवार, संजय वर्मा, डॉ. नवल उपाध्याय, त्रिभुवन पांडे, गौरी शंकर कांडपाल, पुष्पेश सांगा समेत सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल रहे।

# दो वरिष्ठ शिक्षा अधिकारियों को हाईकोर्ट ने किया तलब

विधि संवाददाता, नैनीताल

**सुनवाई**

▸▸ **विद्यालयी शिक्षा सचिव व प्रारंभिक शिक्षा निदेशक पर 12 सितंबर को तय होंगे आरोप**

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने विद्यालयी शिक्षा सचिव तथा प्रारंभिक शिक्षा निदेशक पर आरोप तय करने के लिए 12 सितंबर की तिथि नियत करते हुए उन्हें व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में तलब किया है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ में हुई।

मामले के अनुसार नवीन पाठक, त्रिभुवन कोहली एवं अन्य ने याचिका दायर कर कहा कि हाईकोर्ट ने वर्ष 2019 में उनकी बेसिक शिक्षा परिषद में की गई सर्विस जोड़ने व एसीपी का लाभ देने के आदेश दिए थे। उक्त आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने विशेष अपील की। इसे हाईकोर्ट ने वर्ष 2021 में खारिज कर दिया। हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं होने पर याचिकाकर्ताओं ने अवमानना वाद किया, जिस पर प्रतिपक्षियों को नोटिस जारी किए गए। विद्यालयी शिक्षा सचिव तथा प्रारंभिक शिक्षा निदेशक ने पूर्व में जारी हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन करने के लिए कोर्ट में शपथ पत्र दिया था जिसके बाद याचिका निस्तारित कर दी गई थी। निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत वित्तीय लाभ नहीं मिलने पर याचियों ने अवमानना वाद में पारित आदेश को रिकॉल करने के लिए प्रार्थना पत्र दाखिल किया जिसे स्वीकार करते हुए हाईकोर्ट ने 11 जुलाई को प्रारंभिक शिक्षा निदेशक को पूर्व में पारित आदेश का अनुपालन करने के आदेश दिए तथा आदेश का अनुपालन नहीं करने पर व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया। निर्धारित तिथि को निदेशक कोर्ट में उपस्थित हुए लेकिन आदेश का अनुपालन नहीं किया। इस पर कोर्ट ने विद्यालयी शिक्षा सचिव तथा प्रारंभिक शिक्षा निदेशक पर आरोप तय करने के लिए 12 सितंबर की तिथि नियत की है। इसमें दोनों अधिकारियों को व्यक्गित रूप से कोर्ट के समक्ष उपस्थित होने के आदेश दिए गए हैं।

# हाईकोर्ट बार एसो. चुनाव में 20 पदों पर 30 नामांकन

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया संपन्न हो गई। अध्यक्ष समेत 20 पदों के लिए 30 अधिवक्ताओं ने नामांकन किया है।

शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी वीएस अधिकारी की उपस्थिति में प्रत्याशियों ने नामंकन पत्र दाखिल किए जिसमें अध्यक्ष पद के लिए दुर्गा सिंह मेहता एवं विजय भट्ट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए प्रेम कौशल एवं रजत मित्तल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष (सामान्य) पद के लिए आनंद सिंह मेर एवं गौरव कांडपाल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष (महिला) पद के लिए मधु नेगी सामन्त, नीलिमा मिश्रा एवं रीता सक्सेना, सचिव पद के लिए शक्ति सिंह एवं विरेन्द्र सिंह रावत, उपसचिव प्रशासन के लिए बिलाल अहमद एवं कुन्दन सिंह, उप सचिव प्रेस के लिए राहुल अधिकारी, कोषाध्यक्ष पद के लिए मोहित कुमार एवं संजय कुमार, लाइब्रेरियन पद के लिए हिमांशु राठौर व प्रभाकर नारायण, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य (सामान्य) के पांच पदों के लिए भुवनेश जोशी, मनोज कुमार शर्मा, सौरभ पांडे, शिवांगी गंगवार एवं विश्व प्रकाश बहुगुणा, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य (महिला) के एक पद पर सोनिका खुल्बे, कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के चार पद के लिए तेजस अग्रवाल, आयुष गौड़, महबूब राही, ध्रुव चन्द्र, प्रेम प्रकाश भट्ट, ममता आर्या एवं कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य (महिला) के एक पद के लिए उन्नति पतं, सुखबानी सिंह व स्वलेहा हुसैन (सना) ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

इस दौरान अपर मुख्य चुनाव अधिकारी अंजली भार्गव, राजेश शर्मा, गंगा सिंह नेगी, राजेश जोशी, प्रमोद बेलवाल, राजकुमार सिंह, नरेन्द्र बाली, गोपाल के वर्मा, विनोद तिवारी, विशाल सिंह मेहरा, शिवानन्द भट्ट, निरंजन भट्ट, मीना बिष्ट, ममता जोशी, करन आनंद, पकंज कपिल, दीपा आर्या, शीतल सेलवाल, श्वेता बडौला डोभाल, शिवम राणा, सिद्धार्थ सिंह नेगी, अमनजोत सिंह चड्ढा, अविदित नौलियाल, रजनी सुप्याल लटवाल, गरिमा थापा, सैय्यद काशिफ जाफरी, वंदना सिंह आदि मौजूद रहे।

# शिक्षकों की तैनाती को आंदोलन की चेतावनी

**भीमताल, अमृत विचार:** ओखलकांडा के कैड़ा गांव के हाईस्कूल में लगभग 3 वर्षों से शिक्षकों के पद रिक्त हैं। ग्रामीणों और अभिभावकों ने अपर शिक्षा निदेशक तथा जिला शिक्षा अधिकारी से कई बार शिक्षकों की तैनाती की मांग की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

अंग्रेजी, गणित, सामाजिक विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषयों में शिक्षक न होने से यहां के बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है। कई अभिभावकों द्वारा अपने बच्चों को यहां से 18 किलोमीटर दूर ढोली गांव और ज्योस्युड़ा इंटर कॉलेज में प्रवेश दिलाया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि मांग को लेकर उनके द्वारा लोकसभा चुनाव बहिष्कार तक का ऐलान किया गया था। पर अभी तक न तो शिक्षकों की नियुक्ति हो पाई है और न ही विद्यालय में अभी तक बच्चों की पढ़ाई के लिए किताबें उपलब्ध कराई गई हैं।

ग्रामीणों ने शीघ्र शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होने पर आंदोलन करने का ऐलान किया है। मांग करने वालों में पूर्व ग्राम प्रधान मदन सिंह नौलिया, नरेश कुमार, गोपाल सिंह, प्रकाश सिंह, गणेश सिंह, माधवानंद, त्रिलोक सिंह नेगी, नंदन सिंह, राजेंद्र सिंह, बद्री सिंह रहे।

# 50 और 100 मीटर दौड़ में आयुष सिंह तथा हिना अंसारी बने चैंपियन

संवाददाता, भीमताल



मिनी स्टेडियम में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी।

**खेल-खिलाड़ी**

▸▸ **जिला स्तरीय सांस्कृतिक और खेलकूद प्रतियोगिताएं**

**अमृत विचार:** प्राथमिक और सब जूनियर वर्ग के विद्यालयों की सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं बीआरसी मेहरागांव तथा खेलकूद प्रतियोगिताएं मिनी स्टेडियम भीमताल में हुईं। स्टेडियम में खेलकूद प्रतियोगिता की शुरुआत मुख्य शिक्षा अधिकारी पुष्कर लाल टम्टा तथा खंड शिक्षा अधिकारी कैना चौहान ने ध्वजारोहण कर की।

जिला खेल समन्वयक पूरन सिंह नयाल ने बताया कि प्रतियोगिता के विजयी खिलाड़ी 15 से 18 अक्टूबर को हल्द्वानी के अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। प्राथमिक वर्ग की सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में हल्द्वानी प्रथम, कोटाबाग का दूसरा तथा रामनगर को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। सब जूनियर वर्ग की समूह गान प्रतियोगिता में हल्द्वानी होली एंजिल, लोकनृत्य में एचसीएम जूनियर हाईस्कूल हल्दूचौड़ तथा एकांकी में विवेकानंद स्कूल हल्द्वानी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। हिंदी सुलेख प्रतियोगिता में तानिया तथा अंग्रेजी में काव्या महतोलिया पहले स्थान पर रहीं। प्राथमिक वर्ग के बालकों की ओवरऑल चैंपियन भीमताल के आयुष सिंह ने जीती। प्राथमिक वर्ग की 50 मीटर और 100 मीटर दौड़ में ढूंगसिल भीमताल के आयुष सिंह पहले स्थान पर रहे जबकि लड़कियों की दौड़ भीमताल की हिना अंसारी ने जीती।

बालकों की 200 मीटर दौड़ में हल्द्वानी के करन सिंह प्रथम तथा बालिकाओं में कोटाबाग की पूजा रस्तोगी को पहला स्थान प्राप्त हुआ। बालक वर्ग की 400 मीटर दौड़ में रामगढ़ के नवल नेगी तथा बालिकाओं के वर्ग में बेतालघाट की तनुजा ने पहला स्थान प्राप्त किया। बालकों की लंबी कूद प्रतियोगिता में भीमताल के आयुष सिंह पहले तथा हल्द्वानी के करन सिंह दूसरे स्थान पर रहे। बालिकाओं की लंबी कूद में काव्या जीना पहले तथा हिना दूसरे स्थान पर रहीं। कार्यक्रम का संचालन प्रताप आर्य तथा राकेश शुक्ला ने किया। प्रतियोगिता के निर्णायक महेश कपिल, मदन खिमाल, मदन बर्थ्वाल, देवेंद्र मलकानी, सुभाष थुवाल, हेमंत रौतेला, बंशीधर कांडपाल, इंदर सिंह नयाल, मीरा सिंह, मीना नयाल, ममता गुप्ता आदि थे।

# न्यायालय के आदेश पर बाइक सवार पर मुकदमा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि युवक ने अपनी बाइक से अन्य युवक को टक्कर मार कर घायल किया था। पुलिस के अनुसार पारस जोशी निवासी हरिपुर जमन सिंह ने बताया कि वह बीती 3 अप्रैल को फुटकुआं में जियो पेट्रोल पंप के पास खड़ा था। तभी गलत दिशा से आ रहे बाइक सवार अर्जुन निवासी राजेंद्र नगर ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी मां विद्या जोशी का कहना है कि उसे बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस में मुकदमा दर्ज नहीं किया। बाद में पारस के परिजन न्यायालय में गए। न्यायालय ने अर्जुन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया।




**तैयारी** | रामसेवक सभागार में आयोजित बैठक में महोत्सव की तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप

# नंदा देवी महोत्सव को भव्यता के साथ मनाने का निर्णय

संवाददाता, नैनीताल




रामसेवक सभागार में हुई बैठक में मौजूद समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कुमाऊं में कुल देवी के रूप में पूजी जाने वाली मां नन्दा देवी महोत्सव 8 सितंबर से शुरू होने जा रहा है। महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर शुक्रवार को रामसेवक सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान महोत्सव की रूपरेखा पर चर्चा की गई।

जानकारी देते हुए रामसेवक सभा के महासचिव जगदीश बवाड़ी ने बताया श्री नन्दा देवी महोत्सव 8 सितंबर से रविवार 15 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। 8 सितंबर को महोत्सव का उद्घाटन होगा जिसके बाद मां नंदा सुनंदा की मूर्ति निर्माण के लिए एक दल कदली वृक्ष लेने मंगोली जाएगा। इसके बाद 9 सितंबर को कदली वृक्ष नैनीताल लाया जाएगा। जिसका नगर भ्रमण करवा कर मां नैना देवी मंदिर में लाया जाएगा। जिससे 10 सितंबर को मां नंदा सुनंदा की मूर्तियों का निर्माण होगा और 11 सितंबर को ब्रह्म मुहूर्त में मां नंदा सुनंदा की मूर्तियों को भक्तों के दर्शन के लिए खोल दिया जाएगा। इसके बाद पूरे सप्ताह भर तक मंदिर प्रांगण में देवी पूजन दुर्गा सप्तशती, कन्या पूजन,महा भंडारा, पांच आरती, नैनी झील में दीपदान समेत विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होगा। 15 सितंबर को मां नंदा सुनंदा के डोले का नगर भ्रमण कराया जाएगा और शाम को डोले का विसर्जन नैनी झील में कर दिया जाएगा। जगदीश बवाडी ने बताया मूर्ति निर्माण, भंडारा व्यवस्था, पांडाल व्यवस्था समेत 21 समिति बनाई गई। बैठक के दौरान समिति के सदस्यों को महोत्सव की सफलता के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां भी दी गई है।

बैठक में उपाध्यक्ष अशोक साह, प्रबंधक बिमल चौधरी,कोषाध्यक्ष विमल साह राजेंद्र बजेठा, मुकेश जोशी, मोहित साह, ललित साह, डॉ. मोहित सनवाल, किरण लाल साह, गोधन सिंह, मनोज साह, भुवन बिष्ट, हीरा रावत, अतुल साह, गिरीश भट्ट, अमर साह, हरीश राणा, सानू साह, गोविंद बिष्ट, आलोक चौधरी, दीपक साह, कैलाश बोरा, विक्रम साह मौजूद रहे। संचालन प्रो. ललित तिवारी ने किया।

### महोत्सव को लेकर शहर में चेकिंग अभियान तेज

**नैनीताल :** एसएसपी के निर्देश पर व नंदा देवी महोत्सव को देखते हुए पुलिस ने नगर में चेकिंग अभियान तेज कर दिया है। जिसके चलते एसपी यातायात व अपराध ने भी क्षेत्र में उतरकर वाहनों की चेकिंग की। साथ ही अधीनस्थ अधिकारियों को क्षेत्र में मेले के दृष्टिगत नजर रखने के निर्देश दिए। बता दें कि एसएसपी के निर्देश के बाद पुलिस एक्शन मोड में आ गई है। पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। यातायात नियमों का उलंघन करने वालों, देर रात बाइकों को तेज दौड़ाने वालों व क्षेत्र में शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को एसपी अपराध व यातायात हरबंस सिंह भी क्षेत्र में चेकिंग अभियान में जुट गए। इस दौरान उन्होंने ई रिक्शे रोककर उनमें कितनी सवारियां बैठाई हैं। साथ ही ई रिक्शा चालकों के सत्यापान व उनका ड्राइविंग लाइसेंस की भी जांच की गई।

**आज का मौसम**

धूप के साथ बारिश होने की संभावना

32.1° अधिकतम तापमान | 25.3° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.53 | सूर्यास्त 18.27

## एक नजर

### मुख्य सचिव राधा रतूड़ी आज नैनीताल में



**नैनीताल** : राज्य की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी आज एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर आ रही हैं। यह जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान ने बताया कि मुख्य सचिव शनिवार को सुबह 8 बजे देहरादून से प्रस्थान कर 9 बजे कैलाखान हेलीपैड पहुंचेंगी। जहां से कार से प्रस्थान कर राज्य अतिथि गृह नैनीताल पहुंचेंगी। वह 11 बजे से हाईकोर्ट की ओर से बुलाई गई बैठक में हिस्सा लेंगी। इसके बाद दोपहर 3 बजे कैलाखान हेलीपैड से देहरादून को रवाना होंगी।

### छत से गिरकर चार वर्षीय बच्ची की मौत

**हल्द्वानी** : बनभूलपुरा क्षेत्र में चार वर्षीय बच्ची की छत से गिरकर मौत हो गई। नई बस्ती निवासी मोहम्मद आसिफ की चार वर्षीय बेटी मरियम अपने घर की छत पर बड़ी बहन के साथ खेल रही थी। मकान तीन मंजिला था। खेलते-खेलते अचानक मरियम छत से नीचे गिर गई। जैसे ही लोगों को पता चला सब मरियम को उठाने के लिए दौड़े। मरियम के सिर पर चोट काफी चोट आई थी और खून बह रहा था। यह देखकर उसकी मां नासरा भी वहीं बेहोश हो गई। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को ही मरियम को कब्रिस्तान में दफना दिया गया।

### ऑटो और ई-रिक्शा चालकों पर कार्रवाई

**हल्द्वानी** : शहर में ऑटो और ई-रिक्शा चालकों की बढ़ रही मनमानी को देखते हुए पुलिस ने कार्रवाई की है। शुक्रवार को पुलिस ने मानकों की अनदेखी करने पर 108 टेंपो व ई-रिक्शा चालकों पर कार्रवाई की। पुलिस ने जब चेकिंग अभियान चलाया तो ऑटो और ई-रिक्शा चालकों में हड़कंप मच गया। 12 वाहनों को पुलिस ने सीज कर दिया। इसके साथ ही कार्रवाई करते हुए 57,500 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया।

# रेलवे अतिक्रमण : पूर्व में चिन्हित 4365 परिवारों का होगा सर्वे

## सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के क्रम में आठ सरकारी विभागों की एक संयुक्त टीम कर रही डोर टू डोर सर्वे, वार्ड-32 इंदिरा नगर पश्चिमी में हो चुका है सर्वे पूरा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



बनभूलपुरा में सर्वे के दौरान पहुंचे प्रशासन व राजस्व विभाग के अधिकारी। ● फाइल फोटो

**अमृत विचार** : रेलवे का वार्ड-32 इंदिरा नगर पश्चिमी में डोर टू डोर सर्वे पूरा होने के बाद अब अतिक्रमण के दायरे में आ रहे अन्य वार्डों में भी सर्वे होगा। इसमें रेलवे की ओर से पूर्व में अतिक्रमण चिन्हित किए गए 4,365 परिवार शामिल हैं।

हल्द्वानी रेलवे स्टेशन से सटी लगभग 30 हेक्टेयर रेलवे भूमि पर अतिक्रमण है। जब यह मामला हाईकोर्ट पहुंचा था तब रेलवे ने अतिक्रमित भूमि पर बसे 4,365 परिवारों को चिन्हित किया था। अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। पिछले माह हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने रेलवे से दशकों से भूमि पर काबिज लोगों के पुनर्वास और रेलवे के विस्तारीकरण के लिए भूमि की आवश्यकता को लेकर सूचना मांगी थी। इसी क्रम में रेलवे ने 12 अगस्त को भूमि का पुर्न सीमांकन शुरू किया था। सर्वप्रथम रेलवे भूमि का तकनीकी सर्वे किया था। इस सर्वे के पूरा होने के बाद रेलवे ने बाल विकास, ऊर्जा निगम, जल संस्थान, राजस्व, नगर निगम, खाद्य आपूर्ति, प्रशासन व पुलिस सहित आठ विभागों के साथ डोर टू डोर सर्वे शुरू किया। इसी वर्ष फरवरी में हुई बनभूलपुरा हिंसा के बाद प्रशासन कोई कोताही नहीं बरतना चाहता था इसलिए पहले चरण में सिर्फ वार्ड-32 इंदिरा नगर पश्चिमी में सर्वे किया गया। अब यह सर्वे लगभग पूरा हो गया है, सर्वे में चिन्हित लोगों की ओर से भी सहयोग मिल रहा है। इसके बाद यह सर्वे अतिक्रमित भूमि पर बसे हुए अन्य वार्डों गफूर व ढोलक बस्ती, वार्ड 15, 16, 24, 25, 26, 30, 31, 33 में भी किया जाएगा।

मुख्य नगर आयुक्त/सर्वे के नोडल अधिकारी विशाल मिश्रा ने बताया कि रेलवे समेत आठ सरकारी विभागों की संयुक्त टीम का वार्ड-32 इंदिरा नगर पश्चिमी में सर्वे लगभग पूरा हो गया है। अब रेलवे की ओर अतिक्रमण चिन्हित की गई भूमि पर बसे अन्य वार्डों के परिवारों का भी सर्वे होगा। उन्होंने कहा कि जिन छह टीमों ने सर्वे किया है, वही टीमें अन्य वार्डों में भी सर्वे करेंगी। यह सर्वे आज से ही शुरू होगा।

### 15 अक्टूबर तक सर्वे पूरा होने के आसार

मुख्य नगर आयुक्त मिश्रा ने बताया कि डोर टू डोर सर्वे तेजी से किया जा रहा है। अभी भी लगभग आठ वार्ड हैं, जिनमें सर्वे होना बाकी है। सर्वे में सिर्फ घरों से मुखिया का नाम, बिजली-पानी के बिल, भूमि के स्वामित्व संबंधी कागजात ही नहीं जुटाने हैं बल्कि इसकी समीक्षा कर डाटा एंट्री और जांच करना भी है इसलिए सर्वे पूरा होने में लगभग डेढ़ माह का समय लग सकता है, संभावना है कि 15 अक्टूबर तक सर्वे पूरा हो जाएगा।

# बागजाला में वन भूमि पर बसे 150 परिवारों को थमाए गए अतिक्रमण हटाने के नोटिस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



बागजाला में वन भूमि पर अवैध ढंग से बसे लोगों को नोटिस देते वन कर्मी।

**अमृत विचार** : वन विभाग ने बागजाला में वन भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। पहले चरण में अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिए जा रहे हैं। फिर नोटिसों के जवाबों की जांच होगी और जवाबों के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

वन अधिकारियों के अनुसार, वर्ष 1978 में तराई पूर्वी वन प्रभाग की गौला रेंज के अंतर्गत बागजाला में लगभग 68 हेक्टेयर वन भूमि खेती 66 परिवारों को खेती के लिए 30 वर्षों की लीज पर दी गई थी। वर्ष 2008 में यह लीज समाप्त हो गई लेकिन इन परिवारों ने लीज का नवीनीकरण नहीं कराया। इसके विपरीत खेती के लिए मिली वन भूमि का सौदा कर दिया। वर्ष 2023 में जब वन विभाग ने सर्वे किया था तब पता चला कि लगभग 105 हेक्टेयर भूमि पर 750 से अधिक परिवार बसे हुए हैं। यह भी पता चला कि इन परिवारों को सौ-सौ रुपये के स्टांप पेपर जमीनें बेची गईं। इस वर्ष फरवरी में वन विभाग ने अभियान चलाकर निर्माणाधीन भवनों को ध्वस्त किया था हालांकि बने हुए भवनों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी। इधर, अब वन विभाग ने अतिक्रमण हटाने के लिए कवायद शुरू कर दी है। वन भूमि पर बसे परिवारों को अवैध कब्जे हटाने के नोटिस दिए गए हैं। नोटिस में सभी से भूमि के स्वामित्व के दस्तावेजों को प्रभागीय वनाधिकारी की कोर्ट में पेश करने को कहा गया है। चेतावनी भी दी गई है कि भूमि का स्वामित्व नहीं दर्शाने पर अतिक्रमण ढहा दिया जाएगा। फिलहाल 150 परिवारों को नोटिस दे दिए गए हैं, बाकी 600 परिवारों को नोटिस देने की प्रक्रिया जारी है। वन विभाग का दावा है कि एक सप्ताह में सभी 750 परिवारों को अतिक्रमण हटाने के नोटिस दे दिए जाएंगे। गौला रेंजर चंदन सिंह अधिकारी ने बताया कि बागजाला में वन भूमि पर बसे 150 परिवारों को अतिक्रमण हटाने के नोटिस दिए हैं। बाकी 600 को भी एक सप्ताह में नोटिस दे दिए जाएंगे।

# नैनी झील में उतराता मिला रिटायर्ड प्रोफेसर का शव

संवाददाता, नैनीताल



देवकी नंदन पंत।

**अमृत विचार:** हल्द्वानी एमबीपीजी कॉलेज से रिटायर्ड प्रोफेसर का शव नैनी झील से बरामद हुआ है। शव बरामद होने के बाद उनके परिवार में कोहराम मचा है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह स्थानीय लोगों ने नैनी झील में अज्ञात व्यक्ति का शव देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची तल्लीताल पुलिस और स्थानीय लोगों ने शव को नैनीझील से बाहर निकाला। शव से मिले दस्तावेजों के आधार पर उनकी पहचान हल्द्वानी छड़ेल सुयाल निवासी रिटायर्ड प्रोफेसर देवकी नंदन पंत के रूप में हुई। जिसके बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों को इसकी सूचना दी। सूचना के बाद नैनीताल पहुंचे मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक देवकी नंदन पंत की पत्नी लंबे समय से गंभीर बीमारी से ग्रसित हैं। जिसके चलते देवकी नंदन पंत मानसिक रूप से परेशान थे और बीते गुरुवार शाम से घर नहीं आए थे।

तल्लीताल थाना प्रभारी रमेश वोहरा ने बताया कि नैनी झील में मिला शव हल्द्वानी के रहने वाले रिटायर्ड प्रोफेसर का शव था, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और परिजनों को सूचना दी। उन्होंने कहा कि शाम को परिजनों के पहुंचने पर शव उनके सुपुर्द कर दिया गया है।

# किशोरी को बंधक बना किया दुष्कर्म

**रामनगर:** मालधन क्षेत्र के अंतर्गत तुमड़िया डाम क्षेत्र में एक नाबालिग द्वारा गांव की ही एक नाबालिग किशोरी को बंधक बनाकर दुराचार का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित किशोरी की मां ने आरोप लगाया है कि बीते 4 सितंबर की रात उसके ही गांव के एक नाबालिग ने उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर अपने घर में बुलाया गया। जहां आरोपी ने उसकी पुत्री को अपने घर में बंधक बनाकर उसकी पुत्री के साथ दुराचार किया। आरोपी ने घटना के बारे में किसी को भी बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता की मां की ओर से पुलिस में की गई शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# राष्ट्रीयकृत बैंकों में सुरक्षा 'रामभरोसे'

**निरीक्षण**

- **पुलिस ने बैंकों की सुरक्षा की जांच की तो कहीं सीसीटीवी कैमरों का विजन खराब था तो कहीं अन्य कमियां मिलीं**

संवाददाता, हल्द्वानी





बैंक कर्मचारियों से बात करते एसपी सिटी प्रकाश चंद्र। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** शहर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने को लेकर पुलिस लगातार अभियान चला रही है। शुक्रवार को पुलिस ने बैंकों में सुरक्षा इंतजाम का निरीक्षण किया। कई राष्ट्रीयकृत बैंकों में भी सुरक्षा के इंतजाम अस्त-व्यस्त मिले। कहीं सीसीटीवी कैमरे खराब गुणवत्ता के थे तो कहीं अलार्म ही काम नहीं कर रहा था।

उत्तराखंड में प्रतिष्ठानों से चोरी और डकैती की घटनाओं के बाद हल्द्वानी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने का काम कर रही है। इसके तहत शुक्रवार को पुलिस ने बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में पुलिस ने भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा आदि बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी सिस्टम, सुरक्षा गार्ड व्यवस्था, कर्मचारियों के सत्यापन, आपातकालीन अलार्म व अन्य मानकों का निरीक्षण किया। इन राष्ट्रीयकृत बैंकों में कई जगह सीसीटीवी कैमरों की गुणवत्ता काफी खराब मिली।

यही नहीं कई जगह अलार्म सिस्टम भी ठीक नहीं था। पुलिस ने मौके पर ही जांच करके कमियों को पता किया। एसपी सिटी ने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि अच्छी गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे और अलार्म लगाए जाएं। साथ ही किसी भी तरह की संदिग्ध व्यक्ति पर शक हो तो तुरंत ही पुलिस को सूचित करें। उन्होंने तैनात गार्ड को भी पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी निभाने के लिए कहा।

# राहत : इस वर्ष नहीं पनपा डेंगू फैलाने वाला मच्छर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार** : डेंगू पनपने का समय 20 अगस्त से 20 सितंबर तक माना जाता है। इस बार छह सितंबर तक भी डेंगू का कोई भी मरीज नहीं मिला है। स्वास्थ्य विभाग इसके लिए अगस्त में हुई कम बारिश और अत्यधिक गर्मी को वजहें मान रहा है। इससे डेंगू से अभी तक राहत है।

केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग ने संक्रामक रोगों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को लेकर एक रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं जिसमें सभी जिलों से स्वास्थ्य विभाग को डाटा भेजने के लिए कहा है। नैनीताल जिले का स्वास्थ्य विभाग भी डाटा तैयार रहा है। प्रारंभिक तौर पर डाटा में यह सामने आया है कि इस बार अभी तक डेंगू मरीज का न मिलने का कारण एडीज मच्छर को पनपने के लिए अनुकूल परिस्थितियां नहीं बनना है।

मुख्य तौर पर डेंगू का सीजन 20 अगस्त से शुरू हुआ माना जाता है और 20 सितंबर तक इसका प्रकोप रहता है। सितंबर के बाद भी डेंगू के जो मामले मिलते हैं वह इसी दौरान के होते हैं। उनकी जांच बाद में हो पाती है। 15 अक्टूबर से डेंगू कम होने लगता है लेकिन इस बार राहत की बात यह है कि छह सितंबर तक भी नैनीताल जिले में डेंगू का कोई मरीज नहीं मिला है। डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में डेंगू के तीन मरीजों का उपचार हुआ है लेकिन वह जिले के बाहर से यहां उपचार कराने आए थे। केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग के लिए संक्रामक रोगों पर जलवायु परिवर्तन का जो आकलन किया जा रहा है, उसमें यह भी सामने आया है कि नैनीताल जिले में अगस्त में कम बारिश हुई। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार जिले में अगस्त में सामान्य से 22 प्रतिशत कम बारिश हुई। साथ ही बारिश लगातार न होकर रुक-रुक कर हुई और बीच-बीच में धूप निकलती रही। साथ ही 15 अगस्त के बाद कई दिनों तक अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहा। यह मौसम एडीज मच्छर के लार्वा के पनपने में सहायक नहीं होता है। जिसका फायदा मनुष्यों को मिला है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग को आशंका है कि इस बार डेंगू बीमारी अक्टूबर से नवंबर के दौरान फैल सकती है। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल का कहना है कि जिले में डेंगू का अभी तक कोई मामला नहीं है लेकिन हम अभी भी अलर्ट मोड पर हैं।

### पिछले साल डेंगू के 830 मामले और दो मौतें

**हल्द्वानी** : जिला स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पिछले वर्ष 2023 में डेंगू के नैनीताल जिले में 830 मामले आए थे। यह सभी मरीज एलाइजा रिपोर्ट में पॉजिटिव आए थे और साथ ही दो लोगों की मौत भी हुई थी। ये मौतें हल्द्वानी और काठगोदाम की रेलवे कॉलोनी में हुई थी।

# पत्नी की मौत से दुखी पति ने जहर खाया, मौत

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** बिलासपुर के दोहरिया निवासी साजिद (22वर्ष) पेशे से बढ़ई था। एक साल पहले उसकी शादी मुस्कान के साथ हुई थी। सात दिनों पूर्व मुस्कान की प्रसव के दौरान मौत हो गई थी। प्रसव के बाद पैदा हुआ बच्चा भी नहीं बच सका। तब से वह अवसाद में रहने लगा था। गुरुवार रात साजिद घर की छत पर सोने गया और कुछ देर बाद उसने अपनी चचेरी बहन को फोन पर बताया कि उसने जहर खा लिया है। परिजनों ने उसे डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल हल्द्वानी में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# छोटे भाई को बचाने के लिए गुलदार से भिड़ गया देव

संवाददाता, रामनगर



अस्पताल में भर्ती बालक जयवीर।

**साहस**

- **12 वर्षीय देव ने गुलदार के सिर पर डंडे से वार कर बचाई छोटे भाई जयवीर की जान**
- **छोटा भाई जयवीर का भी अपने पालतू कुत्ते को गुलदार से बचाने के लिए हुआ था सामना**

**अमृत विचार** : गुरुवार शाम ग्राम चोरपानी के समीप बगीचे के किनारे रहने वाले 12 वर्षीय बालक ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए अपने 9 वर्षीय छोटे भाई को गुलदार के जबड़े से निकालकर उसकी जान बचा ली। हालांकि गुलदार के हमले में बालक गम्भीर घायल हो गया, जिसका अस्पताल में उपचार चल रहा है।

बताया जाता है कि 9 वर्षीय जयवीर अपने परिवार के साथ चोरपानी स्थित बगीचे में रहता है। उसके भाई देव ने बताया कि जब उसका छोटा भाई घर के बाहर की लाइट जलाने अपनी झोपड़ी पर पहुंचा तो झोपड़ी के बाहर खाट के नीचे बंधे उनके कुत्ते पर गुलदार ने हमला बोल कर दिया। इस पर जयवीर ने गुलदार से अपने कुत्ते को बचाने के लिए उसे खोलने का प्रयास किया तो गुलदार ने जयवीर पर हमला बोल दिया। जयवीर की चीख सुन जब 12 वर्षीय देव बाहर आया तो देखा कि गुलदार ने जयवीर की टांग को अपने मुंह में दबा रखा है। इस पर देव घर के अंदर से डंडा लाया और उसने गुलदार के सिर पर डंडे से ताबड़तोड़ वार शुरू कर दिए। इस पर गुलदार जयवीर को छोड़कर बगीचे की ओर भाग गया। गुलदार के हमले में घायल जयवीर के हाथ और पैरों में नाखूनों से गहरे घाव हो गए। परिजन उसे रामनगर के सरकारी अस्पताल लाए। घटना से ग्रामीणों में दहशत है। उन्होंने वन विभाग से गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। वहीं, इस घटना के बाद लोगों में वन विभाग के प्रति आक्रोश है, उन्होंने गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजड़ा लगाने की मांग की है ताकि फिर से ऐसी घटना नहीं हो। इधर, जिसको भी देव की बहादुरी का पता चल रहा है, सब उसके साहस की प्रशंसा कर रहे हैं।

# बरहैनी रेंज में मिला बाघ का शव

**कालाढूंगी** : तराई केंद्रीय वन प्रभाग के बरहैनी रेंज के रेंजर प्रदीप असगोला ने बताया कि दोपहर करीब एक बजे गश्त कर रही वन टीम को नाले में बाघ का शव पड़ा मिला। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।


बाद में डॉ. हिमांशु पांगती की टीम ने बाघ के शव का पोस्टमार्टम किया। बाघ के सभी अंग सुरक्षित हैं। बाघ की उम्र करीब 5 वर्ष है। बाघ के सिर पर घाव के ताजे निशान मिले हैं। आपसी संघर्ष में मौत होने का अंदेशा है। बिसरा फोरेंसिक जांच के लिए भेजा है।

**सुविधा**

## अनापत्ति प्रमाण पत्र मिला, छह फीडरों में बांटा जाएगा एक फीडर का लोड

# आईटीआई की जमीन पर बनेगा नया बिजलीघर

रजनी मेहता, हल्द्वानी



**अमृत विचार:** शहर में नए बिजलीघरों को लेकर तस्वीर साफ हो गई है। शहर में नया बिजलीघर आईटीआई की जमीन पर बनेगा। ऊर्जा निगम की ओर से भेजे गए प्रस्ताव पर आईटीआई प्रबंधन, लोक निर्माण विभाग और राजस्व विभाग से सहमति मिल गई है।

प्रस्ताव को शासन से स्वीकृति के लिए प्रशासन को सौंप दिया गया है। ऊर्जा निगम के अनुसार एक बिजलीघर को बनाने में लगभग तीन करोड़ का खर्चा आएगा। वहीं जयपुर पाडली और रेशम विभाग की जमीन को लेकर भेजे प्रस्ताव अभी अनापत्ति नहीं मिलने पर अटके हुए हैं। अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के बाद दोनों बिजलीघरों को लेकर कार्यवाही तेज की जाएगी।

शहरवासियों को बिजली की किल्लत और लो-वोल्टेज की समस्या से छुटकारा दिलाने की कवायद शुरू हो गई है। ऊर्जा निगम का नया 33 केवी का बिजलीघर सबसे पहले आईटीआई डहरिया की जमीन पर बनेगा। निगम ने नए बिजलीघर को लेकर सभी तरह की तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसके तहत निगम की ओर से लाइनों को लेकर सर्वे भी पूरा कर लिया गया है। सर्वे रिपोर्ट के अनुसार डहरिया आईटीआई में बनने वाले नए बिजलीघर तक कमलुवागांजा उपखंड से आठ किमी की बिजली की लाइन बिछाकर 10 मेगा वोल्ट एंपियर (एमवीए) के दो ट्रांसफार्मर रखकर आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। नए बिजलीघर के बनने से कमलुवागांजा व ट्रांसपोर्टनगर बिजलीघरों लोड कम होगा।

### ये बनेंगे नए फीडर

- डहरिया
- जज फार्म
- पीलीकोठी
- मुखानी
- फार्म-तीन, धानमिल
- संगम विहार और हीरानगर

### ग्रिड की तरह होगा लाइनों का इंटर कनेक्शन

लाइनों में ग्रिड की तरह इंटर कनेक्शन करने की तैयारी है। इससे लोड बढ़ने पर ट्रांसफर करने में आसानी होगी। उपभोक्ताओं को सीजन अधिक देर तक समस्या नहीं झेलनी पड़ेगी।

कमलुवागांजा में वर्तमान में 40 हजार उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति होती है लेकिन हर साल बढ़ती जनसंख्या के दबाव के कारण गर्मी में लो-वोल्टेज की समस्या आने लगती है। कई बार लोड बढ़ने पर ट्रांसफार्मर भी फुंक जाते हैं। निगम के अनुसार लोड बढ़ने के दौरान नया बिजलीघर इन समस्याओं से राहत देगा।

> चिन्हित तीन स्थानों में से आईटीआई की जमीन पर प्रबंधन, लोक निर्माण विभाग और राजस्व विभाग से सहमति मिल गई है। अब शासन से स्वीकृति मिलने का इंतजार है। स्वीकृति मिलते ही बिजलीघर का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। - **एएस गर्ब्याल**, मुख्य अभियंता ऊर्जा निगम।

# इंटरनेट की धीमी गति से थमी टेलीमेडिसन सेवा

संवाददाता, हल्द्वानी

- **डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में दूरस्थ क्षेत्रों के मरीजों के लिए शुरू की गई है टेलीमेडिसन की सुविधा**

**अमृत विचार:** डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में दूरस्थ क्षेत्रों व सामान्य मरीजों के लिए टेलीमेडिसन सेवा वर्ष 2007 में शुरू की गई थी। इसमें डॉक्टर मरीजों को फोन पर ही सलाह देते हैं। कोविड-19 में इस सेवा का इस्तेमाल हुआ था लेकिन खराब मौसम और इंटरनेट की स्पीड धीमी होने से अब मरीजों को माह में एक या दो बार ही इसका लाभ मिल रहा है।

एसटीएच में कुमाऊं भर के मरीज आते हैं, यहां ओपीडी में मरीजों की लंबी कतार लगती है। इसको देखते हुए एसटीएच में टेलीमेडिसन सेवा शुरू की और इसरो ने इसका सेटअप लगाया था। वर्ष 2010 से केंद्र सरकार की ओर से एनकेएन नेटवर्क लाया गया और टेलीमेडिसन की सुविधा में काफी सुधार होने की बात कही गई। कोविड में इसका लाभ मिला लेकिन पहाड़ों में इंटरनेट स्पीड कम होने से टेलीमेडिसन के लिए डॉक्टर से मरीज की कांफ्रेस एक या दो बार ही हो रही है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार कोशिश रहती है कि हर माह ज्यादा से ज्यादा टेलीमेडिसन कांफ्रेस हो लेकिन ऐसा नहीं हो पाता है। चिकित्साधीक्षक डॉ. जीएस तितियाल ने बताया कि टेलीमेडिसन सुविधा दूरस्थ क्षेत्रों के मरीजों के लिए काफी फायदेमंद है लेकिन ऑनलाइन कनेक्टिवटी ठीक से नहीं होने से इसमें दिक्कत आ रही है।

## सार-संक्षेप



इनरव्हील क्लब के सदस्यों के साथ सम्मानित शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

### इनरव्हील क्लब ने शिक्षिकाओं को किया सम्मानित

**रामनगर :** शिक्षक समाज का दर्पण है। राष्ट्र के निर्माण में उनकी भूमिका अहम है। यह बात इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष अनुप्रीत कौर ने क्लब के साथियों के साथ शिक्षकों को सम्मानित करते हुए कही। एक समारोह में स्थानीय शिक्षिकाओं को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए इनरव्हील क्लब द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें उषा मिश्रा व ललिता पोखरियाल सरकारी प्राथमिक विद्यालय, नीलू जिंदल एमपीआईसी इंटर कॉलेज, अलका जिंदल फर्स्ट स्टेप स्कूल व स्वाति बंसल को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अध्यक्ष अनुप्रीत कौर, सचिव कविता अग्रवाल, आईएसओ अंजलि जिंदल एडिटर चारुल जिंदल, कोषाध्यक्ष सीमा लखोटिया, सह सचिव संगीता जिंदल, सीएलसीसी मीना मित्तल, नविता, संध्या व अन्य लोग उपस्थित रहे।



आंगनबाड़ी केन्द्र लाखन मंडी में पोषण दिवस पर मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

### आंगनबाड़ी केन्द्र लाखन मंडी में मनाया पोषण दिवस

**चोरगलिया :** लाखन मंडी क्षेत्र चोरगलिया के आंगनबाड़ी केन्द्र में पोषण दिवस मनाया गया। पोषण दिवस का विषय 'सुपोषित किशोरी सशक्त नारी' था। आंगनबाड़ी सुपरवाइजर नीलम नाथ द्वारा महिलाओं और किशोरियों को पोषण के संबंध में जानकारी दी गई। वहीं एएनएम कमला रावत ने किशोरी वह गर्भवती महिलाओं के एनीमिया की जांच की। साथ ही बच्चों का वजन भी किया गया। स्थानीय खाद्य पदार्थों से बने खाद्य व्यंजनों के स्टाल भी लगाए गए। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। आज के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पोषण का प्रचार प्रसार करना था। उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकतियों में यासमीन अंसारी, मनीषा फरतियाल, लक्ष्मी टमता, नीमा बरगली, बेबी परगाई, मीनाक्षी भट्ट, ममता बोरा, पुष्पा कांडपाल, शीला टम्टा, दीपा बिष्ट व आशा वर्कर लता थुवाल उपस्थित रहे।

### कालाढूंगी में आज शुरू होगा गणेश महोत्सव

**कालाढूंगी :** 15वां श्री गणेश महोत्सव शनिवार से शुरू होगा। सुबह कलश यात्रा के साथ गणेश जी की मूर्ति को हनुमान धाम कुआडांट से कालाढूंगी शिव मंदिर लाया जाएगा। यहां विधि विधान से गणेश जी की मूर्ति स्थापित की जाएगी। श्री गणेश महोत्सव सेवा समिति के अध्यक्ष ललित कांडपाल ने बताया कि सप्ताह भर तक मंदिर में शाम को गणेश वंदना, भजन संध्या और भव्य झांकियों का आयोजन किया जाएगा। 13 सितंबर को गणेश जी की मूर्ति का विसर्जन किया जाएगा।

### रामनगर में आज से होगी गणपति बप्पा की धूम

**रामनगर :** शनिवार से राम की नगरी में गणपति बप्पा की धूम रहेगी। आयोजन समिति के देवकी नंदन अग्रवाल ने बताया कि शनिवार प्रात: 7 बजे पायते वाली रामलीला मैदान से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कौशिकी ( कोसी) नदी का जल लेकर पंडाल में पहुचेगी। जहां विघ्नहर्ता गणेश जी की मूर्ति स्थापित की जाएगी। शाम को तीन बजे से महामंडलेश्वर अन्नपूर्णा गिरी जी महाराज व वर्षा नागर उज्जैन द्वारा रामकथा का वाचन होगा।



पुलिस द्वारा पकड़े गए सट्टेबाज। ● अमृत विचार

### पुलिस ने दस सटोरियों को दबोचा

**रामनगर :** पुलिस ने दस सटोरियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। प्रभारी कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि उपनिरीक्षक आसिफ खान के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त के दौरान बम्बाघेर में वाल्मिकी मोहल्ले वाली गली में पहुचे। वहां एक मकान में 10 व्यक्ति सट्टे का अवैध कारोबार करते पाये गए। जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मौके से कुल 20 सट्टा पर्ची बुक, 3600 रुपये नगद तथा सट्टा खेलने का सामान बरामद किया गया। पूछताछ में उन्होंने आरोपियों ने अपना नाम पंकज कुमार, टाण्डा मल्लू पीरुमदारा रामनगर, अमित कुमार भवानीगंज रामनगर, शमशेर सावल्दे पूर्व रामनगर, मोहन चन्द्र बेलगढ़ रामनगर, धनीराम जस्सागांजा रामनगर, पनीराम भवानीपुर बड़ी पीरुमदारा रामनगर, धर्मपाल बेड़ाझाल रामनगर, बनवारी सैनी बैड़ाझाल रामनगर, अर्जुन भवानीपुर बड़ी, साबिर तेलीपुरा बताया। आरोपियों से सट्टा चलाने वाले सट्टा किंग के बारे में पूछताछ की जा रही है जल्द उसको भी गिरफ्त में लिया जाएगा।

### राज्य आंदोलनकारी हरिमोहन को मातृ शोक

**रामनगर :** वरिष्ठ पत्रकार राज्य आंदोलनकारी हरिमोहन मोहन की माता विद्यावती का बीती देर रात देहावसान हो गया। वह 87 वर्ष की थी तथा काफी समय से बीमार थीं। वह अपने पीछे तीन विवाहित पुत्रों और एक पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके ज्येष्ठ पौत्र रेल विकास निगम में संयुक्त महाप्रबंधक (इलैक्ट्रिक) तथा पौत्रवधू उप जिलाधिकारी चकराता के पद पर कार्यरत हैं। उनका रामनगर श्मशान घाट में दाह संस्कार किया गया। उनके पुत्र हरिमोहन मोहन, श्याम शर्मा, किशोर शर्मा ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी, गणेश रावत, पूर्व दर्जा मंत्री पुष्कर दुर्गापाल, डॉ. निशांत पपनै, मनमोहन अग्रवाल, रघुवर दत्त भट्ट, अशोक मौलेखी, बीएन मौलेखी, योगेश सती, डीडी सती, कमल करगेती, ओमप्रकाश खुल्बे सहित विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग उनकी शवयात्रा में शामिल रहे।



विद्यावती।

### तहसील मुख्यालय में आधार केंद्र बंद होने से ग्रामीण परेशान

**गरमपानी :** बेतालघाट क्षेत्र से सटे तमाम गांवों के बाशिंदों की सुविधा के लिए तहसील मुख्यालय में आधार केंद्र स्थापित किया गया। लंबे समय से उठ रही मांग के बाद आधार केंद्र स्थापित होने से क्षेत्रवासियों को लाभ भी मिलने लगा। अब एकाएक केंद्र बंद कर देने से लोग परेशान हैं। केंद्र में आसानी से नए आधार कार्ड के साथ ही कार्ड अपग्रेड होने से गांवो के लोग तहसील पहुंचने लगे थे। अब एकाएक केंद्र बंद कर देने से स्थानीय लोग परेशान हो गए हैं। करीब ढाई महीने से भी अधिक समक्ष से केंद्र संचालित न होने से सैकड़ों गांवों के लोग हल्द्वानी, रानीखेत, अल्मोड़ा, काशीपुर, नैनीताल, भवाली जाने को मजबूर हैं। आवाजाही में ही पैसे व समय की बर्बादी हो जा रही है। ग्राम प्रधान व ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश सचिव शेखर दानी के अनुसार आधार कार्ड केंद्र बंद होने से हजारों लोग परेशान है। गांवों के बाशिंदों के हितों से खिलवाड़ किए जाने का आरोप भी लगाया। शेखर दानी ने जल्द केंद्र पूर्व की भांति संचालित किए जाने की मांग उठाई है। चेताया है की यदि जल्द केंद्र संचालित नहीं किया गया तो फिर पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों को साथ लेकर आंदोलन का बिगुल फूंक दिया जाएगा।

# वन ग्रामों से बेदखली का नोटिस वापस ले सरकार

## वन अधिनियम 1927 के संशोधन उत्तरांचल 2002 को रद करने की मांग

संवाददाता, रामनगर

**09** सितंबर को विधायक कार्यालय पर प्रदर्शन को लेकर बनाई रणनीति

**अमृत विचार:** वन ग्राम पूछड़ी, कालूसिद्ध क्षेत्र से बेदखली के नोटिस वापस लेने के अलावा राजस्व, वन, सिंचाई विभाग द्वारा जनता के आवासों को तोड़ने से रोकने के लिए 9 सितंबर को विधायक आवास पर धरना-प्रदर्शन करने को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों व विभिन्न संगठनों की बैठक संपन्न हुई। तय हुआ कि धरना- प्रदर्शन के साथ ही विधायक को ज्ञापन भी दिया जाएगा।

बैठक में संयुक्त संघर्ष समिति ने उत्तराखंड सरकार द्वारा वर्ष 2002 में लाया गया वन अधिनियम 1927, संशोधन उत्तरांचल 2002 को संविधान एवं न्याय के सिद्धांत के खिलाफ बताते हुए इसे रद करने की मांग की। समिति ने कहा कि इस क्रूर कानून के तहत जो वनाधिकारी ग्रामीणों को 61 ए के तहत बेदखली का नोटिस दे रहे हैं, वही अधिकारी इस नोटिस पर न्यायालय के रूप में सुनवाई भी कर रहे हैं। नोटिस देने वाले वनाधिकारी न्यायालय के रूप में सुनवाई करने पर अपने खिलाफ फैसला कैसे दे सकते हैं। यही कारण है कि तराई पश्चिमी के वनाधिकारी वन भूमि पर बसे सभी लोगों को बेदखली के आदेश पारित कर रहे हैं। अतः उत्तराखंड में विशेष तौर पर बनाए गए वन अधिनियम 1927 संशोधन उत्तरांचल 2002 को सरकार तत्काल रद करें और वन अपराध से संबंधित अपराधों की सुनवाई अन्य राज्यों व वर्ष 2002 से पूर्व की भांति सिविल न्यायालयों में की जानी सुनिश्चित करें।

समिति ने कहा कि उत्तराखंड में सरकार सड़क चौड़ी करने, आल वेदर रोड बनाने, जल विद्युत परियोजनाओं के नाम पर व वन भूमि पर बसे लाखों लोगों को उनके घरों व कारोबार से बेदखल कर रही है। विकास के नाम पर जनता का विनाश किया जा रहा है। पूछड़ी के बाद हल्द्वानी बागझाला में भी लोगों को वन विभाग द्वारा नोटिस दिये जा रहे हैं।

अतः सभी को एकजुट होकर संघर्ष करने की जरूरत है। बैठक में उपपा नेता प्रभात ध्यानी, समाजवादी लोक मंच के मुनीष कुमार, पछास के रवि, आइसा के सुमित, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र की तुलसी छिंबाल, महिला एकता मंच की सरस्वती, कौशल्या, ठेका मजदूर कल्याण समिति के किशन शर्मा, सीमा, दुर्गा, कला, ज्योति, जुबेर, गणेश, शबीना, सीमा समेत बड़ी संख्या लोग मौजूद रहे।

## सिरसा गांव में तेंदुए का आतंक, लगाया पिंजरा

**गरमपानी :** अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाइवे से सटे रामगढ़ ब्लॉक के गांवों में गुलदार को पकड़ने के लिए सिरसा गांव के समीप पिंजरा लगा दिया गया है।

हाइवे से सटे सिरसा, नैनीपुल व खीनापानी गांव में पिछले कई दिनों से गुलदार द्वारा पशुपालकों के मवेशियों को मार डालने से गांवों में दहशत है। वन विभाग ने अंधेरे वाले स्थानों पर तीन सोलर लाइटें भी स्थापित की हैं। वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार आर्या के नेतृत्व में वन विभाग की टीम पिंजरा लेकर सिरसा गांव पहुंची। रेस्क्यू सेंटर रानीबाग से पहुंची टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से गांव के समीप पिंजरा स्थापित किया। वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार के अनुसार पिंजरे की निगरानी को टीम मुस्तैद कर दी है। साथ ही गश्त तेज करने के निर्देश भी दिए गए हैं। वन क्षेत्राधिकारी ने गुलदार के कैद होने तक अहतियात बरतने का आह्वान ग्रामीणों से किया। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कुबेर सिंह जीना, वन दरोगा संजय कुमार टम्टा, वन रक्षक विपिन बिष्ट, वाचर दीवान सिंह, बालमुकुंद जीना आदि मौजूद रहे।



राजकीय आयुर्वेदिक हॉस्पिटल हल्दूचौड़ में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 40 लोगों का परीक्षण किया

संवाददाता, हल्दूचौड़

**अमृत विचार:** आयुष हेल्थ एवं वैलनेस के अंतर्गत राजकीय आयुर्वेदिक हॉस्पिटल हल्दूचौड़ द्वारा दुर्गापालपुर परमा गांव में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 40 लोगों का परीक्षण किया गया।

शिविर में बीपी, शुगर एवं पेट की तकलीफ, शारीरिक दर्द एवं मौसमी बीमारियों की निशुल्क जांच की गई एवं दवाइयां का वितरण किया गया। आयुष हेल्थ एवं वैलनेस के वर्तमान प्रभारी डॉक्टर दीपक गिरी गोस्वामी ने आयुर्वेद और योग चिकित्सा के विभिन्न गुणों के बारे में लोगों को बताया। साथ ही इसका लाभ उठाने की सलाह दी। इसके अलावा इस शिविर में आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट शंभू प्रसाद कांडपाल, योग अनुदेशक दीपक पांडे, समाजसेवी एवं सामाजिक कार्यकर्ता गोविंद बल्लभ भट्ट, आशा कार्यकर्ता मीना मिश्रा ने अपना पूर्ण योगदान दिया।

शिविर में दरयाब सिंह, चंपा देवी, बी पी जोशी, मीना कुमारी, आर सी जोशी, रमेश मिश्रा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## क्रिकेट में लखनपुर और गौरव पैथोलॉजी जीते मैच

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** रहमान क्लब द्वारा आयोजित रात्रिकालीन टी-10 टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय खताड़ी के मैदान में रात्रि को पहला मैच चांद क्लब रामनगर व लखनपुर वॉरियर्स टीम के मध्य खेला गया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनपुर वॉरियर्स की टीम मात्र 48 रनों पर ऑलआउट हो गई। लखनपुर टीम के लिए कपिल सैनी ने 15 व महेश थापा ने 14 रनों का योगदान दिया। चांद क्लब रामनगर टीम की ओर से राजा सलमानी व आरिश दाऊद ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। 49 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए चांद क्लब रामनगर की टीम निर्धारित 10 ओवर में मात्र 45 रन का स्कोर ही बना पाई। जिसमें भूपेंद्र ने सर्वाधिक 25 रन बनाए। लखनपुर टीम के लिए पुनीत बुरारी ने 3 व मयंक रत्नाकर ने 2 विकेट लिए। इस मैच को लखनपुर टीम ने 3 रनों से जीतकर अगले चक्र में प्रवेश किया। पुनीत बुरारी मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरा मैच गौरव पैथोलॉजी रामनगर व तिब्बत क्लब रामनगर के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए तिब्बत क्लब रामनगर की ने निर्धारित 10 ओवर 7 विकेट पर 71 रनों का स्कोर बनाया। जिसमें बबलू अनवर अंसारी ने सर्वाधिक 25 रनों का योगदान दिया। गौरव पैथोलॉजी की ओर से रब्बू रावत ने 3 व श्याम रावत ौर कप्तान डॉ. गौरव ने 1-1 विकेट प्राप्त किए। 72 रनों के लक्ष्य को गौरव पैथोलॉजी टीम ने 9 वें ओवर में ही 4 विकेट के नुकसान पर प्राप्त कर मैच जीत लिया। गौरव पैथोलॉजी टीम के लिए मयंक अग्रवाल ने सर्वाधिक 25 व मोहसिन खान ने 19 रन बनाए। तिब्बत क्लब रामनगर की ओर से मो. फैज़ान ने 2 व हाफ़िज रिज़वान ने 1 विकेट लिया। रब्बू रावत मैन ऑफ द मैच रहे।

## डोबा व मझोड़ा मार्ग बदहाल, लोग परेशान

**गरमपानी :** रातीघाट- बेतालघाट मोटर मार्ग से डोबा व मझेड़ा गांव को सड़क से जोड़ने के लिए वर्षों पूर्व बनाई गई सड़क देखरेख के अभाव में बदहाल है। सुरक्षित यातायात के कोई भी उपाय मोटर मार्ग में नहीं है वहीं जगह-जगह गड्ढे व बरसाती पानी की निकासी को बनाए गए रपटे ध्वस्त होने से बड़ी घटना का अंदेशा बना हुआ है।

देश की आजादी में अहम योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के मझेडा तथा समीपवर्ती डोबा गांव के बाशिंदे कई बार मोटर मार्ग को दुरुस्त करने की मांग भी उठाई चुके हैं बावजूद सिस्टम अनदेखी पर आमादा है। जिम्मेदारों अधिकारियों की अनदेखी का खामियाजा दोनों गांवों के सैकड़ों परिवारों को भुगतना पड़ रहा है। बारिश होने के साथ ही जोखिम कई गुना बढ़ जा रहा है। गांवों के बाशिंदे रोजाना बच्चों को गरमपानी व खैरना क्षेत्र में स्थित निजी व सरकारी विद्यालयों में पहुंचाते हैं। मोटर मार्ग खस्ताहाल होने से नौनिहालों को भी खतरा बना हुआ है।

## जीआईसी कोटाबाग में कृषि प्रवक्ता की नियुक्ति की मांग

**चेतावनी**

- एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने बीईओ के जरिये भेजा सीईओ को ज्ञापन
- मांग पूरी न होने पर आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी

संवाददाता, कालाढूंगी



कोटाबाग में खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देते एबीवीपी कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** शुक्रवार को पीएम आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज कोटाबाग में कृषि विषय के प्रवक्ता की नियुक्ति की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कोटाबाग इकाई के कार्यकर्ताओं ने खंड शिक्षा अधिकारी कोटाबाग के माध्यम से मुख्य शिक्षा अधिकारी नैनीताल को ज्ञापन भेजा।

पीएम आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज कोटाबाग में इंटरमीडिएट स्तर के बच्चों के लिए कृषि विषय की पढ़ाई भी कराई जाती है। कृषि विषय वाला यह जिले का एकमात्र इंटर कॉलेज है। वर्तमान में इस विद्यालय में कृषि विषय के 100 से अधिक बच्चे अध्ययनरत हैं। पूर्व कृषि प्रवक्ता के स्थानांतरण हो जाने से कृषि प्रवक्ता का पद खाली है। जिससे बच्चों की पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ा रहा है। कार्यकर्ताओं ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन समिति ने स्थानीय स्तर पर एक शिक्षक को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत रखा है।

इस व्यवस्था का आर्थिक वहन अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा किया जाता है। जिससे बच्चों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। कहा कि यदि शीघ्र कृषि प्रवक्ता की नियुक्ति नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

ज्ञापन देने वालों में पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चंद्रप्रकाश सनवाल, पूर्व नगर अध्यक्ष कमल बोहरा, जिला सहसंयोजक रितु नेगी, पूर्व विश्वविद्यालय प्रतिनिधि ललित मोहन जोशी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष हेमंत सिंह कपकोटी, दीपक बधानी, प्रियंका पांडे, कंचन सनवाल, सूरज सनवाल, सुनील रावत, गुंजन पांडे मौजूद रहे।

## अवैध खनन करते तीन वाहन पकड़े

**रामनगर:** बीती रात वन कर्मियों ने कालूसिद्ध क्षेत्र नदी अवैध खनन करते तीन वाहनों को पकड़कर पपड़ी क्षेत्र में स्थित वन चौकी परिसर में खड़ा किया है। प्रकाश चंद आर्या प्रभागीय वन अधिकारी तराई पश्चिमी वन प्रभाग ने बताया कि बीती पांच सितंबर की रात लगभग साढ़े बारह बजे वन सुरक्षा बल स्टाफ द्वारा रात्रि गश्त के दौरान कालू सिद्ध नदी क्षेत्र से वाहन रजिस्ट्रेशन संख्या वाईयूए 04 8991 पिकअप व यूके, 12 सी ए 0381 टाटा 407, यूके04 सीए 2777 महिंद्रा लोड किंग को अवैध खनन करते पकड़ा। तीनों वाहनों को वन अभिरक्षा में लेकर पापड़ी चौकी परिसर में खड़ा किया गया।

**सड़क पर जोखिम**



इन्हें न अपनी जान की फिक्र न दूसरों की। जी हां, ये जनाब अपनी बाइक पर जनरेटर को बांधकर हल्द्वानी कालाढूंगी मार्ग में दौड़ाकर हादसे को दावत दे रहे हैं। नैनीताल चौराहे में हमेशा पुलिस तैनात रहती है। मगर इन्हें रोकने-टोकने वाला कोई नहीं है। **छाया : गोपाल बिष्ट।**

## पुलिस टीम ने अभियान चलाकर वाहन चालकों के किए चालान

**गरमपानी :** खैरना पुलिस की टीम ने कोतवाल भवाली डीआर वर्मा की अगुवाई में हाइवे पर छड़ा के समीप विशेष चेकिंग अभियान चलाया। तेज रफ्तार, बगैर कागजात, बगैर हेलमट, मानक से अधिक यात्री बैठाने वाले तीस वाहन चालकों के ताबड़तोड़ चालान किए गए।

पुलिस टीम ने वाहनों में नियम विरुद्ध लगाई गई काली फिल्में भी उतार सख्त हिदायत दी। पुलिस टीम ने शांति व्यवस्था भंग करने वालों को भी चिह्नित कर 25 चालान किए। पुलिस टीम के एकाएक एक्शन मोड में आने से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। कोतवाल डीआर वर्मा ने वाहन चालकों को यातायात के नियम समझा पालन करने का आह्वान किया। पुलिस टीम को नियमों का उल्लघंन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार, एएसआई हरभजन राणा, राजेंद्र सती, जगदीश धामी, प्रयाग जोशी आदि मौजूद रहे।

## काकड़ीघाट में बुनियादी सुविधाएं न होने से दिक्कत

संवाददाता, गरमपानी

**अनदेखी**

- बाजार क्षेत्र में एक अदद कूड़ेदान तक स्थापित नहीं
- सुलभ शौचालय की सुविधा न होने से पर्यटक परेशान

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर स्थित काकड़ीघाट क्षेत्र में पर्यटकों व श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ने लगी है। क्षेत्र में बाबा नीम करौरी आश्रम, स्वामी विवेकानंद तपोस्थली व सुप्रसिद्ध श्री कर्कटेश्वर महादेव मंदिर होने से रोजाना सैकड़ों पर्यटक व श्रद्धालु काकड़ीघाट पहुंचते हैं।

बाजार क्षेत्र में कूड़ा एकत्र करने की व्यवस्था न होने से पूरे बाजार क्षेत्र में कचरा बिखरा रहता है। कई बार स्थानीय लोग बाजार क्षेत्र में कूड़ेदान स्थापित किए जाने तथा सुलभ शौचालय व पर्यावरण मित्र की तैनाती की मांग भी उठा चुके हैं बावजूद सुध नहीं ली जा रही है। अवस्थाएं होने से व्यापारियों को खुद ही पूरे बाजार क्षेत्र की साफ-सफाई को मजबूर हो जा रहे हैं। व्यापारियों का आरोप है की जिला पंचायत प्रतिवर्ष शुल्क भी वसूलता है बावजूद सुविधाएं शून्य है। एक अदद कूड़ेदान भी बाजार में स्थापित नहीं किया जा सका है जबकि जिला पंचायत जागरुकता कार्यक्रमों के जरिए स्वच्छत भारत अभियान के दावे भी करता है। बाजार क्षेत्र में सुविधाएं उपलब्ध न होने से श्रद्धालुओं व पर्यटकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारी नेता गोपाल सिंह कनवाल, मोहन सिंह, राम सिंह, हेम, प्रताप सिंह, महेंद्र सिंह, कैलाश सिंह, खड़क सिंह, हरीश सिंह, हीरा सिंह, नारायण सिंह आदि ने पर्यटकों व श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया है। चेताया है कि यदि अनदेखी की गई तो फिर आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

## कॉलोनियों में जलभराव से राहत नहीं मिलने पर किया प्रदर्शन

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** गैरवैशाली की कॉलोनियों में हो रहे जलभराव को लेकर दर्जनों लोगों ने शुक्रवार को वन चौकी के पास प्रदर्शन किया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने सिंचाई विभाग से पत्र मिलने के बाद लोगों ने वार्ता की। इस दौरान सिंचाई विभाग से मिले पत्र के बारे में देते हुए देवकी विहार समिति संयोजक रमेश पांडे ने बताया कि निविदाओं में प्रपत्रों में कमीं मिलने के कारण कॉलोनियों में होने वाले कार्य को रद्द कर दिया है। कहा कि अगली निविदा 19 जुलाई को खोली जाएगी। कहा कि इससे पूर्व भी दो निविदा निरस्त हो चुकी है लेकिन प्रशासन की ओर से समाधान की संवेदनशीलता को देखते हुए समिति की ओर से सहयोग किया जा रहा है। इस दौरान चंद्रकला कन्याल, छाया भंडारी, बहादुर सिंह, नरेंद्र कुमार, धनी राम, अनुज आदि मौजूद रहे।

## जिले को मिले 14 कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर

हल्द्वानी/देहरादून

**तैनाती**

- पूरे प्रदेश में 197 कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर को मिलेगी तैनाती

अमृत विचारः उत्तराखंड में स्वास्थ्य विभाग को 197 कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) मिले हैं। एचएनबी उत्तराखंड मेडिकल यूनिवर्सिटी ने द्वितीय चरण की काउंसलिंग के बाद चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी की है। सभी चयनित सीएचओ की प्रदेश के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में तैनाती दी जायेगी।

स्वास्थ्य विभाग की मांग पर एचएनबी उत्तराखंड मेडिकल यूनिवर्सिटी ने सीएचओ के 238 पदों के लिये द्वितीय चरण काउंसलिंग आयोजित की, जिसमें 197 अभ्यर्थियों की अंतिम चयन सूची जारी हुई। चयनित अभ्यर्थियों में अल्मोड़ा जनपद में 16, बागेश्वर में 17, चमोली में 16, चंपावत में 5, देहरादून में 40, हरिद्वार में 22, नैनीताल में 14, पौड़ी गढ़वाल में 31, पिथौरागढ़ में 12, रूद्रप्रयाग में 2, टिहरी मे 1, ऊधमसिंह नगर में 15 और उत्तरकाशी जिले के लिए छह 6 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार प्रदेश के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में गत वर्ष 1683 पदों के सापेक्ष 1515 सीएचओ की तैनाती की गई थी। इनमें से कुछ अभ्यर्थियों का चयन नर्सिंग अधिकारी पद पर हो जाने से सीएचओ के पद रिक्त हो गये थे। ऐसे में विभाग ने विश्वविद्यालय को सीएचओ के रिक्त पदों के भरने के लिये द्वितीय चरण की काउंसलिंग करने की जिम्मेदारी सौंपी थी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि सरकार का लक्ष्य सीएचओ की तैनाती कर आम लोगों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराना है।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Address : Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly, 243006 (U.P.)
FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCES
FACULTY REQUIRED
Application are invited for the post of Associate Professor/ Assistant Professor in the Department of Paramedical Sciences.
Qualification M.Sc. RIT And M.Sc. Optometry Experience As Per UGC Norms.
The candidates with requisite qualification & good academic track can submit their application within 15 days to Email-facultyofparamedicalsciences@gmail.com
Contact Detail:- 8865080485
Principal
Faculty Of Paramedical Sciences

### जल भराव वाले क्षेत्रों में ब्लीचिंग पाउडर का किया छिड़काव, कॉलोनीवासियों को भी डेंगू-मलेरिया जैसी बीमारियों के प्रति किया जागरूक

# हल्द्वानी रेलवे कॉलोनी पहुंचा नगर निगम, फॉगिंग करवाई

**खबर का असर**

संवाददाता, हल्द्वानी


हालात | हल्द्वानी में डेंगू के दो कार्ड पॉजिटिव मरीज मिलने से स्वास्थ्य विभाग हुआ अलर्ट
डेंगू : रेलवे कॉलोनी में अभी तक नहीं सुधरे हालात, पनप रहे मच्छर
अभी नहीं आई एलाइजा रिपोर्ट


नगर निगम की ओर से खबर छपने के बाद लगाया गया मैनहोल का ढक्कन।


सावधान! बाजार में खुले हैं सीवर चैंबर और मैनहोल
मुख्य मार्गों और बाजार क्षेत्र की पड़ताल के दौरान नजर आई समस्या, सार्वजनिक स्थलों पर लोगों को आवाजाही करने में हो रही परेशानी

1 **अमृत विचार :** रेलवे कॉलोनी में नगर निगम की टीम ने पहुंचकर ब्लीचिंग का छिड़काव किया और फॉगिंग की। लोगों को मच्छरों की रोकथाम को लेकर जागरूक किया।

शुक्रवार को अमृत विचार के अंक में 'डेंगू: रेलवे कॉलोनी में अभी तक नहीं सुधर रहे हालात, पनप रहे मच्छर' शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया था। हल्द्वानी रेलवे कॉलोनी में विगत वर्ष डेंगू के कई मरीज आए थे और साथ ही एक मरीज की मौत भी हुई थी। यहां मच्छरों के पनपने के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार 72 हजार लीटर का एक ओवरहेड टैंक है। जिससे पानी टपकता रहता है और काफी मात्रा में नीचे जलभराव हो जाता था। इस साल भी यहां यही हाल हैं। अमृत विचार ने मौके पर पहुंचकर इसकी पड़ताल की।समाचार प्रकाशित होने पर शुक्रवार को ही नगर निगम की टीम हल्द्वानी रेलवे कॉलोनी पहुंची। यहां फॉगिंग की गई। साथ ही जलभराव वाले स्थान पर फॉगिंग की गई। ब्लीचिंग पाउडर भी डाला गया। वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल ने बताया कि लोगों को मच्छरों की रोकथाम को लेकर जागरूक भी किया गया है। लोगों से कहा गया कि वह घर के आस-पास झाड़ियां बढ़ी नहीं होने दें।


रेलवे कॉलोनी में डेंगू से बचाव के लिए दवा का छिड़काव करता नगर निगम का कर्मचारी।

## मैनहोल चैंबरों के ढक्कन और जाली लगाए

2 **हल्द्वानी :** नगर निगम ने शहर में सार्वजनिक स्थानों में सीवर मैनहोल के ढक्कनों और जालियां लगाना शुरू कर दिया है। खुले सीवर चैंबरों और नालियों में कई जगह जालियां नहीं थीं। साथ ही कई जगह तो रात के समय प्रकाश की भी व्यवस्था नहीं थी। इस वजह से राहगीर चोटिल होते रहते थे। 12 अगस्त को अमृत विचार ने जनसमस्याओं को उजागर करते हुए बाजार में खुले सीवर चैंबरों और नालियों की जाली की समस्या को लेकर 'सावधान बाजार में खुले हैं सीवर चैंबर और मैनहोल' शीर्षक के साथ प्रमुखता से प्रकाशित किया था। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम के पास मैनहोल और जालियों की कमी है। खबर प्रकाशित होने के बाद इसके बाद नगर निगम ने इस पर संज्ञान लेते हुए सीवर चैंबरों और नालियों के ढक्कनों को लगाना शुरू कर दिया है, क्षतिग्रस्त मैनहोल वगैरह की मरम्मत कराई जा रही है। सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने बताया कि निगम की ओर से सार्वजनिक स्थानों पर खुले सीवर और नालियों की जाली को ठीक कराया जा चुका है।

## सार-संक्षेप


बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रतिनिधि यूओयू के शिक्षकों को सम्मानित करते हुए।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने शिक्षकों को किया सम्मानित

**हल्द्वानी :** बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने क्षेत्रीय कार्यालय में शिक्षक दिवस समारोह किया। इस मौके पर जिले में स्थित बैंक की सभी शाखाओं ने अपने नजदीकी स्कूलों में जाकर शिक्षकों को सम्मानित किया। साथ ही बैंक की ओर से मुक्त विश्वविद्यालय में भी एक कार्यक्रम किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रमुख समीर कुमार ओझा ने सभी शिक्षकों को सम्मानित किया और समाज में उनकी ओर से किए जा रहे योगदान के लिए आभार जताया। इस दौरान कुलपति ओपीएस नेगी, कुलसचिव खेम चंद्र भट्ट मौजूद रहे।

### काठगोदाम में बारिश से मौसम सुहावना

**हल्द्वानी :** काठगोदाम और रानीबाग में बारिश से मौसम सुहावना हो गया। बाकी शहर में भी ठंडी हवा चली। मौसम विभाग ने आगे भी बारिश जारी रहने का अनुमान जताया है। शुक्रवार को हल्द्वानी में सुबह से ही बादल छाए थे। दोपहर बाद बारिश होने का मौसम बनने लगा। अपरान्ह के समय काठगोदाम, रानीबाग, शीशमहल, पॉलीशीट इलाकों में कुछ देर तक बारिश हुई। बारिश होने से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार आगे भी बारिश होने का अनुमान है।

### आवास-विकास में मरम्मत जारी, तीन टैंकर पानी बांटा

**हल्द्वानी :** जल संस्थान का नलकूप खराब होने से शुक्रवार को भी आवास–विकास में उपभोक्ताओं को पेयजल किल्लत झेलनी पड़ी। इस दौरान उपभोक्ताओं को पानी के लिए टैंकरों का इंतजार करना पड़ा। लोगों में जल संस्थान के खिलाफ नाराजगी बनी रही। जल संस्थान के सहायक अभियंता नीरज तिवारी ने बताया कि नलकूप की मरम्मत के प्रयास किए जा रहे हैं। सुबह गौला की पेयजल लाइन से पानी बांटने के बाद दोपहर में तीन टैंकरों से पानी बांटा गया है। मरम्मत तेजी से की जा रही है। रविवार शाम तक नलकूप से पानी मिलने की उम्मीद है।


स्वामी विवेकानंद स्कूल में शिक्षक दिवस कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे। ● अमृत विचार

### बच्चों को बताया शिक्षक दिवस का महत्व

**हल्द्वानी :** कुसुमखेड़ा स्थित स्वामी विवेकानंद अकादमी में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। बच्चों ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन के बारे में बताया। मंच का संचालन अंजली और लक्षिता ने किया। खेल गतिविधियों में भी बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य रेनू मेहरा ने बच्चों को शिक्षक दिवस का महत्व बताया।

### निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन कल

**हल्द्वानी :** फिजियोथेरेपी दिवस पर मुखानी स्थित डॉ. अंकिता हेल्थ केयर सेंटर पर 8 सितंबर रविवार को सुबह 9 बजे से निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में ब्लड शुगर, यूरिक एसिड, बीपी, हड्डी रोग से संबंधित जांच व परामर्श दिए जाएंगे।इसमें डॉ. अंकिता चांदना, डॉ. पीके कुच्छल, डायटीशियन रितु चांदना शामिल होंगी।

### अब दूसरे राउंड में शुरू होंगे प्रवेश

**हल्द्वानी :** राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में दूसरे राउंड में प्रवेश होंगे। शनिवार से केंद्रीय कोटे से प्रवेश होंगे। अभी तक 94 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया है, जिसमें 87 ने प्रवेश लिया है। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि शुक्रवार को किसी भी छात्र ने प्रवेश नहीं लिया है।

# मुकेश बोरा की शीघ्र गिरफ्तारी नहीं होने पर दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

### महिला कांग्रेस कार्यकत्रियों ने लालकुआं कोतवाली में दिया सांकेतिक धरना, नारेबाजी

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार :** धामी सरकार में बढ़ते महिला अपराधों व अधिकांश अपराधों में भाजपा नेताओं की संलिप्तता पर महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कोतवाली परिसर में सांकेतिक धरना दिया। साथ ही भाजपा नेता व नैनीताल दुग्ध संघ के पूर्व अध्यक्ष मुकेश बोरा की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कोतवाल दिनेश चंद्र फर्त्याल को ज्ञापन सौंपा।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता बीना जोशी के आह्वान पर आज लालकुआं बिंदुखत्ता क्षेत्र की करीब डेढ़ दर्जन महिला कार्यकर्ता कोतवाली लालकुआं पहुंची और उन्होंने कोतवाली के मुख्य द्वार पर सांकेतिक धरना शुरू कर दुग्ध संघ में कार्यरत महिला के यौन शोषण के आरोपी भाजपा नेता नैनीताल दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा की गिरफ्तारी की मांग को लेकर नारेबाजी की। उन्होंने कोतवाल दिनेश फर्त्याल को ज्ञापन सौंपा और आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। महिलाओं का कहना था कि जब पुलिस द्वारा मुकदमे में पॉक्सो की धाराएं बढ़ा दी गयी हैं तो अब गिरफ्तारी में देरी क्यों? उन्होंने कहा कि शीघ्र आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई तो वह आंदोलन को विवश होंगी। कोतवाली परिसर में धरना देने वालों में कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता बीना जोशी, प्रदेश सचिव उर्मिला मिश्रा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष राधा दानू, हेमा आर्या, फूला देवी, दीपा बिष्ट, प्रेमा देवी, नीमा देवी, गंगा दानू, कुंती देवी, अंजलि, माया देवी, नेहा रजनी, देवकी देवी सहित कई महिलाएं शामिल रहीं।


लालकुआं कोतवाली पर धरना देतीं महिला कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# डीएम के निर्देश नहीं माने काठगोदाम-हल्द्वानी पुलिस ने

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी वंदना सिंह के आवासीय कॉलोनियों में रिक्त प्लॉटों पर अराजक तत्वों के जमावड़े की रोकथाम के लिए दिए निर्देशों को काठगोदाम थाना पुलिस व हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने हवा में उड़ा दिया। नगर मजिस्ट्रेट के निरीक्षण में इसका खुलासा हुआ है। अब उन्होंने पुलिस अधीक्षक नगर को पत्र लिखकर त्वरित कार्रवाई को कहा है।

सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी ने पुलिस अधीक्षक नगर प्रकाश चंद्र को पत्र लिखकर कहा कि डीएम वंदना सिंह ने 16 अगस्त को काठगोदाम थाने के अंतर्गत शीशमहल, पॉलीसीट, तुलसीनगर और 30 अगस्त को कोतवाली के अंतर्गत बद्रीपुरा, कोहली कॉलोनी का भ्रमण किया था। इस दौरान महिलाओं ने डीएम को शिकायत करते हुए बताया था कि आवासीय कॉलोनियों में रिक्त प्लॉट नशेड़ियों का अड्डा बन गए हैं। दिन भर अराजक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। अराजक तत्व महिलाओं, छात्राओं व बच्चों पर अशोभनीय टिप्पणी करते हैं। वाहनों की पार्किंग की आड़ में अनैतिक काम होते हैं। इस पर डीएम ने निरीक्षण में मौजूद पुलिस अधिकारियों को इस संबंध में उचित कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि बीती तीन सितंबर को उन्होंने उक्त स्थानों का स्वयं निरीक्षण किया तो महिलाओं की शिकायतें सही मिली। रिक्त प्लॉटों पर नशेड़ियों का जमावड़ा था व अवैध ढंग से वाहन खड़े थे। स्थानीय लोगों ने अवगत कराया कि पुलिस की ओर से कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने पुलिस को इस संबंध में कार्रवाई के लिए कहा है। साथ ही कहा गया है कि रिक्त प्लॉटों के स्वामी के साथ वार्ता कर वहां पर तारबाड़, सीसीटीवी कैमरे, रोशनी लगवाएं। यदि वे सुरक्षात्मक काम नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 के अनुसार कार्रवाई होगी।

# ग्रामीणों ने कहा, खेतों और घरों के बीच से नहीं निकलने देंगे रिंग रोड

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** रिंग रोड परियोजना को ग्रामीणों के खेतों और मकानों से होकर ले जाने का ग्रामीणों ने विरोध किया है। ग्रामीणों ने अपनी लड़ाई के लिए समिति का भी गठन किया।

शुक्रवार को रामलीला मैदान रामपुर रोड गन्ना सेंटर में ग्रामीणों ने बैठक की। प्रभावित ग्रामीणों और किसानों ने कहा कि मोटाहल्दू गन्ना सेंटर लामाचौड़ से रिंग रोड बनाए जाने की योजना है। विगत दो सितंबर को लोक निर्माण विभाग की टीम गन्ना सेंटर चौराहे की दुकान पर पहुंची थी और उसने स्थानीय लोगों को बताया कि रिंग रोड फाइनल हो गई है जो खेतों और आबादी वाले हिस्से से जाएगी। मनोहर बेलवाल ने कहा कि सरकार रिंग रोड को जंगल किनारे से निकाले। जिससे ग्रामीणों और किसानों के खेत और मकान बर्बाद न हों। इस मौके पर किसान-मकान संघर्ष समिति का भी गठन किया। जिसका नेतृत्व कार्तिक उपाध्याय करेंगे। साथ ही राहुल उपाध्याय और लक्ष्मण सिंह बोरा को भी जोड़ा गया है। जिला पंचायत सदस्य उपाध्यक्ष आनंद सिंह दरम्वाल ने कहा कि इस संदर्भ में सरकार से वार्ता की जाएगी। बैठक में कई गांवों के लोग मौजूद रहे।


गन्ना सेंटर के पास स्थित रामलीला मैदान में बैठक करते किसान और मकान मालिक।

# महिला पुलिस दर्ज करे महिला अपराध मामले

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक अपराधक हरबंस सिंह ने अपराधों पर लगाम लगाने के लिए बैठक की। इस दौरान कानूनों के क्रियान्यवन में तीन नए कानूनों की जानकारी दी गई। शुक्रवार को कोतवाली के सभागार में एसपी क्राइम सिंह ने कहा कि थानों में महिला संबंधी अपराधों के मामले में पंजीकरण प्रत्येक दशा महिला अधिकारी ही करेगी। इस नियम को सख्ती के साथ लागू किया जाए। थानों में पंजीकृत प्रत्येक अपराधों में क्राईम सीन की ऑडियो और वीडियो की रिकॉर्डिंग को सुरक्षित रखा जाए। किसी भी तलाशी, जब्ती के दौरान ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग करना अनिवार्य है। इसे सभी विवेचक गंभीरता से लें। इस दौरान कोतवाल उमेश कुमार मलिक भी थे।

# कॉलेज के गेट पर खड़े रहते हैं शोहदे

संवाददाता हल्द्वानी

**अमृत विचार :** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जीजीआईसी में आयोजित कार्यशाला में बच्चियों ने कहा छुट्टी के समय गेट के पास शोहदे खड़े रहते हैं। ऐसे में आवाजाही में असहजता महसूस होती है। जिलाधिकारी वंदना के निर्देशों पर आयोजित कार्यशाला में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत बालिकाओं द्वारा असुरक्षित स्थानों के चिन्हीकरण विषय में हुई कार्यशाला में छात्राओं ने शहर में 32 स्थानों को असुरक्षित बताया।

अपर निदेशक, प्रशिक्षण ऋचा सिंह और बाल विकास अधिकारी शिल्पा जोशी को बालिकाओं ने बताया कि जब वह स्कूल से बाहर निकलती हैं तो उन्हें गेट के बाहर ही लड़कों छेड़खानी और टिप्पणियों से दो-चार होना पड़ता है। अक्सर ऑटो वाले भी गेट के बाहर जबरदस्ती बैठाने के लिए भीड़ लगा लेते हैं। उन्होंने कहा कि अक्सर शोहदे झुंड बना कर खड़े रहते हैं, शराब या नशे का सेवन करते हैं, गाड़ी स्पीड से चलाते हैं और आते जाते लड़कियों को छेड़ते हैं। वहीं बालिकाओं ने बताया कि हीरानगर का योगा पार्क, बागजाला वाला रास्ता, गौलापार, त्रिमूर्ति मंदिर के पास, कमलुआगांजा, लालडांठ चौराहा, 03 नंबर फार्म, डहरिया, जवाहरनगर, अम्बेडकर नगर, शनि बाजार, समता आश्रम गली में असुरक्षित महसूस होता है। छात्राओं ने छुट्टी के समय पुलिस की गश्त, ऑटो और ई–रिक्शा चालक का सत्यापन आदि के सुझाव भी दिए।



जीजीआईसी में छात्राओं से संवाद करतीं अपर निदेशक प्रशिक्षण ऋचा सिंह।

# बारिश के पानी को संरक्षित करें: डीएम

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** जिलाधिकारी वंदना सिंह ने शुक्रवार को नैनीताल रोड स्थित कैंप कार्यालय में स्प्रिंग एंड रिवर रिजुवीनेशन अथॉरिटी (सारा) की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि बारिश के पानी को संरक्षित करने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग जरूरी है। जिला विकास प्राधिकरण क्षेत्र के अंतर्गत 400 वर्ग मीटर या उससे अधिक क्षेत्रफल के सभी निजी एवं व्यवसायिक भवनों में रेन वाटर हॉर्वेस्टिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य है। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए ब्लॉकों में एक-एक गांव को मॉडल गांव बनाए। इसमें गांव के प्रत्येक घर में क्षमता के अनुसार छोटे रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जाए। पहले चरण में हल्द्वानी के सरकारी कार्यालयों में ये सिस्टम लगाएं।


वाहन आमंत्रण रैली निकालते युवा वैश्य महासभा के सदस्य। ● अमृत विचार

### युवा वैश्य महासभा की रैली में लगे बप्पा के जयकारे

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर युवा वैश्य महासभा ने रामलीला मैदान से दोपहिया वाहन आमंत्रण रैली निकाली। रैली को निवर्तमान महापौर जोगेन्द्र रौतेला, वैश्य महासभा अध्यक्ष रामबाबू जायसवाल, मार्गदर्शक विनीत अग्रवाल, वैश्य महिला समिति अध्यक्ष मंजू वार्ष्णेय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अध्यक्ष अतुल जायसवाल के नेतृत्व और महामंत्री कपिल अग्रहरि के संयोजन में आयोजित रैली रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर ओके होटल, नैनीताल रोड–तिकोनिया, वर्कशॉप लाईन केमू स्टेशन, रेलवे बाजार, मीरा मार्ग, सिन्धी चौराहा, कालाढूंगी चौराहा, सत्यनारायण मन्दिर मोड़, भोलानाथ गार्डन, रामपुर रोड, हिमालय फार्म, बरेली रोड और रामलीला मैदान पर सम्पन्न हुई। इस दौरान हाथ में पीले ध्वज लिए युवाओं ने बप्पा मोरया के नारे लगाकर खूब जयकारे लगाए। इस अवसर पर तनुज गुप्ता, राजेन्द्र अग्रवाल, प्रकाश कंसल, सुशील अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, अभिषेक केसरवानी, रजत जायसवाल मौजूद रहे।

**व्यवस्था** | नगर–निगम में सीआरएस पोर्टल से बनाए जा रहे हैं जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र

# जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र में भी क्यूआर कोड अनिवार्य

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पुराने मैनुअल तरीके से बने जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र का अब डिजिटलाइजेशन अनिवार्य हो गया है। डिजिटल प्रमाण पत्र में क्यूआर कोड लगा होगा जिसे स्कैन करने के बाद संबंधित व्यक्ति की पूरी जानकारी मिल जाएगी, हालांकि 2015 के बाद बने जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र को पोर्टल स्वीकार नहीं कर रहा है जिससे इसका डिजिटलाइजेशन नहीं हो पा रहा है।

नगर-निगम और नगर पालिकाओं में सीआरएस सिटिजन रजिस्ट्रेशन सिस्टम पोर्टल के माध्यम से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए पंजीकरण किया जा रहा है। पोर्टल एनआईसी की ओर से संचालित किया जा रहा है। नगर निगम हल्द्वानी में अभी तक लगभग 300 डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र बन चुके हैं। लगभग इतनी ही संख्या में डिजिटली मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं। नगर निगम में जन्म प्रमाण पत्र बनवाने वालों की संख्या अधिक है। डिजिटलीकरण होने के बाद केंद्र सरकार के पास देश के सभी नागरिकों का जन्म व मृत्यु से संबंधित डाटा उपलब्ध रहेगा। नगर निगम के वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल ने बताया कि सभी लोगों को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र का डिजिटलाइजेशन करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि नगर निगम में स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय और जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र कार्यालय में आकर लोग अपने प्रमाण पत्र का डिजिटलाइजेशन करा सकते हैं।




### प्रमाण पत्र बनवाने के लिए चक्कर काट रहे लोग

जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लोग आए दिन नगर निगम के चक्कर काट रहे हैं। सीआरएस पोर्टल में तकनीकी दिक्कत होने के कारण कई बार लोगों को खाली हाथ वापस जाना पड़ रहा है। साथ ही सर्वर के धीमी गति से चलने के कारण एक जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में काफी समय लग रहा है जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। पूर्व में एक ही काउंटर होने के कारण लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसे देखते हुए प्रमाण पत्र बनाने के लिए अब तीन काउंटर लगाए गए हैं जिसमें 2 काउंटर जन्म प्रमाण पत्र और 1 मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए है। बीते शुक्रवार को भी पोर्टल अपडेट किए जाने को लेकर सर्वर ठप रहा और लोगों को खाली हाथ वापस जाना पड़ा।


एमबीपीजी कॉलेज में उद्यमिता शिविर में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी। ● अमृत विचार

### देवभूमि उद्यमिता योजना शिविर संपन्न

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** एमबीपीजी कॉलेज के लाल बहादुर शास्त्री सभागार में शुक्रवार को देवभूमि उद्यमिता योजना शिविर हुआ। इसमें प्रो. प्रेम प्रकाश ने बताया कि युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सभी कॉलेजों से एक–एक शिक्षक को प्रशिक्षित किया गया है लेकिन एमबीपीजी कॉलेज में पांच नोडल अधिकारी प्रशिक्षण लेकर आए हैं। शिक्षा के साथ ही रोजगार करने के इच्छुक विद्यार्थी नए विचारों के साथ आगे आकर अन्य को भी रोजगार दे सकते हैं। इस कॉलेज को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भी घोषित किया गया है। प्राचार्य प्रो. एनएस बनकोटी ने सभी से स्वरोजगार कर उद्यमिता से जुड़कर लाभ लेने को कहा। नमिता तिवारी ने कहा कि उन्होंने मां से ऐपण बनते देखा तो उन्होंने भी सीखा। बाद में उन्होंने घरों में जाकर ट्रेनिंग दी। उन्होंने 20 वर्ष पूर्व 30 महिलाओं से चेली ऐपण संस्था की शुरुआत की थी, जो अभी भी संचालित होती है। सीए नीरज शारदा ने कहा कि युवाओं को नौकरी देने वाला बनना चाहिए। इस दौरान डॉ. नवल लोहनी, डॉ. गोविंद बोरा, किरन जोशी, डॉ. दीपा गोबाड़ी, डॉ. तनुजा, डॉ. सविता भंडारी, सुमित मिश्रा, डॉ. वीसी मेलकानी डॉ. विक्रम राठौर मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



वरिष्ठ कांग्रेसी नेता के आवास पर शोक जताते पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत।

### काशीपुर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत

**काशीपुर** : पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत शुक्रवार को काशीपुर पहुंचे। उन्होंने वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरीश कुमार सिंह की पत्नी स्वर्गीय मधु सिंह के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान पूर्व सांसद बलराज पासी भी मौजूद रहे। इस दौरान विमल गुड़िया, अरुण चौहान, मनोज जोशी एडवोकेट, संदीप सहगल एडवोकेट, त्रिलोक सिंह अधिकारी, अर्पित मेहरोत्र, अलका पाल, उमेश जोशी एडवोकेट, जय सिंह गौतम, जितेंद्र सरस्वती, सुहेल, शशि शर्मा, वासू शर्मा, निश्चित गुड़िया, सुरेश शर्मा जंगी, महेंद्र लोहिया, प्रदीप जोशी, राहुल रमनदीप कंबोज, अमित मारकंडे, जफर मुन्ना आदि उपस्थित रहे।

### दहेज के लिए विवाहिता को मारपीट कर कमरे में बंद किया



**बाजपुर :** दहेज के लिए बहन के साथ गाली-गलौज व मारपीट कर कमरे में बंद करने का आरोप लगाते हुए एक महिला ने कोतवाली बाजपुर में ससुरालियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं घायल महिला को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्राम वीरपुर लच्छी रामनगर निवासी पिंकी ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब 11 बजे बहन शीला देवी के साथ उसके पति व सास ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की गई है। इतना ही नहीं आरोपितों ने घायल होने के बावजूद उसे अपने घर के कमरे में बंद कर दिया। इससे पहले भी आरोपी उसकी बहन को दहेज की मांग करके परेशान कर चुके हैं। वर्तमान में उसकी बहन दो माह की गर्भवती है। उसे पति व ससुराल वालों से जान-माल का खतरा बना हुआ है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**काशीपुर** : कंचनाल गुसाई रेलवे ट्रैक पर गुरुवार की देर रात ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुरुवार देर रात आईटीआई पुलिस को सूचना मिली की कचनाल गुसाई रेलवे फाटक के पास एक युवक शव पड़ा है। इस दौरान उसकी पहचान स्थानीय लोगों ने कचनाल गुसांई निवासी विकास पुत्र कल्लू सिंह के रूप की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### रेलवे पटरी से वृद्ध का शव बरामद, शिनाख्त नहीं

**खटीमा** : पीलीभीत रोड स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति के पर रेलवे ट्रेक से पुलिस ने एक वृद्ध का शव बरामद किया है। शव की शिनाख्त न होने के चलते पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। कोतवाली पुलिस को शुक्रवार सुबह मंडी समिति के पीछे पटरी पर एक शव पड़े होने की सूचना पर कोतवाल प्रकाश दानू, एसआई विजय बोहरा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने शव कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त के लिए आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल के मोर्चरी में रखवा दिया। कोतवाल दानू ने बताया कि मृतक के सिर पर चोट के निशान हैं एवं पैर कटे हैं। मृतक की उम्र करीब 60 वर्ष प्रतीत हो रही है। साथ ही उसके ट्रेन से कटने की आशंका है।

### कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**खटीमा :** पुलिस ने कार चालक द्वारा टक्कर मारकर बाइक सवार को घायल करने के मामले में चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस को सौंपी तहरीर में कंजाबाग निवासी बबलू ने आरोप लगाया है कि कोरनघाट विरिया मझोला निवासी नरेश चंद ने कार को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसके भाई चरण सिंह राणा की मोटर साइकिल में टक्कर मार दी। इसमें उसका भाई चरण सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बबलू की तहरीर पर कार चालक के खिलाफ धारा 281/125ए बीएनएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डीएम ने बैठक में दिए अधिकारियों को निर्देश, सभी सरकारी व निजी विद्यालयों में शत-प्रतिशत बच्चों को एल्बेंडाजोल खिलाने को कहा

# जिले में 10 सितंबर को मनाया जाएगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी ने कहा कि 10 सितंबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने सभी सरकारी, सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों, तकनीकी संस्था, मदरसों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में शत-प्रतिशत बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने के निर्देश दिए। ताकि कोई भी बच्चा दवाई खाने से छूट न पाए।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम को लेकर आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि महाविद्यालयों, तकनीकी शिक्षण संस्थानों के साथ ही पैरामेडिकल कॉलेजों में भी 19 वर्ष तक की आयु वर्ग के विद्यार्थियों को चिन्हित करते हुए दवाई खिलाई जाए। उन्होंने स्कूल न जाने वाले सभी बालक, बालिकाओं, श्रमिक के बच्चों एवं घुमंतू बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजोल खिलाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि कृमि मुक्ति दिवस पर दवाई खाने से वंचित बच्चों को 18 व 19 सितंबर को मॉप-अप दिवसों पर दवाई खिलाई जाए। ग्राम प्रधानों अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिशासी अधिकारी, उपजिलाधिकारियों से सहयोग के लिए पत्राचार करने व बैनर, पोस्टर के माध्यम से प्रचार-प्रसार भी करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्कूलों, कॉलेजों, आंगनबाड़ी केंद्रों पर दवाई समय से पहुंचाई जाए।



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

### जिले में 623263 बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य

**रुद्रपुर :** अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश आर्य ने बताया कि जनपद में 1 से 19 वर्ष तक के 623263 बच्चों को दवाई खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जनपद स्तरीय इमरजेंसी रिस्पांस टीम में डिस्ट्रिक्ट नोडल ऑफिसर डॉ.हरेंद्र मलिक, डॉ.एसपी सिंह व डॉ. राजेश आर्या को रखा गया है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही 8 ब्लॉक स्तरीय इमरजेंसी रिस्पांस टीमें भी बनाई गई हैं। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.मनोज शर्मा, एसीएमओ डॉ.एसपी सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, अध्यक्ष प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन एनएस धारीवाल, अध्यक्ष यूके बोर्ड रामप्रकाश गुप्ता, सीडीपीओ आशा नेगी, हेमा कांडपाल, मनोज सिंह, हिमांशु मशूनी, चॉद मियां, पंकज गुसाई, जावेद अहमद, मनोज सिंह समेत जनपद के एमओआईसी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी वर्चुअल के माध्यम से जुड़े।

# सीधी भर्ती के विरोध में जिला मुख्यालय पर गरजे शिक्षक

9 से क्रमिक अनशन और 14 से किया जाएगा आमरण अनशन



मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में धरना देते जिले भर के शिक्षक। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** प्रधानाचार्य की सीधी भर्ती को लेकर शिक्षकों में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। भर्ती को निरस्त करने की मांग को लेकर जिलेभर के शिक्षकों ने मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में धरना दिया और प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने जल्द भर्ती को निरस्त नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

शुक्रवार को राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड के आह्वान पर जिले के सभी शिक्षक जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा के नेतृत्व में मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे और धरने पर बैठ गये। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि प्रधानाचार्य का पद प्रमोशन का है। इसलिए इस पद को प्रमोशन के आधार पर ही नियुक्ति दी जाए। साथ ही सीधी भर्ती को निरस्त किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि इस परीक्षा को जल्द निरस्त नहीं किया गया तो 9 से प्रांत स्तर पर क्रमिक अनशन और 14 सितंबर से आमरण अनशन शुरू कर दिया जाएगा। इस अवसर पर संघ के प्रांतीय राजकुमार चौधरी, मंडलीय अध्यक्ष गोकुल मर्तोलिया, जिला उपाध्यक्ष नीरज चौहान, जिला मंत्री अनंत चौहान, कुंती यादव, जानकारी अधिकारी, ममता शर्मा, छत्रपाल सिंह, कृष्ण मोहन तिवारी, विकास पांडेय, रमेश चंद्र, भरत सिंह, अशोक चहर, विमल चौहान, कौशल चौधरी, पंकज अग्रवाल, राकेश यादव, जमुना पटल आदि मौजूद रहे।

### चोरी हुए आईफोन को 24 घंटे में बरामद कर आरोपी को दबोचा

**किच्छाः** कोतवाली पुलिस की टीम ने चोरी हुए आईफोन को 24 घंटे के भीतर बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

वार्ड नंबर 16, विकास कॉलोनी, थाना किच्छा निवासी शिवम चावला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुरैया ग्राम में उसकी किराने की दुकान है। विगत दिवस सुबह करीब 11:30 बजे अज्ञात व्यक्ति ने उसकी दुकान के काउंटर पर रखे एप्पल आईफोन को चुरा लिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शिवम चावला की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा ने बताया कि दरऊ चौकी प्रभारी उप निरीक्षक दीवान सिंह बिष्ट को विवेचना सौंपी गई। एसआई दीवान सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पुलिसकर्मी कुलदीप सिंह, उम्मेद गिरि एवं उमेश सिंह की टीम ने मोबाइल की खोजबीन करते हुए मुखबिर की सूचना पर 24 घंटे के भीतर ही मोबाइल फोन बरामद कर लिया। पुलिस टीम ने आजाद नगर मार्ग पर ग्राम सैंजना थाना किच्छा निवासी मोहम्मद रफीक को भी दबोच लिया।

# चुनाव में अधिग्रहित टैक्सियों का किराया नहीं मिलने से रोष



कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते टैक्सी चालक। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव 2024 में अधिग्रहित की गयी टैक्सियों का भुगतान नहीं होने से टैक्सी चालकों में आक्रोश व्याप्त है। विरोध में चालकों ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया और जल्द से जल्द भुगतान कराने की मांग की। बाद में चालकों ने इस आशय का एक ज्ञापन जिलाधिकारी उदयराज सिंह को सौंपा।

शुक्रवार को जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में टैक्सी चालकों ने कहा कि लोकसभा चुनाव में उप संभागीय परिवहन अधिकारी रुद्रपुर ने उनकी टैक्सियां को अधिग्रहित किया गया था। तब से लेकर आज तक उनका भुगतान नहीं किया गया है। इससे चालक अपनी किश्त भी जमा नहीं कर पा रहे हैं और आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। उन्होंने जल्द से जल्द उनका भुगतान कराने की मांग की। इस अवसर पर दीप चंद, अमित कुमार, गोविंद सिंह, ज्ञान प्रकाश, राजेश, हरप्रीत सिंह, गजेंद्र रस्तोगी समेत कई टैक्सी चालक मौजूद रहे।


## कार्यालय जिलाधिकारी, नैनीताल

संख्याः 599/14-आर०ए० (नामिका अधि०)/2024 दिनांक : 04 सितम्बर, 2024

**विज्ञप्ति**

अपर सचिव, न्याय एवं अपर विधि परामर्शी उत्तराखण्ड शासन, देहरादून के पत्र संख्या 6 चार-L/XXXVI-A-1/2024-03 चार-L/2024 दिनांक 24 जून, 2024 के द्वारा जिला नैनीताल के सिविल न्यायालयों के संचालन हेतु नामिका अधिवक्ता (सिविल) के रिक्त पद पर आबद्धता हेतु विधि परामर्शी निर्देशिका के प्रस्तर-8.02 में उल्लिखित व्यवस्थानुसार जिला न्यायाधीश के अभिमत के साथ नामिका अधिवक्ता (सिविल) नैनीताल के पद के लिये न्यूनतम तीन विधि व्यवसायियों का पैनल शासन को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके अनुपालन में इस कार्यालय के पत्रांक 493/14-आर०ए०/2024 दिनांक 15 जुलाई 2024 के माध्यम से विज्ञप्ति प्रकाशित कर नामिका अधिवक्ता (सिविल) के पद पर आबद्धता हेतु इच्छुक एवं योग्य अधिवक्ताओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। जिसके सापेक्ष नियत समयावधि तक शासन के निर्देशानुसार गानकों के अनुरूप आवेदन पत्र प्राप्त नहीं हुये है।

अतः जनपद नैनीताल में नामिका अधिवक्ता (सिविल) के एक रिक्त पद पर आबद्धता हेतु इच्छुक एवं योग्य अधिवक्ता, जिनका कम से कम विधि व्यवसाय (सिविल मामलों) में पाँच वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो चुका हो, से पुनः आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक एवं योग्य अधिवक्ता अपने आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर सक्षम प्राधिकारी से सत्यापित प्रमाण पत्रों सहित विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि से 20 दिन के अन्दर जिलाधिकारी कार्यालय, नैनीताल मे जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विज्ञप्ति का पूर्ण विवरण Nainital.nic.in में देखा जा सकता है।

जिलाधिकारी
नैनीताल




सुरक्षा को लेकर छात्राओं को जानकारी देतीं जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन।

### छात्राओं को दी कानूनी प्रावधानों की जानकारी

**रुद्रपुर** : आर्य कन्या इंटर कॉलेज में बाल सुरक्षा को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान स्कूली छात्राओं को कानूनी प्रावधानों की जानकारी रखने के साथ ही जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही बताया कि किसी भी प्रकार का बाल उत्पीड़न का मामला संज्ञान में आने पर 1098, 112 नंबर पर तत्काल कॉल की जा सकती है। शुक्रवार को शिविर में जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन ने बालिकाओं को स्वयं को सुरक्षित रखने के उपाय, पॉक्सो अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम, गुड-टच, बैड-टच के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के संबंध में बताया किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की वेबसाइट पर पॉक्सो-ई बॉक्स के माध्यम से भी शिकायत की जा सकती हैं। जागरूकता शिविर में चांदनी रावत ने चाइल्ड हेल्पलाइन से संबंधित जानकारी दी।

# गंगा को स्वच्छ रखने के लिए सख्ती से करें नियमों का पालन

**मंथन**

- केंद्रीय पीसीबी और यूकेपीसीबी के साथ हुई पेपर मिल की बैठक

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** केंद्रीय पीसीबी और यूकेपीसीबी की बैठक में गंगा नदी की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिये गये।

शुक्रवार को केंद्रीय पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व यूकेपीसीबी के संयुक्त तत्वावधान में पेपर इंडस्ट्रीज के साथ बाजपुर रोड स्थित एक होटल में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बताया गया कि गंगा की सहायक नदियों के किनारे स्थापित उद्योगों से प्रदूषित पानी नदियों में न जाये इसके लिए कड़े मानक स्थापित किये गये हैं। चरण एक और चरण दो के मानकों को पूरी तरह लागू कर दिया गया है। इसलिए पीसीबी चरण तीन को और अधिक कठोरता के नियमों के साथ लागू करेगा। इसके लिए उद्योगों को सहयोग करने की आवश्यकता है। बताया गया कि नियमों का पालन करने के दौरान उद्योगों को आने वाली दिक्कतों का समाधान पीसीबी करेगा। उत्तराखंड पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के मामले में चरण एक और दो को उद्योगों के सहयोग से सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है। पीसीबी चरण तीन के कठोर मानकों का पालन करने और कराने के लिये पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वहां पर केंद्रीय पीसीबी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह, यूकेपीसीबी के सहायक पर्यावरण अभियंता डॉ. अंकुर कंसल, क्षेत्रीय अधिकारी रुड़की एसपी सिंह, काशीपुर पीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी नरेश गोस्वामी, केजीसीसीआई के पेपर चैप्टर अध्यक्ष नवीन झांसी, पूर्व अध्यक्ष विनय सिंघल, जसवीर सिंह, सुनील कुमार आर्या, दिलदार अलीव मोहित कुमार खुल्वे आदि मौजूद रहे।



काशीपुर में केंद्रीय पीसीबी और यूकेपीसीबी के साथ हुई बैठक में मौजूद अधिकारी।


अमृत विचार
**क्लासीफाइड**
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि प्रार्थी ने एक किता प्लॉट खसरा नं. 3/2/1 रकबा 3000 वर्ग फिट या 278.81 वर्गमीटर वाके मौजा धनपुर गुसाई तहसील रामनगर जिला नैनीताल दिनांक 10.11.2023 ई0 को पंजीकृत बेनामा द्वारा उपनिबंधक कार्यालय रामनगर नैनीताल में रजिस्टर्ड क्रय की है, जिसका दस्तावेज संख्या-1156 बही नं.- जिल्द नं.- के पृष्ठ 335 से 366 में क्रमांक 3320 पर दिनांक 10.11.2023 ई. को सब-रजिस्ट्रार कार्यालय रामनगर में पंजीकृत है। उक्त बैनामा जसपुर में मेरे किराए के मकान में गुम हो गया है। प्रार्थी ने उक्त बेनामा को किसी भी सरकारी या गैर सरकारी बैंक एवं संस्था एवं सोसाइटी में बंधक रखकर ऋण नहीं लिया है। सूचना जाने। - **प्रार्थी जगदेव सिंह पुत्र रूप सिंह, निवासी ग्राम देवीपुरा बासीटीला, पोस्ट सेमलखलिया, कोतवाली रामनगर (नैनीताल)।**

**सूचना**

मैं अपने पुत्र तुषार मजुमदार, पुत्रवधू सुचित्रा मजुमदार और पुत्र गोपाल मजुमदार, पुत्रवधू स्नेहा मजुमदार को उनके गैर जिम्मेदाराना व्यवहार के कारण सभी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके द्वारा किए गए कृत्यों, लेनदेन के जिम्मेदार वे स्वयं होंगे। - **प्रफुल्ल मजुमदार पुत्र आनंद मजुमदार, निवासी गुरूग्राम, शक्तिफार्म (उधमसिंह नगर) उत्तराखंड**



## उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड, नैनीताल रोड़, तिकोनिया हल्द्वानी (नैनीताल)-263139,
फोन एवं फैक्सः 05946-220172, E-mail: eddhld@yahoo.com

**विद्युत बाधित होने की सूचना**

हल्द्वानी (नगर) खण्ड के अन्तर्गत हल्द्वानी क्षेत्र के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित करना है कि कालाढूंगी रोड में 33 केवी के क्षतिग्रस्त पोलों को बदलने के उपरान्त उन पर विद्युत लाईन डालने का कार्य एवं लॉपिंग चॉपिंग की जानी है, जिस कारण निम्न सूची के अनुसार शट-डाउन प्रस्तावित है। उक्त कार्य के दौरान निम्न सूची के अनुसार सम्बन्धित पोषकों से पोषित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति पूर्ण/आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

| क्र0 सं0 | दिनांक एवं दिन | उप-संस्थान का नाम | पोषक का नाम | प्रभावित क्षेत्र | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 08.09.2024 (रविवार) | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, के०डी० चौराहा, हल्द्वानी | 1. बरेली रोड पोषक 2. आजाद नगर पोषक 3. रामपुर रोड पोषक 4. बाजार पोषक | रामपुर रोड, बरेली रोड, बाजार, आजाद नगर, के०डी० रोड, सतीष कॉलोनी, हीरा नगर, भोलानाथ गार्डन, मंगल पड़ाव, जेल रोड, नवाबी रोड, पन्त कॉलोनी, मेडिकल कॉलेज आदि क्षेत्र | प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक |
| 02 | | | 1. के0डी रोड़ पोषक | | अपरान्हः 03:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक |

अतः समस्त उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है।

"विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें"

पत्रांकः 3283/वि0वि0ख0(ह0)/ दिनांक : 06/09/2024 अधिशासी अभियन्ता

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" कस्टमर केयर टोल फ्री नं0 1800-419-0405


# निजी बैंक की मनमानी से नाराज किसानों ने थानाध्यक्ष को घेरा

- बिना जानकारी दिए किसान के रुपयों की एफडी और बीमा पॉलिसी करने का आरोप लगाया

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचारः** एक निजी बैंक की मनमानी से आक्रोशित किसानों ने थानाध्यक्ष का घेराव कर रोष व्यक्त किया। किसानों का कहना था कि यदि शीघ्र ही पीड़ित किसान की रकम की अदायगी नहीं की गई तो बैंक के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक दल के प्रदेश अध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी के नेतृत्व में दर्जनों किसान थाने में पहुंचे जहां उन्होंने थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान का घेराव किया। उनका कहना था कि ग्राम मुकंदपुर डेरा निवासी साहब सिंह द्वारा एक-एक लाख रुपये की बैंक में दो एफडी की थी। 3 साल बाद जब वह अपनी एफडी लेने गया तो बैंक प्रबंधक ने जबरदस्ती उसकी 40 हजार रुपये की एफडी दोबारा कर दी। जब वह कुछ समय बाद एफडी के पैसे वापस लेने गया तो प्रबंधक का कहना था कि आपके रुपये की एलआईसी बीमा पॉलिसी की गई है। किसान का कहना था कि उसको अंधेरे में रखकर यह कार्य किया गया है और उसने पैसे की मांग की। किसान साहब सिंह का कहना था कि वह 6 माह से बैंक के चक्कर लगा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष कलसी का कहना था की बैंक प्रबंधक किसान का पैसा वापस लौटाए नहीं तो बैंक के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जबकि बैंक के उप प्रबंधक पराग सुधा का कहना था मामले की जांच की जा रही है। जिस समय एफडी की बात की जा रही है उन अधिकारियों का बैंक से स्थानांतरण हो चुका है। घेराव करने वालों में भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक दल के प्रदेश अध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी, संजय चौधरी, राजेंद्र कंबोज, अमन बठला, सुखविंदर बठला, भगवान सिंह, साहब सिंह, कुलदीप सिंह, प्रदीप बेदी, देवेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कुमाऊं संस्करण

**स्मृतियाँ शेष**

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

अमृत विचार

**साइज व रेट**

साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
नैनीताल : 7505012034, हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690

197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### नशे के 5320 कैप्सूल पकड़े, संचालक गिरफ्तार

**काशीपुर :** पुलिस ने खड़कपुर देवीपुरा क्षेत्र में स्थित एक मेडिकल स्टोर में नशे के कैप्सूल बेच रहे एक संचालक को पकड़ा है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान मेडिकल स्टोर से 5320 नशे के कैप्सूल बरामद कर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आईटीआई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर खड़कपुर देवीपुरा स्थित कृष्णा मेडिकोज से 5320 नशे के कैप्सूल बरामद कर मौके से अलीगंज रोड गिन्नी खेड़ा निवासी रोहित कुमार गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह कैप्सूल को ठाकुरद्वारा से एक व्यक्ति से सस्ते दामों पर खरीद कर लाया था। वहीं पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की है।

### सम्मोहित कर जेवर उड़ाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**खटीमा :** दो दिन पहले एक युवक और महिला द्वारा सेवानिवृत शिक्षिका को सम्मोहित कर मंगलसूत्र और कान के टॉप्स लेकर फरार होने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। चार सितंबर को कोतवाली के पीछे निवासी सेवानिवृत शिक्षिका कृष्णा नेगी खरीदारी करने बाजार गई थी। इसी दौरान एक नाबालिग, युवक और एक महिला ने शिक्षिका को सम्मोहन कर अपने जाल में फंसा लिया और शिक्षिका ने स्वतः ही मंगलसूत्र और कान के टॉप्स निकालकर उनके हाथ में दे दिया। शिक्षिका कुछ समझ पाती तब तक वह जेवर लेकर फरार हो गए। पुलिस ने कृष्णा नेगी की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### घर में घुसकर परिवार के चार सदस्यों को पीटा

**बाजपुर :** रंजिशन घर में घुसकर मारपीट कर एक ही परिवार के चार सदस्यों को घायल करने के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। मोहल्ला आदर्शनगर सुल्तानपुर पट्टी निवासी बसीम जहां पत्नी सलीम अहमद ने पुलिस को बताया कि पड़ोस में रहने वाले नियाज अली उर्फ मुन्ना व मेहफूज, इनकी मां हासमी व बहन नौशीन जहां आदि उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। आरोप है कि पांच सितंबर की दोपहर बाद करीब एक बजे आरोपी अपने साथ चार-पांच अन्य व्यक्तियों को लेकर उसके घर में घुस गए और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया जिसमें बसीम जहां, पति सलीम, 15 वर्षीय नाबालिग व देवर नईम अहमद आदि के चोटें आई हैं। शोर-शराबा होने पर ग्रामीणों को आता देख हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

### ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से डीएम को ज्ञापन प्रेषित किया, मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

# लखनपुर-खमरिया को पालिका में शामिल करने का विरोध

**संवाददाता, बाजपुर**


बाजपुर में एसडीएम आरसी तिवारी को ज्ञापन सौंपते ग्रामसभा लखनपुर-खमरिया के ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** ग्रामसभा लखनपुर-खमरिया को नगरपालिका बाजपुर में शामिल करने के विरोध में उतरे ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से डीएम को ज्ञापन प्रेषित किया है।

शुक्रवार को काफी संख्या में ग्रामीण किसान नेता बिजेंद्र सिंह डोगरा के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय पहुंचे और डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम आरसी तिवारी को सौंपा। उनका कहना था कि भविष्य में होने वाले नगर निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद के दावेदारों ने भाजपा जिला अध्यक्ष के साथ ही सीएम को मांगपत्र सौंपकर ग्रामसभा लखनपुर-खमरिया, ग्राम चकरपुर, ग्राम मुड़िया पिस्तौर देहात को हिंदू बाहुल्य क्षेत्र बताकर नगरपालिका में शामिल करने की मांग की है। कहा कि सत्ताधारी दल के कुछ नेता अपने व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए इन ग्रामसभाओं को नगरीय क्षेत्र में शामिल करवाना चाहते हैं जिससे ग्रामीणों में भारी रोष है। ग्रामसभा लखनपुर-खमरिया के समस्त ग्रामीण इसका पुरजोर विरोध करते हैं। कहा कि ग्रामसभा लखनपुर-खमरिया में 80 प्रतिशत कृषि भूमि है और अधिकांश मजदूर वर्ग निवास करता है। इस ग्रामसभा के नगरीय क्षेत्र में शामिल होने से ग्रामीणों को ग्रामसभा क्षेत्रांतर्गत मिलने वाले समस्त लाभ समाप्त हो जाएंगे और मजदूर वर्ग के लोगों को बेवजह के टैक्सों से जूझना पड़ेगा। पहले भी हम हाई कोर्ट से नगरपालिका में शामिल करने के विरोध में केस जीते हुए हैं। चेतावनी दी कि यदि इस ग्रामसभा को नगरपालिका में शामिल किया गया तो ग्रामीण आंदोलन के लिए बाध्य हो जाएंगे। इस मौके पर लक्ष्मी, विकास, गुड़िया, सीमा, शीतल, मुकेश, राम सिंह, मोहन सिंह, रुप चंद, सपना, सतीश, सजाब, रवि कुमार, दलीप, चंद्र प्रकाश, जसवीर, जमना सिंह, विनोद कुमार, सोनू, मलकीत सिंह, संतोष, दीपक, शिब्बू कुमार, राजू कुमार, ज्योति, पूर्व प्रधान ज्ञान सिंह, हेमा, विकास, रेखा, जहीर, इरशाद सुखदेव, राजेश, अशोक कुमार, रोमी, मनीष, प्रियांशी, सुशीला, गायत्री, राधिका, गुंजन आदि मौजूद रहे।


खटीमा में ओबीसी सर्वे को लेकर हुई बैठक में रिटायर्ड जज बीएस वर्मा और अन्य।

### परिसीमन के बाद क्षेत्र में ओबीसी की जनगणना करें

**खटीमा :** सेवानिवृत जज बीएस वर्मा ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ अब तक हुई ओबीसी की जनगणना को लेकर सुनवाई की। वर्मा ने अधिकारियों से कहा कि परिसीमन के बाद जो नए क्षेत्र नगरपालिका में शामिल किए गए हैं उनमें ओबीसी की गणना को कराया जाए। शुक्रवार को नगर पालिका सभागार में आयोजित बैठक में पिछड़ा वर्ग आयोग, शहरी विकास विभाग स्थानीय निकाय व जनप्रतिनिधि बैठक आयोजित की गई। बैठक में ओबीसी सर्वेक्षण की प्रगति एवं जन सुनवाई को आए रिटायर्ड जज वर्मा ने कहा कि ओबीसी की गणना 2011 की जनगणना के अनुरूप होगी। उस समय जिनके नाम इस सूची में शामिल थे वही लोग ओबीसी की गणना में आएंगे। खटीमा में पूर्व में 28 प्रतिशत ओबीसी की जनसंख्या थी। इसमें अब नगर पालिका परिसीमन के बाद शामिल 17 हजार की आबादी में ओबीसी की गणना की जानी है। वर्मा ने कहा कि ओबीसी की गणना के बाद ही नगर पालिकाओं में ओबीसी आरक्षण तय किया जाएगा। पालिका प्रशासन एवं एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि मतदाता सूची तैयार करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुराने क्षेत्र में छूट गए नामों के लिए नौ सितंबर तक का समय दिया गया।

# मुन्ना चौहान नहीं, बल्कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मांगें माफी : बेहड़

### प्रेस वार्ता में बोले विधायक बेहड़- विधायक मुन्ना सिंह चौहान का बयान निजी नहीं बल्कि भाजपा की वास्तविक सोच, विधानसभा में गूंजेगा मुद्दा

**संवाददाता, रुद्रपुर**


पत्रकारों को जानकारी देते किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि जिस प्रकार भाजपा विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने बंगाली समाज के लिए घुसपैठिए जैसे शब्दों का प्रयोग किया है। उनका यह बयान निजी मत नहीं, बल्कि भाजपा की वास्तविक सोच है। ऐसे में भाजपा विधायक नहीं, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को सार्वजनिक मंच पर आकर माफी मांगना चाहिए। कारण बंगाली समाज ने सबसे ज्यादा भाजपा पर अपनी आस्था जताई थी। ऐसे में भावनाओं पर कुठाराघात नहीं होना चाहिए।

शुक्रवार को विधायक आवास पर विधायक बेहड़, पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, प्रदेश अध्यक्ष यूथ कांग्रेस सुमित्तर भुल्लर और प्रदेश प्रवक्ता परिमल राय ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता की। बेहड़ ने कहा कि इतिहास गवाह है कि देश की आजादी से लेकर भाजपा को सत्ता पर आसीन करने में बंगाली समाज की अहम भूमिका रही है। यदि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने विधानसभा सत्र प्रारंभ होने से पहले माफी नहीं मांगी तो विधानसभा सत्र का बहिष्कार किया जाएगा। पूर्व विधायक महाजन ने कहा कि बंगाली समाज पर टिप्पणी करना भाजपा की समाज विरोधी सोच है। इससे पहले भी भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के नेताओं ने समाज पर टिप्पणी की और जिस वक्त विधायक चौहान सदन में बयान दे रहे थे। उस वक्त बगल में रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा, गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा बैठे हुए थे। उन्हें बयान का विरोध करना चाहिए था। अब बंगाली समाज को सोचना होगा कि भाजपा को क्यों वोट दें और चुनावों में मुंहतोड़ जवाब दें। कांग्रेस हमेशा संघर्ष करती रहेगी। इस मौके पर असीम बाला, अभिमन्यु साना, जगदीश कर्मकार, विकास मलिक, आनंद शर्मा, उमाशंकर, चंद्रशेखर गांगुली, रंजीत तिवारी आदि मौजूद रहे।


दिनेशपुर में व्यापारियों की बैठक को संबोधित करते व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग।

### व्यापारी बोले- कल किया जाएगा बाजार बंद

**दिनेशपुर :** व्यापार मंडल ने विधायक मुन्ना सिंह चौहान द्वारा खुले मंच से बंगाली समुदाय से माफी न मांगने पर विरोध में 8 सितंबर को बाजार बंद रखने का ऐलान किया। बंद के दौरान मेडिकल स्टोर व दूध की डेयरी खुली रहेगी। शुक्रवार को व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग की अध्यक्षता में व्यापारियों की बैठक हुई। अध्यक्ष नारंग ने कहा कि गैरसैंण में विधानसभा सत्र में विधायक मुन्ना सिंह चौहान द्वारा बंगाली समुदाय की उपजातियां को अनुसूचित जाति की मांग पर दिए बयानों से समुदाय के लोगों में काफी रोष है। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल ने बंगाली समुदाय को अपना समर्थन देते हुए 8 सितंबर को विरोध में पूर्ण बाजार बंद रखना का ऐलान किया है। उन्होंने व्यापारियों व क्षेत्र की जनता से सहयोग की अपील की। संचालन महामंत्री प्रसन्नजीत शाह ने किया। बैठक में व्यापारी नेता दीपक मक्कड़, गोपाल चक्रवर्ती, इंद्रजीत मंडल, विष्णु गाईन, सुरेंद्र राय, पंकज गोयल उर्फ सोनू, अशोक कालड़ा, नारायण मंडल, भोला शर्मा, अरुण विश्वास, श्यामल मंडल, अनामी विश्वास, संजीव बजाज, प्रकाश विश्वास, सुब्रत कुमार तरफदार, राजू गाईन, विकास छावड़ा, डॉ सिमरन पांडे, सूरज राय, विजय ढाली, सागर सिंह आदि आदि व्यापारी मौजूद थे।


दिनेशपुर में पत्रकारों से वार्ता करते भाजपा जिला मंत्री अमित नारंग। ● अमृत विचार

### बंगाली समुदाय भाजपा के लिए है समर्पित : नारंग

**दिनेशपुर :** भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग ने कहा कि बंगाली समुदाय के लोग भाजपा के लिए समर्पित भाव व निष्ठावान तरीके से कार्य करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर, शक्तिफार्म व गदरपुर विधानसभा क्षेत्र से लोकसभा हो या विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को बंगाली समुदाय का 90 प्रतिशत समर्थन के साथ मतदान मिलता है। शुक्रवार को कुंदननगर नंबर-पांच पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग ने कहा कि विधायक मुन्ना सिंह चौहान के गैरसैंण में विधानसभा सत्र के दौरान बंगाली समुदाय के प्रति रखे बयानों से समुदाय में आक्रोश व्याप्त है। जबकि स्वयं विधायक चौहान ने विधानसभा में रखे बयान पर बंगाली समुदाय को पहुंचे दु:ख के लिए खेद प्रकट करते हुए अफसोस जाहिर किया है। उनके द्वारा रखे बयान स्वयं के थे। पार्टी व संगठन से इन बयानों से कोई लेना-देना नहीं था। नारंग ने आरोप लगाया कि कांग्रेस 60 वर्षों तक बंगाली समुदाय को बोट बैंक मानते हुए राजनीति करती आई है। उन्होंने बंगाली समुदाय के कार्यकर्ताओं से किसी के बहकावे में न आकर भाजपा के सदस्यता अभियान को जोर-जोर से जारी रखने का अनुरोध किया। इस मौके पर भाजपा मंडल महामंत्री सुदर्शन विश्वास, शक्ति केंद्र संयोजक कपिल मंडल, बरिराई उप प्रधान सुब्रत बाछाड़ आदि मौजूद रहे।


काशीपुर में एसडीएम को ज्ञापन देते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### एसडीएम से मोबाइल टावरों पर रोक लगाने की मांग

**काशीपुर :** प्रतापपुर के ग्राम धनौरी पट्टी के ग्रामीणों ने क्षेत्र में अवैध रूप से लग रहे मोबाइल टावरों पर रोक लगाने की मांग की है। इस दौरान उन्होंने एसडीएम से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा है। शुक्रवार को एसडीएम अभय प्रताप सिंह को दिए ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र में मोबाइल टावर के स्थापित होने से रेडीएशन का खतरा बढ़ सकता है। इससे बहुत सी बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। कहा कि भूमि स्वामी को भी मोबाइल टावर न लगाने के लिए कहा गया, लेकिन भूमि स्वामी ग्राम पंचायत से एनओसी लेकर मोबाइल टावर लगा रहे हैं। इस दौरान रवि ढींगरा, सुभाष, शनि, बसंत, यश शर्मा, मीनू शर्मा, जसपाल सिंह, राजीव कश्यप, कपिल, रामकिशन, योगेन्द्र सिंह, आदित्य, शिवम, करन, रंजना आदि मौजूद रहे।

# किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, वीडियो वायरल

**संवाददाता, काशीपुर**

- मामले में एक युवक व तीन किशोरों पर पॉक्सो के तहत मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार :** आईटीआई थाना क्षेत्र में एक किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किए जाने की वीडियो वायरल होने से हड़कंप मच गया। वहीं किशोरी के भाई ने आईटीआई थाने में एक युवक व तीन किशोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आईटीआई थाना क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी के साथ एक मकान में सामूहिक दुष्कर्म करने का वीडियो वायरल हो गया। घटना दो दिन पूर्व की बताई जा रही है। पीड़ित किशोरी ने उसी दिन परिजनों को आप बीती सुनाई, लेकिन लोकलाज के चलते परिजनों ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। अगले ही दिन इनमें से एक आरोपी ने किशोरी के साथ लिए दुष्कर्म की वीडियो वायरल कर दी। वीडियो वायरल होने के बाद पीड़िता के भाई ने आईटीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिस मकान में सामूहिक दुष्कर्म की घटना होना बताई गई है। वह घटना में शामिल युवक का बताया गया है। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### पुलिस से शिकायत का बदला लेने को फायर झोंका

**रुद्रपुर :** आवास विकास चौकी इलाके में एक व्यक्ति को दबंगों के खिलाफ शिकायत करना महंगा पड़ गया। डेढ़ साल पहले की शिकायत का बदला लेते हुए आरोपियों ने व्यक्ति पर तमंचे से फायर झोंक दिया। जिसमें व्यक्ति बाल-बाल बच गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। आवास विकास निवासी अरुण अरोरा ने बताया कि डेढ़ साल पहले उसके घर के नजदीक आपराधिक प्रवृत्ति के युवक रहते थे। आए दिन आने-जाने वाली युवतियों पर छींटाकशी भी करते थे। इसकी शिकायत जब आवास विकास पुलिस चौकी से की गयी तो आरोपियों के परिजनों ने चौकी पहुंचकर माफीनामा लिखा और पुलिस ने हिदायत देकर छोड़ दिया था। तभी से आरोपी युवक रंजिश रखने लगे। 2 सितंबर की रात्रि दस बजे आकाश विर्क ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसे रोका और हमला कर दिया। आरोप था कि जान बचाकर भागने के दौरान उस पर तमंचे से फायर भी किया गया, लेकिन फायर मिस हो गया। वरना उसकी जान भी चली जाती।

# हत्या या आत्महत्या: सिडकुल कर्मी का मिला सड़ा-गला शव

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**कार्रवाई**
- थाना ट्रांजिट कैंप के वार्ड दो के एल ब्लॉक का है मामला
- शरीर से टपक रहा था खून, शव पोस्टमार्टम को भेजा

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में कमरे में सिडकुल कर्मी का सड़ा-गला शव लटका हुआ मिला। पुलिस ने घटना की जानकारी लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि शव से खून भी टपक रहा था। जिसके बाद पुलिस ने हत्या या आत्महत्या की दिशा में अपनी तफ्तीश शुरू कर दी है।

शुक्रवार की सुबह थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को खबर मिली कि वार्ड-दो एल ब्लॉक स्थित एक कमरे में युवक का शव लटका हुआ था। कमरे से तीव्र दुर्गंध आ रही थी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मोहन चंद्र पांडेय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और मौका मुआयना कर घटना की जानकारी ली। प्रारंभिक पड़ताल में पाया कि शव माला टाकीज रामपुर यूपी निवासी 28 वर्षीय राजेश सैनी का है। जो सिडकुल की एक कंपनी में काम करता था और विश्वजीत विश्वास के एल ब्लॉक स्थित किराए के मकान में रहता था। जांच में पाया गया कि शव नायलॉन की रस्सी से लटका हुआ था और शव से खून भी टपक रहा था। शव से तीव्र दुर्गंध भी आ रही थी। जिससे प्रतीत होता है कि दो दिन से युवक का शव लटका हुआ होगा। साथ ही अंदर से दरवाजा भी बंद था। जिसे पुलिस ने तोड़कर अंदर प्रवेश किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

उधर, थाना प्रभारी मोहन पांडेय ने बताया कि प्रारंभिक पड़ताल में मामला आत्महत्या जैसा प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस हत्या व आत्महत्या की दिशा में अपनी तफ्तीश करेगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस जांच शुरू होगी।

**मंथन** | एक अक्टूबर से होनी है धान खरीद, एडीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# धान खरीद से पहले कर ली जाएं सभी तैयारियां : एडीएम

**संवाददाता, रुद्रपुर**


अधिकारियों के साथ बैठक करते एडीएम पंकज उपाध्याय। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने कहा कि एक अक्टूबर से धान खरीद होनी है इसलिए धान खरीद के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि धान खरीद का कार्य शासन की प्राथमिकता है। इसलिए धान क्रय केंद्रों में साफ-सफाई, कांटा-बांट, कम्प्यूटर, आर्द्रतामापी यंत्र, बिजली, पेयजल, शौचालय आदि मूलभूत व्यवस्था करें।

शुक्रवार को जिला सभागार में मूल्य समर्थन योजना के तहत धान खरीद को लेकर बैठक आयोजित हुई। इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने कहा कि नवीन धान खरीद केंद्र यदि खोलने हैं तो उनमें भी आवश्यक व्यवस्था की जाए। जिले में बारदाना की उपलब्धता की जानकारी ली। साथ ही बारदाना की पर्याप्त व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने धान भंडारण के लिए गोदाम में उचित व्यवस्था पहले ही कर ली जाए। किसानों को आसानी से पंजीकरण कराने की सुविधा उपलब्ध कराई जाए और धान विक्रय के लिए किसानों के पंजीयन में कोई भी समस्या आने पर उसका निराकरण प्राथमिकता से करें।

इस अवसर पर आरएफसी कुमाऊं बीएल फिरमाल, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. अभय सक्सेना, उप जिलाधिकारी गौरव पांडे, गौरव चटवाल, अभय प्रताप सिंह, राकेश तिवारी, डिप्टी आरएमओ अशोक कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक त्रिलोचन पाठक, पीसीयू प्रबंधक धीरज कुमार सैनी, एआरओ पूर्ति विभाग हेमा बिष्ट, प्रभारी मंडी भुवन चंद्र पांडे, सचिव मंडी रुद्रपुर विश्व विजय देव सिंह, सचिव मंडी समिति बाजपुर कैलाश शर्मा, मंडी निरीक्षक काशीपुर भुवन चंद्र जोशी, प्रभारी सचिव मंडी नानकमत्ता जय सिंह बोनाल, गदरपुर योगेश तिवारी, निरीक्षक बाट-माप सितारगंज अमित पंत, खटीमा भूपाल सिंह बिष्ट आदि मौजूद थे।

### खेत में फसल काटने पर किसान के साथ मारपीट

**काशीपुर:** कुंडेश्वरी क्षेत्र स्थित अपने खेत में फसल काट रहे एक किसान के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने किसान की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कुंडेश्वरी निवासी संजय कुमार ने पुलिस को तहरीर में कहा कि कुंडेश्वरी क्षेत्र में उसका एक खेत है। कहा कि 25 अगस्त 2024 की दोपहर उसका पुत्र अनिरुद्ध खेत में धान की फसल को काटने के लिए गया था। खेत में ढकिया निवासी सविंदर, तरसेम व जुड़का निवासी अमन सिंह सात से आठ लोगों के साथ पहले से मौजूद थे। आरोपियों ने उसके पुत्र से खेत किसी अन्य व्यक्ति का बताकर फसल को नहीं काटने को कहा। पुत्र के विरोध करने पर सभी ने उसके साथ मारपीट की।

# चेक बाउंस के प्रकरण में निवर्तमान पार्षद गिरफ्तार

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** चेक बाउंस प्रकरण में वार्ड-36 के निवर्तमान पार्षद को आदर्श कॉलोनी पुलिस चौकी ने गिरफ्तार कर लिया है। जहां अदालत में पेश करने के बाद अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी संदीप पिलखवाल ने बताया कि वार्ड-36 के निर्दलीय पार्षद रंजीत सागर ने आवास विकास के रहने वाले एक व्यक्ति से 25 हजार लिए थे। कई माह बीत जाने के बाद जब तकादा किया तो आरोपी ने एक चेक दे दिया था। चेक को बैंक में लगाया तो चेक बाउंस हो गया। इसके बाद अधिवक्ता के माध्यम से नोटिस भेजा गया। बावजूद कोई जवाब नहीं दिया तो याचिकाकर्ता ने अदालत में याचिका दायर की थी।

उन्होंने बताया कि सुनवाई के दौरान अदालत में पेश नहीं होने कारण कोर्ट ने निवर्तमान पार्षद रंजीत सागर के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिया। कई बार हिदायत देने के बाद भी आरोपी अदालत में नहीं पहुंचा तो गुरुवार की देर शाम पुलिस ने आरोपी निवर्तमान पार्षद को गिरफ्तार कर शुक्रवार की सुबह अदालत में पेश कर दिया। जहां आदेशों की अवहेलना पर अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में हल्द्वानी जेल भेज दिया है।

दुर्जन :परिहर्तव्यो विद्यालंकृतो सन।
मणिना भूषितो सर्प :किमसौ न भयंकर : ॥

दुष्ट व्यक्ति यदि विद्या से सुशोभित भी हो अर्थात वह विद्यावान भी हो तो भी उसका परित्याग कर देना चाहिए। मणि से सुशोभित सर्प क्या भयंकर नहीं होता?

## संपादकीय

# जल संचय में जनभागीदारी

बढ़ती वैश्विक आबादी, कृषि, उद्योग और घरेलू उपयोग जैसे विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ती मांग के कारण पानी की कमी और जल संसाधनों में कमी आई है। इसका पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य और आर्थिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यानी सतत विकास के लिए पानी आवश्यक है। पानी एक सीमित संसाधन है, जो जीवन के सभी पहलुओं के लिए आवश्यक है। भारत में दुनिया के कुल ताजा पानी का सिर्फ 4 प्रतिशत ही है। एक बड़े भूभाग को पानी की कमी से जूझना पड़ रहा है। कई जगहों पर पानी का स्तर लगातार गिर रहा है। जलवायु परिवर्तन इस संकट को और गहरा रहा है। भविष्य की पीढ़ियों के लिए इस बहुमूल्य संसाधन की उपलब्धता और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए जीवन के सभी पहलुओं में जल संरक्षण प्रथाओं को अपनाना आवश्यक है। इसलिए जल की कमी और संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता को दुनिया भर में निकट भविष्य की चुनौतियों के रूप में पहचाना जाता है। सरकार ने टिकाऊ भविष्य के लिए जिन नौ संकल्पों को सामने रखा है, उनमें जल-संरक्षण पहला संकल्प है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को 'जल संचय जनभागीदारी पहल' की शुरुआत की और कहा कि जल-संरक्षण केवल नीतियों का नहीं, बल्कि सामाजिक निष्ठा का भी विषय है तथा जागरूकता, जनभागीदारी और जन आंदोलन इसकी सबसे बड़ी ताकत हैं। जल-संरक्षण केवल नीतियों का नहीं, बल्कि सामाजिक निष्ठा का भी विषय है। जागरूक जनमानस, जनभागीदारी और जनआंदोलन ये इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत है।

गौरतलब है कि जल संरक्षण प्रथाओं में कई तरह की गतिविधियां और प्रौद्योगिकियां शामिल हैं जिनका उद्देश्य पानी की खपत को कम करना और पानी की बर्बादी को रोकना है। जल संरक्षण प्रथाओं के कुछ उदाहरणों में कुशल सिंचाई, कम प्रवाह वाले उपकरण और पानी का पुनः उपयोग शामिल हैं। जल संरक्षण भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। देश के कई राज्यों में जल संचयन की पुरातन परंपरा रही है। विशेषकर राजस्थान तो इसका ज्वलंत उदाहरण है। वर्तमान में जल का समुचित प्रबंधन ही हमारी सभ्यता को जीवित रख सकता है। जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए ऐसी रणनीतियों के संयोजन की आवश्यकता है, जो व्यक्तियों, व्यवसायों और सरकारों को स्थायी जल प्रबंधन प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करें। जल संरक्षण को बढ़ावा देने की कुछ रणनीतियों में शिक्षा अभियान, मूल्य निर्धारण तंत्र, विनियमन और प्रौद्योगिकी नवाचार शामिल हैं। जलसंकट की त्रासदी का हल खोजने के लिए भारत को दुनिया में सबसे आगे खड़ा होना ही होगा। हमें संकल्प लेना होगा कि जनभागीदारी से भारत को जल संरक्षण की दिशा में पूरी मानवता के लिए एक प्रेरणा बनाएंगे।

# एलएसी की व्याख्या बिना भारत-चीन विवाद का हल संभव नहीं



पुष्परंजन
वरिष्ठ पत्रकार

अप्रैल 2018 में मोदी-शी वुहान में मिले और 2019 में महाबलीपुरम में दोनों विश्व नेता बगलगीर हुए, लेकिन 2020 आते-आते सीमा तनाव बढ़ गया, जब गलवान घाटी में हुई झड़पों में दर्जनों भारतीय सैनिक और उसके लगभग आधे चीनी सैनिक मारे गए थे।

चीन और भारत ने दशकों पुराने सीमा विवाद का जल्द समाधान करने का संकल्प किया है। पिछले सप्ताह 31 वें दौर की कूटनीतिक वार्ता का समापन करते हुए,दोनों देशों ने संबंधों को मजबूत करने और सीमा पर तनाव को कम करने का अहद किया है। पेइचिंग बैठक के बाद, चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा, "दोनों पक्ष बातचीत और परामर्श को मजबूत करने,एक-दूसरे की वैध चिंताओं को समायोजित करने और जल्द से जल्द एक पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान निकलने पर सहमत हुए हैं। दोनों पक्ष सीमा संबंधी समझौतों का सख्ती से पालन करेंगे और जल्द से जल्द सीमा की स्थिति को सुधारकर, एक नया अध्याय शुरू करेंगे।" भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी हामी भरते हुए कहा है कि दोनों पक्ष "राजनयिक और सैन्य चैनलों" को दुरुस्त करने पर सहमत हुए हैं। इसमें कहा गया है,"एलएसी (वास्तविक नियंत्रण रेखा) का सम्मान, द्विपक्षीय संबंधों में सामान्य स्थिति की बहाली के लिए बुनियादी आधार है।"

वास्तविक नियंत्रण रेखा से तात्पर्य 3,200 किलोमीटर की प्रभावी सीमा रेखा से है। सहमति के अभाव में जिसे अब भी सही से परिभाषित नहीं किया गया है। न तो चीन के बयान में और न ही भारत ने इसकी व्याख्या की है। सीमा वार्ता का 31 वां दौर नई दिल्ली में आयोजित पिछले संस्करण के ठीक एक महीने बाद संपन्न हुआ है। गतिरोध का यह चौथा साल है। दोनों पक्षों को लगा कि वार्ता को गति दी जानी चाहिए। तो क्या, इसमें पुतिन की भी कोई भूमिका है? इस सवाल को यहीं छोड़ जाते हैं। पेइचिंग में हुई बैठक की सह-अध्यक्षता चीनी विदेश मंत्रालय के सीमा और महासागरीय विभाग के महानिदेशक हांग लियांग और भारतीय विदेश मंत्रालय में पूर्वी एशिया के संयुक्त सचिव गौरंगलाल दास ने की। दोनों पक्षों के राजनयिक, राष्ट्रीय रक्षा और आव्रजन विभाग के कर्मचारी भी बैठक में उपस्थित थे। सीमा तनाव को हल करने के लिए कूटनीतिक वार्ता का पहला दौर 2012 में आयोजित किया गया था। भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए बने कार्य तंत्र को, "वर्किंग मैकेनिज्म फॉर कंसल्टेशन एंड कोआर्डिनेशन ऑन इंडिया-चाइना बॉर्डर अफेयर्स" (डब्ल्यू.एम.सी.सी.), नाम दिया गया है। वार्ता का प्रस्ताव तत्कालीन चीनी प्रधानमंत्री वेन चियापाओ ने 2010 में भारत की यात्रा के दौरान रखा था। उसके प्रकारांतर 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के न्यौते पर प्रेसिडेंट शी भारत आए, अहमदाबाद में साबरमती के तट पर झूले का आनंद लिया। उन दिनों दिव्य स्वागत से लगा था कि सीमा पर शांति स्थाई रूप से आएगी।

चीन, समुद्री सीमा विवाद में दोनों कोरिया, फिलीपींस, सिंगापुर, ब्रूनेई, लाओस, मलयेशिया, इंडोनेशिया, जापान और वियतनाम से गाहे-बगाहे उलझता रहा है, लेकिन चीन अब सुधर रहा है। अपने सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ सीमा विवाद सुलझाने की ओर ध्यान देने लगा है, भारत के संदर्भ में यह बड़ी बात है।

अप्रैल 2018 में मोदी-शी वुहान में मिले और 2019 में महाबलीपुरम में दोनों विश्व नेता बगलगीर हुए,लेकिन 2020 आते-आते सीमा तनाव बढ़ गया, जब गलवान घाटी में हुई झड़पों में दर्जनों भारतीय सैनिक और उसके लगभग आधे चीनी सैनिक मारे गए थे। 2022 के बाद से कम से कम दो बार सीमा पर संघर्ष की खबरें आई हैं। इसके बाद कई वरिष्ठ रक्षा-स्तरीय और कूटनीतिक वार्ताएं हुईं। इनसे तनाव कम करने में मदद मिली है, लेकिन पश्चिमी हिमालय में सैन्य गतिरोध में कोई बुनियादी बदलाव नहीं आया है। बहरहाल पिछले महीने चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने कजाकिस्तान में एक क्षेत्रीय बैठक के दौरान अपने भारतीय समकक्ष सुब्रह्मण्यम जयशंकर से मुलाकात की। दो सप्ताह बाद लाओस में भी दोनों मिले। इन कदमों को मोटे तौर पर दोनों पक्षों द्वारा संबंधों में तनाव को कम करने के प्रयासों के रूप में देखा गया है,लेकिन दोनों पक्ष जब तक एलएसी (वास्तविक नियंत्रण रेखा) की व्याख्या नहीं कर लेते, भारत-चीन विवाद का स्थाई हल संभव नहीं है। यह एक अवसर है कि दोनों देशों की लीडरशिप मिल-बैठकर इसकी सर्जरी करें और नोबेल शांति पुरस्कार के साझा हकदार बनें। 14 देशों से चीन की जमीनी सीमाएं मिलती हैं। नार्थ कोरिया, रूस, मंगोलिया, कजाखस्तान, किर्गिजस्तान, ताजिकिस्तान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, इंडिया, नेपाल, भूटान, म्यांमार, लाओस और वियतनाम। फरवरी 2022 में नेपाल ने सीमा पर अतिक्रमण करने का आरोप चीन पर लगाया था। नेपाल की ओर से आधिकारिक तौर पर यह दावा किया गया कि चीन,नेपाल के सुदूर पश्चिम,हुमला जिले में अतिक्रमण कर रहा है। हालांकि काठमांडू स्थित चीनी दूतावास ने किसी भी अतिक्रमण से इंकार किया था। चीन और भूटान के बीच 292 मील लंबी सीमा है। दोनों पक्ष सीमा विवाद सुलझाने के प्रयास में हैं।

चीन, समुद्री सीमा विवाद में दोनों कोरिया, फिलीपींस, सिंगापुर, ब्रूनेई, लाओस, मलयेशिया, इंडोनेशिया, जापान और वियतनाम से गाहे-बगाहे उलझता रहा है, लेकिन चीन अब सुधर रहा है। अपने सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ सीमा विवाद सुलझाने की ओर ध्यान देने लगा है, भारत के संदर्भ में यह बड़ी बात है। हिन्द-प्रशांत में अमेरिका को भारत का ही कंधा दिखता है, लेकिन क्या हम अमेरिका के भरोसे टकराव की राह पर चलते रहें? चीन के लिए आज की तारीख में भारत एक विशालकाय बाजार है और भारत की निर्भरता चीन पर बनी रहेगी,यह उस कहावत को चरितार्थ करता है-"गधे के बिना धोबी का गुजारा नहीं और न धोबी के बिना गधे का।"

चीनी आयात पर भारत की निर्भरता विशेष रूप से ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मास्यूटिकल्स जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में रही है। कार पार्ट्स का 20 प्रतिशत और इलेक्ट्रॉनिक घटकों का 70 फीसद चीन से आयात होता है। इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिकल उपकरण, कार्बनिक रसायन, मशीनें, परमाणु रिएक्टर, बॉयलर, लोहा और इस्पात, चिकित्सा और ऑप्टिकल उपकरण, प्लास्टिक, उर्वरक, ऑटोमोबाइल, फर्नीचर, कपड़ा और अन्य घरेलु वस्तुएं चीन से न आए,तो बाजार में हाहाकार मच जाए। वैश्विक व्यापार में चीन ने खुद को एक "विनिर्माण महाशक्ति" के रूप में स्थापित किया है,जो दुनियाभर के देशों को विविध उत्पाद प्रदान करता है। 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' महाभियान को सही से समझने की जरूरत है। पिछले कुछ वर्षों में चीनी उत्पादों के आयात में भारी वृद्धि देखी जा रही है। उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार उपकरण, हार्डवेयर और घटक, विद्युत उपकरण, उर्वरक और रसायन सबसे डिमांडिंग चीनी आयातों में से रहे हैं। कार के 20 प्रतिशत हिस्से और बिजली के 70 फीसद कम्पोनेंट्स चीन से ही आ रहे हैं। एपीआई का 70 प्रतिशत और चमड़े की वस्तुओं का 40 प्रतिशत हिस्सा चीन से भारत में आयात किया जाता है। निर्यात आयात डेटा के अनुसार 2023 की पहली तिमाही के अंत में चीन से आयातित उत्पाद बढ़कर 98.5 अरब डॉलर हो गए थे,जो चीन से भारत में आयात में 4.16 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। सरकार मालूम नहीं क्यों, आम जनता से इस तथ्य को बताने से कतरा रही थी। भारत और चीन के बीच उभयपक्षीय व्यापार 2021-22 में 115.83 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया था,जो 2020 में 86.39 बिलियन डॉलर के मुकाबले 34 प्रतिशत अधिक है। उन्हीं दिनों चीनी सामानों के बहिष्कार के भावनात्मक नारे लग रहे थे। उद्योग-वाणिज्य मंत्रालय के सूत्र बताते हैं कि इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चीन से भारत में आयात किए जाने वाले शीर्ष उत्पाद हैं। इसमें स्मार्टफोन, लैपटॉप, टेलीविजन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण शामिल हैं।

वैश्विक व्यापार डेटाबेस के अनुसार, " भारत ने 2022 में चीन से 30.63 बिलियन डॉलर मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खरीदे। सेल फोन चीन से भारत का सबसे बड़ा इलेक्ट्रॉनिक आयात है।" मार्च 2024 में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन चुका था। दोनों देशों के बीच 118.41 बिलियन डॉलर का उभयपक्षीय व्यापार हुआ,जो अमेरिका से आगे निकल चुका है। इसी अवधि में अमेरिका-भारत का व्यापार, 118.29 अरब डॉलर रहा है। चीन से आयात की रफ्तार से एक बात तो स्पष्ट हो जाती है कि मेक इन इंडिया कार्यक्रम फ्लॉप हो चुका है। उसकी सबसे बड़ी वजह लेबर प्रॉब्लम है,दूसरा कच्चे उत्पाद की कमी। सबसे बड़ी बात, चीन के मुकाबले सस्ता उत्पाद बनाने में भारतीय कंपनियां विफल रही हैं।

## प्रसंगवश

# भौतिकवाद जीता

हम यहां इस विषय पर कोई निबंध नहीं लिख रहे हैं। दो ठोस उदाहरण पेश कर रहे हैं। एक एकदम ताजा और दूसरा कोई 75 वर्ष पुराना। पहला और ताजा उदाहरण स्वास्थ्य विभाग के उप निदेशक आदित्य वर्द्धन सिंह का है,जो वाराणसी में पदासीन थे और लखनऊ उनका निवास था।

वे अभी चंद रोज पहले कानपुर जिले के बिल्हौर के निकट गंगाजी के नानामऊ घाट पर मित्रों सहित स्नान करने गए थे। वे तैरना जानते थे। इस भ्रम में धारा में ज्यादा आगे बढ़ गए, संभल नहीं पाए और डूबने लगे। तट पर खड़े उनके मित्रों ने जब यह स्थिति देखी, तो घाट पर उपस्थित गोताखोरों से बचाने का आग्रह किया। गोताखोर ने दस हजार रुपये पेशगी भुगतान पर जोर दिया। अब उस समय ये लोग इतनी नकदी तो लेकर गंगा स्नान करने गए नहीं थे, अतः गोताखोरों से हाथ जोड़कर डूबते मित्र को बचाने और बाद में पैसे दे देने का आग्रह करते रहे,किंतु सब निष्फल। गोताखोर ने जब ऑनलाइन दस हजार का भुगतान ले लिया, तब गंगाजी में कूदा। हालांकि तब तक उप-निदेशक डूब चुके थे। यह दर्दनाक हादसा आज के प्रचंड भौतिकवाद और धन-सर्वस्व को उजागर करता है। दूसरा उदाहरण अब से 75-80 साल पहले हमारे बचपन का है। यह भी कानपुर जिले की बिल्हौर तहसील का ही है। बस घाट बदला है। वह नानामऊ न होकर ब्रह्मावर्त था। मेरे जन्म ग्राम विशुनपुर में मेरे पिता जी से एक पीढ़ी ऊपर के सज्जन बच्चू मिश्र रहते थे। वे एक कुशल तैराक और डुबकी लगाने में माहिर थे। बढ़ी हुई गंगा में निकटवर्ती बिठूर (ब्रह्मावर्त) स्नान करने गए थे।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

बिठूर के पंडे/गंगापुत्र अच्छी तरह जानते थे कि बच्चू महराज अच्छे तैराक हैं। बच्चू गंगाजी में कूदे और गहरे में जाकर अपनी कलाबाजियां दिखाने लगे। प्रवाह तेज था, वे थक गए और डूबने लगे। पहले तो तटवर्ती गंगापुत्रों को भ्रम हुआ कि महाराज डुबकी लगाने का प्रदर्शन कर रहे हैं,किंतु जल्दी ही वे यह भांप गए कि अरे! ये तो डूब रहे हैं और बिना समय खोए कई लोग गंगाजी में फांद पड़े तथा बच्चू को सकुशल बाहर निकाल लाए। पैसे का कोई सवाल ही नहीं। न पहले, न बाद में। आज मानवीय मूल्यों, संवेदनशीलता और नैतिकता में हम कहां से कहां पहुंच गए हैं?

# गणेश उत्सव मनाना पहले से अधिक प्रासंगिक

गणेश जी को सनातन संस्कृति में बुद्धि, समृद्धि देने वाले और विघ्न-बाधाओं को हरने वाला देवता माना जाता है तथा सभी धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों में प्रथम पूज्य देव के रूप में पूजने की परंपरा है। भारत में गणेश उत्सव की सार्वजनिक रूप से मनाने की शुरुआत 1893 में बाल गंगाधर तिलक ने राजनीतिक एवं सामाजिक मंच के रूप में की थी। उस समय इसका मुख्य उद्देश्य ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ भारतीय समाज को एकजुट करना था।

तिलक जी का मानना था कि गणेशोत्सव एक ऐसा त्योहार है, जो विभिन्न समुदायों और जातियों के लोगों को अंग्रेजों के विरुद्ध एक साथ ला सकता है और इसे सार्वजनिक एवं सामूहिक रूप से मनाने से लोगों में एकजुटता और राष्ट्रीयता की भावना में वृद्धि होगी तथा उनमें स्वतंत्रता की इच्छा जागृत की जा सकती है। तिलक ने जैसा सोचा था कालांतर में गणेश उत्सव मनाने का प्रभाव वैसा ही हुआ। इस उत्सव ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में विभिन्न जाति, समुदाय के लोगों को अंग्रेजों के विरुद्ध संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐसा नहीं है कि तिलक के आह्वान के पूर्व गणेश उत्सव नहीं मनाया जाता था। पहले भी गणेश उत्सव मनाया जाता था,किन्तु तब वह मुख्य रूप से घर-परिवार तक सीमित था।

प्रश्न यह उठता है कि आज जब भारत पूर्ण रूप से स्वतंत्र गणराज्य है तब क्या भारतीयों को सामूहिक एवं सार्वजनिक रूप से गणेश उत्सव मनाने की आवश्यकता है? मेरे विचार में तो आज गणेश उत्सव का सार्वजनिक रूप से मनाया जाना पहले से ज्यादा आवश्यक एवं प्रासंगिक दिखाई देता है। आज भारतीय समाज विभिन्न जाति, धर्म, संप्रदाय में स्वतंत्रता पूर्व की स्थितियों की तुलना में अधिक बंटा हुआ है। सनातन समाज की बात तो निराली है, भारत में सर्वाधिक होते हुए भी न सिर्फ पहले से ज्यादा जातियों और समुदायों में बंटा और बिखरा हुआ है अपितु इनमें अन्य धर्मों की तुलना में एकता, भाईचारा, समन्वय की डोर भी कमजोर दिखाई देती है। यही कारण है कि अन्य धर्म में विश्वास करने वाले लोग सनातन और उसके धार्मिक ग्रंथों को समय-समय पर तरह-तरह से अपमानित करते रहते हैं। सनातनी ईश्वर के अवतारों को काल्पनिक बताते हैं। सनातन धर्म से अन्य धर्मों में परिवर्तन के समाचार भी आए दिन सुनने को मिलते रहते हैं।



डॉ.मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

कहने को तो हम आज विश्व ग्राम में जी रहे हैं, किंतु हम कितने अकेले हैं यह इससे प्रमाणित होता है कि पड़ोसी पड़ोसी को नहीं पहचानता है। परिवार बिखर रहे हैं।

आज देश में वैमनस्य, अपराध और हिंसा की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। राष्ट्र विरोधी ताकतें भी पनप रही हैं और उनकी राष्ट्र विरोधी गतिविधियां देश को कमजोर करने में लगी हुई हैं। लोगों को बांटा जा रहा है। उनमें झूठ फैलाया जा रहा है। पाखंड,अंधविश्वास, जादू, टोना- टोटका, पूजा-पाठ के नाम पर ठगी कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। सामाजिक बुराई जैसे नशावृत्ति, धूम्रपान, लूटपाट, अपहरण, हत्या, बच्चियों तथा महिलाओं के साथ छेड़छाड़, बलात्कार,हिंसा आदि की घटनाएं शासन-प्रशासन से लेकर आम नागरिकों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। इन स्थितियों में सार्वजनिक एवं सामूहिक रूप से गणेश उत्सव का विभिन्न स्थानों पर आयोजन और उन आयोजनों में सामाजिक बुराइयों और राष्ट्र के सामने खड़ी चुनौतियों से जुड़े विषयों के कारण और समाधान पर चर्चा, प्रदर्शनी, व्याख्यान, नाटक आदि देश में इन विषयों पर जनजागृति लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। समाज को राष्ट्र की उन्नति और विकास के लिए एकजुट कर सकते हैं।

कहने को तो हम आज विश्व ग्राम में जी रहे हैं, किंतु हम कितने अकेले हैं यह इससे प्रमाणित होता है कि पड़ोसी पड़ोसी को नहीं पहचानता है। परिवार बिखर रहे हैं। ऐसे में बच्चों में सामाजिकता के संस्कार पल्लवित नहीं हो रहे हैं। मोहल्ला संस्कृति तिरोहित हो गई है। सभी मोबाइल के काल्पनिक जगत में रहना अधिक पसंद करने लगे हैं। आज दशहरा, दीपावली, होली पर भी लोग एक-दूसरे के घर कम ही जा पाते हैं,मोबाइल पर ही शुभकामना संदेश ढेरों पहुंचते हैं। व्यक्ति बहुत ही एकाकी हो गया है। इस एकाकीपन से अनेक समस्याएं और मानसिक रोग जन्म ले रहे हैं।

विशेषज्ञ हमें चेता रहे हैं कि आने वाली महामारी मानसिक रोगों की होगी। इन सब भयावह स्थितियों से यदि समाज को बचाना है, बच्चों में पारस्परिक व्यवहार के संस्कार विकसित करना है,परिवारों को परिवारों से, जाति को जातियों से जोड़ना है और समाज को विघटन होने से बचना है तो गणेश उत्सव जैसे तमाम त्योहारों के माध्यम से मेल-जोल बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। अतः गणेशोत्सव का आयोजन केवल धार्मिक न रखते हुए नए संदर्भों और उद्देश्यों को सामने रखकर करने की आवश्यकता है।

## सोशल फोरम

# मामला इतना सीधा सपाट नहीं

सर्वोच्च न्यायालय की बुलडोजर न्याय मसले पर कुछ आरंभिक टिप्पणियों से एक पक्ष के चंद लोगों को जो सुखाभास हो रहा है, वैसा कुछ इतना सीधा सपाट नहीं है। घर या कोई भी 'बिल्डिंग' इसलिए नहीं गिराए जा रहे कि कोई बलात्कारी है या हत्यारा है या राज्य के विरुद्ध कोई बड़ा घात कर बैठा है,बल्कि वे इसलिए गिराए जा रहे हैं कि उनका निर्माण अवैध रूप से हथियाई गई जमीन पर है।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

यह तो एक सामान्य बात है कि कानून के मुताबिक अगर कोई दोषी करार हुआ भी है तो केवल इस कारण से किसी का आवासीय घर या कारोबार की बिल्डिंग बुलडोज नहीं की जा सकती। यह न तो नैतिक है और जो नैतिक नहीं वह कानूनन भी नहीं होना चाहिए। भले ही इस पर भारतीय न्याय संहिताओं में कोई स्पष्ट व्याख्यायित कानून की धारा हो या न हो। अब जब अवैध निर्माण के कारनामें जग जाहिर हो जाएं तो क्या सरकारें हाथ पर हाथ रखे बैठी रहें? कौन नहीं जानता कि भारतीय न्याय अमूमन कितना विलंबित हो जाता है। ऐसे में न्यायप्रिय सरकारें चुपचाप बैठी रह जाएं तो फिर त्वरित न्याय की जनआकांक्षाओं पर कैसे खरी उतरेंगी? इसलिए बुलडोजर न्याय का उदाहरण दिखाकर उत्तर प्रदेश ने न्याय की एक मिसाल कायम की है और एक दिशा दिखाई है, जो प्रकारांतर से भारतीय न्याय व्यवस्था की ही पक्षधर है। यह दिखता है कि न्याय डेलिवर हुआ है?

अपराधी सबक लें, धत कर्म करने और कानून को हाथ में लेने की जुर्रत न करें। गैर कानूनी निर्माण करने से परहेज करें। कानून का पालन करने वाले श्रेष्ठ नागरिक का उदाहरण प्रस्तुत करें। आज उत्तर प्रदेश कानून व्यवस्था के लिहाज से ऐसे ही अन्य तमाम राज्यों का सिरमौर नहीं बना हुआ है। आगामी सुनवाइयों में इन पहलुओं को माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष विचारण के लिए रखा ही जाएगा और जो भी आखिरी फैसला आएगा, कहना नहीं है कि वह शिरोधार्य होगा ही।

-फेसबुक वॉल से

# डिजिटल युग के अपराधों पर कैसे लगे लगाम

हाल ही में भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण सुधार हुए हैं, औपनिवेशिक युग के कानूनों से भारतीय न्याय संहिता और भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता में बदलाव किया गया है। हालांकि नई संहिता में साइबर स्टॉकिंग और ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी जैसे डिजिटल युग के अपराधों से निपटने के लिए व्यापक प्रावधानों का अभाव है, जिनकी आज के तकनीकी रूप से संचालित समाज में प्रासंगिकता तीव्रता से बढ़ रही है। नई संहिता वर्तमान के डिजिटल युग बढ़ रहे साइबर अपराधों जैसे कि साइबर स्टॉकिंग, फिशिंग और डेटा उल्लंघन के दायरे को पर्याप्त रूप से परिभाषित नहीं करती हैं।

भारत में फिशिंग और ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं के बावजूद, नए कानून ऐसे अपराधों पर मुकदमा चलाने में शामिल जटिलताओं को कवर नहीं करते हैं। डेटा उल्लंघनों पर बढ़ती चिंता के साथ, डेटा संरक्षण और गोपनीयता उल्लंघन के लिए विशिष्ट प्रावधान प्रदान करने में नई आपराधिक संहिता विफल रही हैं। वर्तमान आपराधिक संहिताओं में डिजिटल साक्ष्यों को एकत्रित करने,उन्हें संरक्षित करने तथा न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए स्पष्ट दिशानिर्देशों का अभाव है,जो डिजिटल अपराधों पर मुकदमा चलाने के लिए आवश्यक है। डिजिटल उत्पीड़न, विशेष रूप से महिलाओं और नाबालिगों को लक्षित करना,नए कानूनी ढांचे में इस संदर्भ में किए गए प्रावधान अपर्याप्त है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, साइबर उत्पीड़न के मामलों में वृद्धि हुई है। विशेष तौर पर महिलाओं के खिलाफ, परंतु नई संहिता ऐसे अपराधों के लिए कड़े दंड निर्दिष्ट नहीं करती हैं। उभरती प्रौद्योगिकियों से निपटने में कमियां हैं,नए कानून उभरती हुई प्रौद्योगिकियों से संबंधित अपराधों,जैसे कि क्रिप्टोकरेंसी घोटाले और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दुरुपयोग को ध्यान में नहीं रखते हैं। क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी ने डिजिटल और आभासी वातावरण में अपराधों को संबोधित करने के लिए वर्तमान में एक कानूनी ढांचे की आवश्यकता को दर्शाया है। हैकिंग, आइडेंटिटी थेफ्ट और साइबर स्टॉकिंग सहित साइबर अपराध के विभिन्न रूपों को लक्षित करते हुए विशिष्ट कानून बनाने की आवश्यकता है, ताकि पीड़ितों को प्रभावी विधिक सहायता मिल सके। सूचना और संचार नेटवर्क उपयोग को बढ़ावा देने के लिए दक्षिण कोरिया के अधिनियम में साइबर अपराधों के खिलाफ व्यापक प्रावधान शामिल हैं,जिसका भारत अनुकरण कर सकता है। डेटा सुरक्षा कानूनों को बेहतर बनानाः डेटा संग्रह, भंडारण और साझाकरण पर स्पष्ट दिशा-निर्देशों के साथ डेटा गोपनीयता विनियमों को मजबूत करना। इन कमियों को प्रभावी ढंग से दूर करने के लिए व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक, 2019 में संशोधित किया जा सकता है और आवश्यक परिवर्तन कर लागू किया जा सकता है।



डॉ. सत्यवान 'सौरभ'
वरिष्ठ पत्रकार

भारत में फिशिंग और ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं के बावजूद, नए कानून ऐसे अपराधों पर मुकदमा चलाने में शामिल जटिलताओं को कवर नहीं करते हैं।

न्यायालयों में डिजिटल साक्ष्य एकत्र करने, प्रमाणित करने और प्रस्तुत करने के लिए मानक स्थापित करना, ताकि इसे आपराधिक कार्यवाही में यह स्वीकार्य और विश्वसनीय बनाया जा सके है। साइबर बुलिंग और डिजिटल उत्पीड़न के पीड़ितों के लिए सख्त दंड और सहायता प्रणाली प्रारंभ करना,जिसमें महिलाओं और नाबालिगों की सुरक्षा पर विशेष जोर दिया जाएगा। महिलाओं और बच्चों के खिलाफ साइबर अपराध रोकथाम योजना एक अज्ञात रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से समर्थन द्वारा डिजिटल उत्पीड़न उपायों को बढ़ाती है। ऐसे कानून बनाना जो ब्लॉक चेन, उभरती प्रौद्योगिकियों द्वारा उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करना,ताकि तकनीकी प्रगति के साथ सामंजस्य बनाए रखा जा सके। यूरोपीय संघ का सामान्य डेटा संरक्षण विनियमन एक लचीला ढांचा प्रदान करता है,जो डिजिटल प्रौद्योगिकियों के विकसित परिदृश्य को संबोधित करता है। व्यापक साइबर अपराध कानूनों को शामिल करके, डेटा सुरक्षा उपायों को बढ़ाकर और उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए प्रोटोकॉल को अपडेट करके,भारत एक मजबूत और उत्तरदायी कानूनी प्रणाली सुनिश्चित कर सकता है। यह विकास तेजी से डिजिटल हो रहे विश्व में नागरिकों की सुरक्षा और समाज में विश्वास, सुरक्षा और न्याय को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है।

# कभी ऐसी भी हो तीज

उत्तर भारत में स्त्रियों के सबसे प्रिय, लेकिन सबसे कठिन पर्वों में से एक तीज या बड़ी तीज या हरितालिका तीज मनाई गई। औरतों ने चौबीस घंटे भूखी और प्यासी रहकर अपने पति के कुशल-क्षेम और लंबी उम्र की दुआएं करीं। व्रत की समाप्ति पर पतियों का आशीर्वाद भी लिया। वैसे यह साबित नहीं हुआ है कि पत्नियों के व्रत करने से पतियों की उम्र में इज़ाफ़ा होता है,लेकिन आस्था तो आस्था है। यह तो समझ में आता है कि किसी भी बहाने कभी-कभी उपवास कर लेना स्वास्थ्य के लिए अच्छा है, लेकिन जल-त्याग की परंपरा का कोई औचित्य नहीं है। घर की दोनों बहुओं और पत्नी को तीज की पूजा में व्यस्त देखकर ख्याल आया कि हमारी दुनिया में जो कुछ भी कोमल, करुण, सुखद, जीवनदायी और सुंदर है उसकी वजह औरतें ही हैं। उनके बगैर हमारी दुनिया कैसी कुरूप, कठोर और क्रूर होती, यह सोचकर डर लगता है। उनके प्रति सम्मान दिखाने के लिए क्यों न तीज की प्राचीन परंपरा को थोड़ा उलट दिया जाए।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

पत्नियों ने बहुत कर लिया,अब पति खुद तीज का व्रत करें,भूखे (प्यासा नहीं) रहें और अपनी पत्नियों के कुशल-क्षेम तथा लंबी उम्र की दुआएं करें। और हां, जैसे पति इस दिन पत्नियों को नई साड़ी, चूड़ियां और कभी-कभी गहने भेंट करते रहे हैं। पत्नियां हमें साड़ी की जगह पैंट-शर्ट और चूड़ियों की जगह कलाई घड़ी भेंट करें। गहने तो हमें नहीं चलेंगे,गहनों की जगह उनसे घर में शांति का वरदान मांग लेना ठीक रहेगा।

# न्यूनतम पेंशन की उम्मीद

24 अगस्त को केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव की घोषणा के बाद अब यूनिफाइड पेंशन योजना लागू होने जा रही है, जिसमें न्यूनतम पेंशन दस हजार देने का प्रस्ताव रखा गया है। इस प्रकार अब देश में 3 पेंशन योजना लागू होंगी। पहली पुरानी पेंशन,दूसरी एनपीएस और तीसरी यूपीएस (जो 1 अप्रैल 2025 से लागू होना प्रस्तावित है) इस योजना में केंद्र सरकार और प्रदेश सरकारों के लगभग 90 लाख सरकारी कर्मचारियों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। दूसरी तरफ निजी क्षेत्र के करीब 78 लाख पेंशनर्स मात्र एक हजार पेंशन पा रहे हैं।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

यूपीएस की घोषणा के बाद ट्रेड यूनियंस ने निजी क्षेत्र की पेंशन को बढ़ावा देकर न्यूनतम पेंशन दस हजार करने की मांग उठानी शुरू कर दी है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा संचालित होने वाली इस पेंशन को बढ़ाए जाने की मांग लंबे समय से उठ रही है। आंकड़ों के मुताबिक कर्मचारी भविष्य निधि संगठन से करीब 8 करोड़ कर्मचारी जुड़े हुए हैं। हालांकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ईपीएफओ से जुड़े निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए एक योजना बनाई गई थी, जिसमें उनके मूल वेतन का 30 प्रतिशत पेंशन देने की बात कही गई थी, परंतु इस मामले में अभी तक कोई ठोस प्रगति नहीं हुई, जो भेदभाव पैदा करती है। निजी क्षेत्र के कर्मचारी यूपीएस की घोषणा के बाद अपने हित की पेंशन योजना की उम्मीद केंद्र सरकार से कर रहे हैं।


काशीपुर के समर स्टडी हॉल विद्यालय में शिक्षक दिवस पर केक काटते विद्यालय के शिक्षक व छात्र। ● अमृत विचार


सितारगंज में सम्मानित शिक्षकों के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

# समाज में गुरु का स्थान होता है सबसे ऊंचा : बहुगुणा

## गदरपुर में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने किया शिक्षकों का सम्मान, भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया बहुगुणा का स्वागत, ज्ञापन सौंपे

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार:** समाज में गुरु का स्थान सबसे ऊंचा होता है। क्योंकि एक गुरु ही अपने शिष्यों को सदमार्ग और परोपकार के रास्ते पर चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता है। यह बात कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने शिक्षक सम्मान समारोह के दौरान कही।

शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी काशीपुर के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा की अध्यक्षता में आवास विकास के एक निजी मैरिज पैलेस में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शिक्षक सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे काबीना मंत्री सौरभ बहुगुणा का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। सम्मान समारोह से पूर्व कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा अपने काफिले के साथ बाजार स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में पहुंचे जहां उन्होंने आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मंदिर कमेटी की ओर से सौरभ बहुगुणा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। वहीं, श्री राधाबल्लभ गौ सेवा ट्रस्ट ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को ज्ञापन देते हुए कहा कि शहर में गोवंश की नियमित रूप से दुर्घटनाएं हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार ने ग्राम बारिराई में 4:30 एकड़ भूमि पशुपालन के लिए आवंटित की है उसके निर्माण में भी देरी हो रही है। सौरभ बहुगुणा ने आश्वासन देते हुए कहा कि गौशाला का निर्माण शीघ्र ही कराया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, पंकज सेतिया, रविंद्र बजाज, डॉक्टर सोनू विश्वास, शिवम त्रिपाठी, अभिषेक गुंबर, मुनि भुसरी, अभिषेक वर्मा, परमजीत सिंह पम्मा, विनोद कुमार, सुभाष खुराना, प्रमोद बजाज मौजूद रहे।


गदरपुर में कैबिनेट मंत्री को ज्ञापन देते लोग। ● अमृत विचार


दिनेशपुर में सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित करते जिपं पूर्व उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास।

### सितारगंज में भी किया गया शिक्षकों का सम्मान

**सितारगंज :** राजकीय इंटर कॉलेज भवन में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हज कमेटी के चेयरमैन खतीब अहमद, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, विधायक प्रतिनिधि उमा शंकर दुबे, भाजपा मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान, निवर्तमान सभासद रवि रस्तोगी, प्रधानाचार्य रवेंद्र पाठक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। गुरुवार को शिक्षक दिवस पर राजकीय इंटर कॉलेज सभागार में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। इस दौरान शिक्षकों ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के आयोजक रवि रस्तोगी ने कहा कि हमारे जीवन में गुरुजनों का बहुत ही बड़ा महत्व है। गुरु बिन होय न ज्ञान, जीवन में कोई भी सफलता बिना गुरु के नहीं मिल सकती। उन्होंने कहा कि बेहतर और शिक्षित समाज स्थापित करने में शिक्षकों की अहम भूमिका रहती है। गुरु के बिना ज्ञान अधूरा है। इस दौरान सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन बबलू सागर ने किया। इस मौके पर राकेश त्यागी, संतोष मिश्रा, परमेश्वरी गंगवार, खलेंद्र चौहान, जानकी खोलिया, सगीर अहमद, श्यामसुंदर श्रीवास्तव, दीपू जोशी, भगवान सिंह भंडारी, दिनेश भट्ट, चंद सिंह डसीला, विनोद कुमार मिश्रा, आजम मालिक, रामबाबू शुक्ला, तीरथ शर्मा आदि मौजूद रहे।

### त्रिनाथ विश्वास ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया सम्मानित

**दिनेशपुर :** शांति प्रसाद मॉडल जूनियर हाईस्कूल सकैनिया में शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास ने एक दर्जन से अधिक सेवानिवृत्त शिक्षकों के अच्छे आचरण व बेहतर शिक्षण कार्य प्रणाली से प्रभावित होकर सम्मानित किया। सेवानिवृत्त शिक्षकों में गिरिजा किशोर राय, प्रभाकर तिवारी, रामविलास, गुलाम राम गुप्ता, मुक्ता प्रसाद शर्मा, अभिमन्यु सिंह, राजेंद्र प्रसाद, सुधेनद्र मोहन मिश्र थे। कार्यक्रम का संचालन सत्यजीत गुलाटी ने किया। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष चंदन सिंह नयाल, रामनेत्र यादव, लल्लन कुमार गुप्ता, सोमल सिंह, मनोज देवराड़ी, ललित खोलिया, चंचल सिंह देऊपा, बलवंत सिंह कोरंगा, मोहनलाल अरोरा, रियासत अली आदि मौजूद रहे।

### समर स्टडी हॉल ने धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस

**काशीपुर :** कुंडेश्वरी रोड स्थित समर स्टडी हॉल विद्यालय में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। गुरुवार को हुए कार्यक्रम में पूर्व उपराष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर फूल माला अर्पित की गई। इसके बाद उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। साथ ही विद्यालय के छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा दिये गये योगदान के बारे में बताया गया। इस दौरान विद्यालय की अध्यक्ष मुक्ता सिंह, अनीता तिवारी व आयुषी मित्तल आदि मौजूद रहे।

## तराई में दोपहर बाद हुई बारिश से लोगों को राहत

**रुद्रपुर:** तराई में दोपहर बाद हुई बारिश से लोगों ने उमस भरी गर्मी से राहत ली है। तराई में चार मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। वहीं मौसम वैज्ञानिकों ने शनिवार और रविवार को भी हल्की बारिश की संभावना जतायी है।

शुक्रवार को सुबह के समय धूप निकली हुई थी। दोपहर बाद अचानक आसमान में बादल छाने लगे और बारिश शुरू हो गयी। यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि तराई का अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि वातावरण में नमी की मात्रा 78 फीसदी रही। उन्होंने बताया कि तराई में चार मिलीमीटर बारिश हुई है। शनिवार और रविवार को भी हल्की बारिश होने की संभावना है। हालांकि उन्होंने बारिश को धान की खेती के लिए लाभदायक बताया है।


शिविर में रक्तदान करते कर्मी। ● अमृत विचार

### शिविर में 205 यूनिट रक्तदान किया

**रुद्रपुर :** भारत विकास परिषद् विवेकानंद शाखा रुद्रपुर ने टाटा मोटर्स में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसमें टाटा मोटर्स के कर्मियों ने 205 यूनिट रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन टाटा मोटर्स के प्लांट हेड महेश सुगुरु, एचआर हेड विष्णुदत्त, डॉ. प्रशांत भारद्वाज, डॉ. अरुण वर्मा, भारत विकास परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय राधू, रुद्रपुर ब्लड बैंक के डॉ.अभिषेक चौधरी ने भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप जलाकर किया। शुक्रवार को शिविर के दौरान भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा अध्यक्ष हरीश ग्रोवर और शाखा सचिव अक्षय गहलोत ने बताया कि ब्लड बैंक से रक्त की मांग आने पर विवेकानंद शाखा ने सिडकुल स्थित कंपनियों से संपर्क किया। उन्होंने बताया कि 205 यूनिट रक्त में से 109 यूनिट रुद्रपुर एवं 96 यूनिट रक्त हल्द्वानी ब्लड बैंक को दिया गया। इस अवसर पर शाखा के रक्तदान संयोजक शीशपाल सिंह, रुद्रपुर ब्लड बैंक के जितेंद्र सिंह, अभिषेक कुमार, सतीश कुमार, हल्द्वानी ब्लड बैंक की डॉ. स्मिता धर्मसत्तू, सरिता रावत, गिरीश मोनी, भारत विकास परिषद के सदस्य आदित्य गौतम, डॉ. पवन कक्कड़, शुभम तुलस्यान, लक्ष्य अग्रवाल उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे की होगी मजिस्ट्रियल जांच

**रुद्रपुर:** जिला मजिस्ट्रेट उदयराज सिंह ने खटीमा में जगबूढ़ा पुल के पास सड़के हादसे की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। इसके लिए उप जिला मजिस्ट्रेट रविंद्र सिंह बिष्ट को जांच अधिकारी नामित किया गया है। साथ ही मामले की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि 18 अक्टूबर 2023 को जगबूढ़ा पुल के पास हादसा हुआ था। इसमें जंगल के बीच सड़क में वाहन संख्या यूपी-41टी-9002 बस के चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाकर रिंकी को गंभीर रूप रूप से घायल कर दिया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी थी। इस मामले की जांच की जा रही है। जांच अधिकारी व उप जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि घटना व प्रकरण के संबंध में यदि कोई व्यक्ति जानकारी रखता हो या कथन करना चाहता है तो वह तीन दिन के भीतर साक्ष्य सहित अपना कथन उप जिलाधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत कर सकते हैं।


खटीमा में श्रम कार्ड को लेकर उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार

### श्रम कार्ड को लेकर महिलाएं परेशान

**खटीमा :** श्रम प्रवर्तन अधिकारी कार्यालय पर श्रम कार्ड बनवाने, रेन्यूअल करने एवं विभाग द्वारा निरस्त किए गए श्रम कार्ड को लेकर उत्पन्न श्रमिक असंतोष थमने का नाम नहीं ले रहा है। महिलाएं श्रम कार्ड के आधार पर शासकीय सुविधा चाहने के लिए अपने घर का काम छोड़कर सुबह से शाम तक यहां परेशान रहती हैं। लेकिन विभाग उनकी सुनवाई नहीं कर रहा है। महिला श्रमिकों की शिकायत पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी कार्यालय पहुंचे ब्लॉक प्रमुख रणजीत सिंह नामधारी ने महिलाओं को आश्वासन दिया कि उनकी समस्या का समाधान होगा। ब्लॉक प्रमुख नामधारी को बताया कि श्रम कार्ड बनवाने में श्रमिक महिलाओं को खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। उनकी पत्रावली में तमाम खामियां बताकर उन्हें लौटा दिया जाता है। कई पुराने श्रमिकों के विभाग द्वारा अकारण श्रम कार्ड निरस्त कर दिए गए हैं। लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार श्रम कार्ड चाहने वाले श्रमिकों की पत्रावलियां पूर्ण सही नहीं होने की स्थिति में उन्हें परेशानी होती है। इसके लिए प्रत्येक मजदूर को टोकन देकर निश्चित समय व तिथि में बुलाया जाता है। इधर ब्लॉक प्रमुख नामधारी ने श्रमिक को होने वाली परेशानी के समाधान के निर्देश दिए।

**जोश** | आज खेले जाएंगे फाइनल मुकाबले, रुद्रपुर में चल रही 32वीं नवोदय विद्यालय राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता

# सेमीफाइनल में लखनऊ संभाग के खिलाड़ियों का दबदबा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय रुद्रपुर में 32वीं नवोदय विद्यालय राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता के तीसरे दिन सेमीफाइनल मुकाबले खेले गये। इस दौरान लखनऊ संभाग के खिलाड़ियों ने कई वर्ग की प्रतियोगिता में शानदार का प्रदर्शन किया और अपना दबदबा बनाये रखा।

शुक्रवार को आयोजित पहले अंडर 14 बालक वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले में लखनऊ की टीम ने हैदराबाद संभाग की टीम को 26-20 के अंतर से हराया। इसी तरह दूसरे मुकालबे में पटना संभाग ने जयपुर संभाग की टीम को 38-34 के अंतर से हराया। इसी तरह अंडर 14 बालिका वर्ग के पहले मुकाबले में लखनऊ संभाग की टीम ने चंडीगढ़ संभाग की टीम को 34-22, दूसरे मुकाबले में भोपाल संभाग की टीम ने पटना की टीम को 14-16 के अंतर से हराया। इसी तरह अंडर 17 बालक वर्ग के पहले सेमीफाइनल में जयपुर संभाग ने शिलांग संभाग को 26-24, दूसरे सेमीफाइनल में लखनऊ संभाग की टीम ने भोपाल संभाग की टीम को 26-24, अंडर 17 बालिका वर्ग के पहले सेमीफाइनल में भोपाल संभाग की टीम ने चंडीगढ़ संभाग को 20-16, दूसरे सेमीफाइनल में लखनऊ की टीम ने जयपुर की टीम को 14-26 के अंतर से हराया। अंडर 19 में बालिका वर्ग के पहले सेमीफाइनल में भोपाल संभाग की टीम ने पटना की टीम को 18-10, दूसरे सेमीफाइनल में लखनऊ संभाग की टीम ने पुणे संभाग की टीम को 20-14 के अंतर से हराया।


रुद्रपुर में आयोजित खो-खो प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में टैगोर नगर ने रविंद्र नगर को हराया

**शक्तिफार्म :** टैगोर ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में टैगोर नगर ने रविंद्र नगर को 3-1 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। टैगोर नगर के खेल मैदान में खेले जा रहे टैगोर ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट का दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच टैगोर नगर व रविंद्र नगर के बीच खेला गया। मैच के पहले हाफ के सातवें मिनट में टैगोर नगर के खिलाड़ी शुभम मंडल ने रविंद्र नगर पर पहला गोल किया। मैच के दूसरे हाफ के आठवें मिनट मे रविंद्र नगर के खिलाड़ी निक्की ने टैगोर नगर पर गोल कर मैच को बराबरी पर ला दिया। दसवें मिनट में रविंद्र नगर के खिलाड़ी से बॉल अपने ही गोल पोस्ट के अन्दर चली गई। जिससे टैगोर नगर को 2-1 से आगे कर दिया। मैच के 30 वे मे टैगोर नगर के पियूष साहनी ने एक और गोल कर दिया। उसके बाद टैगोर नगर ने रविंद्र नगर को 3-1 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शुभम मंडल को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मैच में अखिलेश मंडल रेफरी, जयंत मंडल, सव्यसाची हालदार कॉमेंटेटर, सुजीत विश्वास, दीपेन सेन स्कोरर रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि देबू मंडल, दीपांशु रावत, सरजीत शाह, सुनील विश्वास, पंकज राय, चंद्रकांत दास, किशोर राय, रवि मजूमदार, संजय बाछाड़ आदि मौजूद थे।

### इंडोनेशिया में हाइड्रोप्लस पैरा बैडमिंटन खेलेंगी प्रेमा



**पंतनगर।** इंडोनेशिया में हाइड्रोप्लस पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल-24 प्रतियोगिता 17 से 23 सितंबर को आयोजित होने जा रही है। इसके लिए दिनेशपुर की पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रेमा विश्वास का चयन हुआ है। वह 14 सितंबर को दिल्ली से इंडोनेशिया रवाना होंगी। प्रेमा ने इससे पहले भी वर्ष-2023 में इंटरनेशनल इंडोनेशिया में प्रतिभाग कर कांस्य पदक हासिल किया था। अब तक उनके 12 राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पदक हैं, जबकि कुल पदकों की संख्या 23 है। इसके बाबजूद प्रेमा को खराब आर्थिक स्थिति से जूझना पड़ रहा है। प्रेमा ने बताया कि उन्हें सरकारी नौकरी की बहुत आवश्यकता है, जिससे वह अपना जीवनयापन कर सकें। लेकिन सरकार इस मामले में उनकी कोई मदद नहीं कर रही है। बताया कि क्षेत्र में प्रैक्टिस करने की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है, उन्हें घर से दूर प्रैक्टिस करना पड़ता है।

## सार-संक्षेप

### बड़े वाहनों की नो एंट्री से किसान परेशान, प्रदर्शन

**गदरपुर :** दिनेशपुर मोड़ से चीनी मिल को निकलने वाली सर्विस रोड से गुजरने वाले बड़े वाहनों पर लगाई रोक तथा बैरिकेंडिंग के कारण आ रही समस्याओं से गुस्साए किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया। शुक्रवार को भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष सलविन्दर सिंह कलसी एवं वरिष्ठ किसान नेता सुभाष बेहड़ के सयुक्त नेतृत्व में भारी संख्या में किसान बाईपास की चीनी मिल को जाने वाली सर्विस रोड पर एकत्र हुए। यहां पर उन्होंने एनएचआई एवं कार्यदायी संस्था के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान सलविन्दर सिंह कलसी ने कहा कि सर्विस रोड को भारी वाहनों के नाम से जो बंद किया गया है वह गलत है। यहां से किसानों की ट्रैक्टर ट्रॉलियां अनाज मंडी के लिए आती जाती रहती हैं। मात्र करीब एक किलोमीटर मार्ग बंद किये जाने किसानों के वाहनों को काफी घूमकर आना पड़ रहा है। वहीं किसान नेता सुभाष बेहड़ ने कहा कि उन्होंने कहा कि यदि इस मार्ग से बैरिकेडिंग नहीं हटायी गयी तो मजबूरन होकर किसानों को इसे स्वयं ही हटाना पड़ेगा। इस मौके पर देवेन्द्र सिंह, विक्रमजीत सिंह, कर्ण सिंह, प्रीत सिंह, हरजिन्दर कम्बोज, राजकुमार कम्बोज, सतनाम कम्बोज, देवेन्द्र पाल मौजूद रहे।



विजेता ट्रॉफी के साथ होली कृष्णा कॉलेज की टीम। ● अमृत विचार

### खो-खो प्रतियोगिता में होली कृष्णा कॉलेज का दबदबा

**रुद्रपुर :** जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में होली कृष्णा कॉलेज दिनेशपुर की बालिकाओं का दबदबा रहा। जहां खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीते। वहीं स्कूल प्रबंधन ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। होली कृष्णा कॉलेज के एमडी संदीप यादव ने बताया कि विगत दिनों मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय खो-खो प्रतिस्पर्धा हुई थी। जिसमें कॉलेज की अंडर 14 बालिका वर्ग होली कृष्णा कॉलेज का मुकाबला हेल्पलाइन स्कूल खटीमा के साथ हुआ था। खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का परिचय देते हुए 10-9 से पराजित किया। रैंकिंग के आधार पर टीम की भूमिका भट्ट, अर्पिता मेहरा, नेहा बिष्ट, प्रतीक्षा मंडल, रिया भंडारी, प्रियांशी, काजल पंत का चयन राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में हो गया है। विद्यालय प्रबंधन ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।


बाजपुर इंटर कॉलेज में हुई बैठक में समस्याओं पर चर्चा करते शिक्षक।

### शिक्षक संघ के सत्येंद्र कुमार बने अध्यक्ष

**बाजपुर :** उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ की स्थानीय शाखा की बैठक इंटर कॉलेज बाजपुर में शुक्रवार को संपन्न हुई। इसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए सत्येंद्र कुमार को अध्यक्ष, केके शर्मा को उपाध्यक्ष, पंकज कुमार सिंह को सचिव, कीर्ति वरुण उपसचिव, गजेंद्र प्रताप वत्सल को कोषाध्यक्ष व नौबहार सिंह, धीरज सक्सेना, ललित मोहन जोशी, प्रमोद कुमार जाटव को जिला प्रतिनिधि नियुक्त किया गया। नई कार्यकारिणी व तदर्थ शिक्षकों द्वारा जिला कोषाध्यक्ष रावेंद्र सिंह चौहान को सम्मानित किया गया। इस दौरान एनपीएस व यूपीएस का विरोध किया गया। इस मौके पर इंटर कालेज बाजपुर के प्रधानाचार्य कैप्टन एसपी सिंह, रामाशंकर, योगेंद्र कुमार भक्त, प्रवीण कुमार अरोरा, नौबहार सिंह, डा.रविंदर सिंह, अवनीश कुमार त्यागी, भूपेंद्र कुमार, धीरज सक्सेना, रोहित यादव, सुरेंद्र कंबोज आदि मौजूद रहे।


शांतिपुरी नंबर पांच सूर्यनगर में पोषण दिवस मनातीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने मनाया पोषण दिवस

**शांतिपुरी :** शांतिपुरी नंबर पांच सूर्यनगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यकत्रियों ने संयुक्त रूप से पोषण दिवस मनाया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को उचित खान पान की जानकारियां दीं। उन्हें नियमित रूप से सही आहार लेने के फायदे भी बताए गए। गर्भवती महिलाओं को सही पोषण एवं नियमित स्वास्थ जांच तथा उचित खान पान की सलाह दी। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्री शांति मेहता, मीरा देवी, गीता, अमिला, रानी सुनीति, गीता देवी शोभा, अमेला आदि मौजूद रहे।

### गणेश चतुर्थी महोत्सव का आयोजन आज से

**खटीमा :** सर्राफा एसोसिएशन खटीमा एवं श्री गणेश मित्र मंडल महाराष्ट्र के तत्वावधान में एकादशम श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। रामलीला मैदान स्टेशन रोड पर 7 से 12 सितंबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। 7 सितंबर को शोभा यात्रा नगर भ्रमण, मूर्ति स्थापना पूजा अर्चना, सायं 8 :30 बजे आरती, 9 बजे मां भगवती जागरण, 8 सितंबर को श्री श्याम कीर्तन- प्रिया ठाकुर, 9 सितंबर को शिव महिमा गुणगान- बिटूर राज सिंह, 10 सितंबर को रात्रि 9 :00 बजे श्री बालाजी कीर्तन दरबार- सौरभ विचित्र, 11 सितंबर को हवन शोभायात्रा एवं मूर्ति विसर्जन प्रात: 10 :00 बजे, 12 सितंबर को विशाल भंडारा आयोजित होगा। यह जानकारी उमेश हरियाणवी द्वारा दी गयी।


एक पौधा गोद ले अभियान के विजेता व अन्य। ● अमृत विचार

### एक पौधा गोद ले अभियान प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित

**रुद्रपुर :** सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से एक पौधा गोद ले अभियान प्रतियोगिता के विजेताओं को महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. डीसी पंत ने पुरस्कृत किया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सरबजीत सिंह भी मौजूद रहे। शुक्रवार को महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि एक वर्ष पूर्व शिक्षक दिवस के अवसर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने पुस्तकालय भवन के मार्ग पर दोनों तरफ 10 एरोकेरिया के पौधों का रोपण पूर्व प्राचार्य डॉ. पंत के नेतृत्व में किया था। ए उन्होंने बताया कि बीए तृतीय सेमेस्टर की साजिया बी को प्रथम स्थान, इसी कक्षा की सावीन जहां को द्वितीय स्थान और बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा निकिता को तृतीय स्थान मिला है। सभी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ.राजेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### श्रीराम इंस्टीट्यूट में गेस्ट लेक्चर का आयोजन

**काशीपुर :** श्रीराम इंस्टिट्यूट काशीपुर के सेमीनार हॉल में प्रबंधन विभाग के छात्र-छात्राओं के लिए गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत फोरेक्स के रीजनल बिज़नेस डेवेलपमेंट मैनेजर ऑफ़ इंडिआज इंटरनेशनल बैंक के केआर पंकज ने छात्र-छात्राओं को बिज़नेस डेवलपमेंट के विषयों पर जानकारी दी। शुक्रवार को संस्थान के निदेशक डॉ. योगराज सिंह ने कहा कि एक मजबूत बिजनेस की नींव रखने तथा उसे उच्च स्तर तक सफल बनाने हेतु स्वयं के अंदर बेहतर स्किल्स डेवलप करने की खास जरुरत है। इस दौरान केआर पंकज, प्राचार्य डॉ. एसएस कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

### दुष्कर्म का आरोप

**खटीमा :** उत्तर प्रदेश सीमावर्ती गांव की एक युवती ने पुलिस को सौंपी तहरीर में आरोप लगाया कि गांव का ही एक युवक शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर अपने घर ले गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। यह भी आरोप लगाया कि जब वह वहां से भागने लगी तो घर के सभी लोगों ने उसे पकड़कर मारपीट की। पीड़िता का आरोप है विपक्षी उसे जान से मरने की धमकी दे रहे हैं।

# जसपुर के गांव रायपुर में गुलदार की दस्तक, लोगों में दहशत

## 8 फीट ऊंची चहारदीवारी फांदकर घर में घुस गया गुलदार, बकरी और कुत्ते को बनाया निवाला, अस्पताल की दीवार पर भी बैठा दिखा गुलदार, वन विभाग से लगाई गुहार

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार :** जसपुर क्षेत्र के गांव रायपुर में गुलदार की दस्तक से दहशत है। गुलदार ने एक व्यक्ति के घर में घुसकर बकरी व कुत्ते को निवाला बना लिया।



मोहम्मद शफी।

बुधवार रात्रि दो बजे एक गुलदार करीब 8 फीट ऊंची चहारदीवारी फांदकर गांव रायपुर निवासी मोहम्मद शफी के घर के अंदर घुस गया। आहट होने पर घर में सो रहे परिजनों की आंखें खुल गईं। उन्होंने काफी शोर मचाया लेकिन गुलदार उनकी आंखों के सामने उनकी बकरी को उठा ले गया। जिसे पास के खेत में ले जाने के बाद उसने मारकर निवाला बना लिया। घटना का पता चलते ही गांव में दहशत फैल गई। देखते ही देखते मोहम्मद शफी के घर पर गांव वासियों की भीड़ जमा हो गई। तड़के जब परिजनों व आसपास के लोगों ने घटनास्थल पर जाकर देखा तो गुलदार का शिकार बनी बकरी की हड्डियां पड़ी थीं। परिजनों ने बताया कि अगली रात्रि में गुलदार उनके कुत्ते को भी उठा कर ले गया और उसे भी मौत के घाट उतार दिया। इसके अलावा शुक्रवार को तड़के करीब 5:00 बजे गांव रायपुर पट्टी चटाकपुर निवासी सुरेश फौजी घर का कूड़ा फेंकने जा रहे थे, तभी उन्होंने गांव के अस्पताल की दीवार पर गुलदार को बैठे देखा। इससे उनके होश उड़ गए और वे किसी तरह अपनी जान बचाकर भागे।



मोहम्मद शफी का घर जहां से गुलदार उठा ले गया बकरी और कुत्ता। ● अमृत विचार

### सूचना के बावजूद वन विभाग की टीम नहीं पहुंची

**जसपुर :** मोहम्मद शफी ने बताया कि वे अपने घर के अंदर ही बकरियां पालते हैं और उसी से गुजर-बसर करते हैं। उन्होंने बताया कि गुलदार द्वारा मारी गई बकरी की कीमत करीब 5 हजार रुपये थी। उन्होंने कुत्ते को भी बड़े शौक से पाला था। उन्होंने घटना की सूचना ग्राम प्रधान के माध्यम से वन विभाग को दे दी है। लेकिन वन विभाग की टीम अभी तक मौके पर नहीं पहुंची। गांव रायपुर वासियों ने वन विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ कर जंगल में छोड़ा जाए।

# गुलदारों के आतंक का पर्याय बना जसपुर

सुशील चौहान, जसपुर

**अमृत विचार :** जसपुर क्षेत्र गुलदारों के आतंक का पर्याय बनकर रह गया है। क्षेत्र में आए दिन कहीं न कहीं गुलदार दिखाई दे रहे हैं। गुलदार पिछले कुछ वर्षों में एक महिला समय दो लोगों को मौत के घाट उतार चुका है और काफी लोगों पर हमला कर घायल कर चुका है।

दो दिन पूर्व गुलदार जसपुर क्षेत्र के गांव रायपुर के एक व्यक्ति के घर से बकरी व उसका कुत्ता उठा कर लेकर गया था। पिछले माह नादेही चीनी मिल के पास स्थित गांव राजपुर व उसके आसपास भी गुलदार देखा गया। पिछले वर्ष राजपुर के पास के खेत में गुलदार का एक शावक भी मृत पाया गया था। पिछले वर्ष गुलदार ने रायपुर के पास खेत पर चारा लेने गई सीमावर्ती गांव मोहम्मदपुर राजौरी उत्तर प्रदेश की एक महिला को मौत के घाट उतार दिया था। करीब 4 वर्ष पहले एक गुलदार क्षेत्र के गांव कासमपुर के पास एक खेत में स्थित कुएं में गिर गया था। उसके कुछ समय बाद एक गुलदार ने गांव कासमपुर के पास ही खेत में परिजनों के साथ गेहूं की फसल की कटाई करते समय कासमपुर निवासी शीशराम सैनी पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। उसके बाद भी इस गांव में गुलदार ने 2-3 पशुओं पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। उसके बाद भी कई बार लोगों द्वारा कासमपुर व पास के गांव देवीपुरा में भी गुलदार देखे गए। इसके अलावा जंगल से सटे क्षेत्र के गांव पतरामपुर बढ़ियों वाला निजाम गढ़, मालपुरी, भोगपुर डाम, भोगपुर फॉर्म, फजल पुर गांव में भी गुलदार कई लोगों पर हमला कर चुका है।

जसपुर की सूत मिल लंबे अरसे से बंद पड़ी हुई है। इससे सूत मिल परिसर ने जंगल का रूप धारण कर लिया है। जो जंगली जानवरों की शरण स्थली बन गया है। सूत मिल परिसर में कई वर्षों से जंगली जानवर दिखाई दे रहे हैं। हाल ही में रात्रि में सूत मिल परिसर में तीन गुलदार देखे गए। उससे पहले भी कई बार इस परिसर में गुलदार देखे जा चुके हैं। जिससे जसपुर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में भय व्याप्त है। सूत मिल परिसर जसपुर व समीपवर्ती नगर पंचायत महुआ डाबरा के बीच आबादी क्षेत्र से सटा हुआ है और जसपुर-अफजलगढ़ मार्ग व जसपुर भूतपुरी मार्ग दोनों मार्गों के बीच स्थित है। ये दोनों मुख्य मार्ग हैं। जिन पर रात-दिन काफी आवागमन रहता है।



जसपुर के पास खाली पड़े विशाल सूत मिल परिसर में उगी झाड़ियां।

### घटनाओं से असुरक्षित महसूस कर रहे लोग

**जसपुर :** क्षेत्र में आए दिन गुलदारों के देखे जाने व उनके द्वारा किए जाने वाली घटनाओं से स्पष्ट है कि जंगली जानवर जंगलों से निकलकर आबादी क्षेत्र में आ गए हैं और इनका कुनबा बढ़ता जा रहा है। जिससे लोग बहुत चिंतित हैं और अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।



सितारगंज में प्रमाण पत्र बांटते कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा। ● अमृत विचार

### कंप्यूटर प्रशिक्षित युवाओं को बांटे प्रमाण पत्र

**सितारगंज :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने डॉ. लीलाधर भट्ट मेमोरियल कल्याण समिति हल्द्वानी तथा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सितारगंज के संयुक्त तत्वावधान में संचालित नि:शुल्क टैली कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रोग्राम के प्रथम पासआउट बैच को प्रमाणपत्र वितरित किए। प्रशिक्षण में दो विद्यार्थियों अमृता धामी तथा सुधांशु कुमार को बेस्ट परफॉरमेंस के लिये मोमेंटो तथा प्रमाणपत्र दिया गया। इस दौरान राकेश जोशी ( इलारा फ़ाउंडेशन लंदन ), महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू बंसल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पलविंदर सिंह, सांझी संस्था की प्रेजिडेंट नविता राणा, डॉ. राजविंदर, डीके पंत, हीरा वल्लभ, संजय गोयल, उदय राणा, दिनेश पाठक आदि रहे।

# प्रतिभावान व्यक्तित्व से समाज का विकास संभव

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार :** श्री गुरु तेग बहादुर वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बीवी गुरमीत कौर के जत्थे द्वारा शबद कीर्तन से की गई। ट्रस्ट के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा विगत दिनों 5000 पौधों को जगह-जगह रोपकर पर्यावरण को संरक्षित रखने का लोगों को संदेश दिया गया। राप्राvi भगोरी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय वीरेंद्र नगर द्वारा स्वागत गीत गोशन स्कूल नानकमत्ता द्वारा सुंदर भांगड़ा, नेताजी सरस्वती शिशु मंदिर शक्ति फार्म द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर नाटकीय रूपांतर, गुरु नानक बालिका इंटर कॉलेज द्वारा सुंदर गीत, स्कॉलर वैली स्कूल द्वारा पर्यावरण पर, चैतन्य टेक्नो स्कूल ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल एसएम पब्लिक स्कूल परमानंद कांडपाल सरस्वती शिशु मंदिर नानकमत्ता पुष्पा प्रियंका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नानकमत्ता विद्यालयों द्वारा सुन्दर कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए श्री गुरु तेग बहादुर जी वेलफेयर ट्रस्ट संस्था द्वारा सम्मानित किया। यहां संस्था के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, महेश मित्तल, करमजीत सिंह चन्ना, गोपाल सिंह बिष्ट, भुवन भट्ट सुरेश जोशी, खजान कक्कड़ सुरेश अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, अग्रवाल महासभा के जिलाध्यक्ष महेश मित्तल, सुरेश जैन आदि मौजूद रहे।




सितारगंज में आयोजित सम्मान समारोह में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# होमगार्ड के कंपनी कमांडर इंद्रजीत का निधन, शोक

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** होमगार्ड के कंपनी कमांडर इंद्रजीत सिंह का आकस्मिक निधन हो गया। वह अपने पीछे पत्नी, दो बेटों व भाई का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।



भाजपा नेता मनजीत सिंह राजू के भाई पूर्व पालिका उपाध्यक्ष सुखवंत सिंह के पुत्र इंद्रजीत सिंह का आकस्मिक निधन हो गया। शुक्रवार की सायं चार बजे इनका अंतिम संस्कार मोक्षधाम बाजपुर में किया गया जिसमें होमगार्ड के सहायक जिला कमांडेंट मुकुल राठी की अगुवाई में पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। बेटे कर्णवीर सिंह ने मुखाग्नि दी। शव यात्रा में दर्जा मंत्री बलराज पासी, भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा, निवर्तमान पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते, जगतार सिंह शामिल रहे।

**फायरिंग का मामला** — कई बार कर चुके हैं फायरिंग की वारदात, दर्ज हैं लकड़ी तस्करी के दर्जनों मुकदमे

# संघी गिरोह ने की है वन कर्मियों पर फायरिंग

मनोज आर्या, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** पीपल पड़ाव में वन विभाग की टीम पर गोलीबारी करने वाला कोई नया गिरोह नहीं है, बल्कि कुख्यात लकड़ी तस्करी करने वाला संघी गिरोह है। इस पर पहले भी लकड़ी तस्करी और वन विभाग की टीम पर फायरिंग करने के आरोप लगे हैं। गोलीकांड में गिरोह के सरगना संघी का नाम सामने आया है। जिसकी तलाश में वन विभाग और पुलिस की टीम लग चुकी है।

शुक्रवार की देर शाम पीपल पड़ाव वन रेंज में वन विभाग और सागौन लकड़ी तस्कर के बीच मुठभेड़ हुई है। वह और कोई गिरोह नहीं, बल्कि थाना नगला हरिपुरा हरसान थाना बाजपुर का है। बताया जा रहा है कि संघी नाम से अपना लकड़ी तस्करी का गिरोह संचालित कर रहा संघी इतना कुख्यात है कि वन विभाग की टीम पर कई बार हमला कर चुका है और लकड़ी तस्करी के कई मुकदमे भी चल रहे हैं। घायल रूप नारायण गौतम ने भी इस बात की पुष्टि की है कि जिस वक्त सूचना के आधार पर पीपल पड़ाव वन रेंज पहुंचे। उस वक्त जैसे ही टॉर्च की रोशनी डाली। उस समय मौके पर लकड़ी तस्कर संघी ही मौके पर मौजूद था। इसके आदेश पर ही गोलीकांड को अंजाम दिया है। डीएफओ उमेश चंद्र तिवारी ने बताया कि पीपल पड़ाव वन रेंज में संघी गिरोह ही सक्रिय है। जिसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



घायल रेंज अधिकारी से घटना की जानकारी लेते नवनियुक्त एसएसपी मणिकांत मिश्रा।

### दस मिनट तक तड़तड़ाती रहीं गोलियां

**रुद्रपुर।** सूचना के आधार पर जब वन विभाग की टीम ने महज वन तस्करों के करीब 30 मीटर की दूरी पर थी। तभी अचानक आरोपियों ने तमंचों और 12 बोर की बंदूक से करीब दस राउंड फायरिंग शुरू कर दी थी। घायल होने के बाद खुद को संभालते ही वन विभाग की टीम ने भी 25 राउंड हवाई फायरिंग शुरू कर दी और इसी हवाई फायरिंग से घबराकर तस्कर भागे। वरना बड़ी जनहानि हो सकती थी।

### बेबस दिखे वन कर्मचारी

**रुद्रपुर।** आधुनिक सुविधाओं के अभाव के कारण वन विभाग की टीम बेबस दिख रही थी। हुआ यूं कि जैसे ही वन विभाग को सागौन की लकड़ी काटे जाने की सूचना प्राप्त हुई। वैसे ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है टीम टार्च और 315 बोर की राइफल के साथ थी। इसके बाद भी वन कर्मचारी कायदे कानून में बंधे हुए थे। बताया जा रहा है कि तस्करों ने बीच-बीच में कंट्री मेड पिस्टल का भी प्रयोग किया।

### तस्करों ने दी नये एसएसपी को चुनौती

वन कर्मचारियों पर हुए हमले के बाद चर्चा है कि तराई भाबर में कदम रखते ही लकड़ी तस्करों ने नये एसएसपी मणिकांत मिश्रा को गोलीबारी कर चुनौती दे दी है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बिना चार्ज लिए अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि एक आरोपी की पहचान हो चुकी है।

### मेडिकल कॉलेज से निर्माण सामग्री चोरी

**पंतनगर :** रुद्रपुर में निर्माणाधीन पंडित रामसुमेर शुक्ल राजकीय मेडिकल कॉलेज से निर्माण सामग्री चोरी होने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। मामले में प्राचार्य की तहरीर पर पंतनगर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ आईपीसी की धारा 406 के तहत केस दर्ज किया है। जवाहरलाल नेहरू जिला चिकित्सालय के प्रमुख अधीक्षक और राजकीय मेडिकल कालेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार सिन्हा ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि एक वायरल वीडियों में कुछ अज्ञात लोग निर्माणाधीन मेडिकल कालेज परिसर से अवैध रूप से समान ले जाते हुए दिख रहे हैं। इस समय मेडिकल कालेज परिसर में निर्माण कार्य रूका हुआ है।

### अवैध शराब की भट्टी तोड़ी दो आरोपी किए गिरफ्तार

बाजपुर : प्रभागीय वनाधिकारी तराई पश्चिमी वन प्रभाग रामनगर के निर्देशन एवं उपप्रभागीय वनाधिकारी रामनगर की अगुवाई में गठित वन टीम ने गुलजारपुर प्लाट संख्या-13 में छापेमारी करते हुए अवैध शराब की भट्टी को तोड़ दिया। मौके से भागने का प्रयास कर रहे ग्राम धारी पोस्ट हल्दुवा थाना रामनगर जिला नैनीताल निवासी गुरुमेज सिंह और चरन सिंह को हिरासत में ले लिया। दोनों आरोपियों को पुलिस के सुपुर्द करने की कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम-1927 यथा संशोधित 2001 की धारा 26 ( च ) के अंतर्गत वन अपराध जारी किया जा रहा है।

### वर्ग पहेली-184

**बाएं से दाएं**

3. 1. किसी को फड़कने में प्रवृत्त करना 2. कुछ करने के लिए भड़काना, उत्तेजित करना 3. उत्सुकता उत्पन्न करना।

5. 1. घास-फूस से छाया हुआ छोटा कच्चा घर, मिट्टी से बना हुआ घर 2. तृण कुटीर, पर्णशाला, झोपड़ा।

8. ज़ोर से और अचानक होने वाली ठन-ठन की ध्वनि, ठनकार।

9. शरीर में इंसुलिन हार्मोन की कमी से होने वाला एक प्रकार का रोग, मधुमेह, ( शुगर )।

**ऊपर से नीचे**


1. 1. किसी काम को करने की तरकीब, युक्ति, उपाय, तदबीर 2. चतुराई 3. जुगाड़, ढब 4. आचार-व्यवहार का कौशल 5. हथकंडा।

2. 1. नाराज़ होना 2. ज़रा सी बात पर चिढ़ जाना 3. चिढ़ना, झुंझलाना।

4. 1. जो किसी प्रधान अधिकारी का सहायक हो 2. किसी की ओर से काम करने वाला, मुख़्तार 3. प्रतिनिधित्व करने वाला 4. स्थानापन्न।

6. 1. जो पढ़ने के योग्य हो 2. जिसे सरलता से पढ़ा जा सके।

7. इमारत या बहुत बड़ा लेकिन कम चौड़ा मकान जिसमें कई छोटे-छोटे कमरे होते हैं।




### वर्ग पहेली-183 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | व | रू | 2 प | | 3 डो |
| | | | रि | | प |
| 4 पं | चो | प | चा | र | |
| | | | य | | 5 ता |
| 6 सं | च | य | क | | र |
| जा | | | | 7 वा | पी |
| 8 त | फ़ | सी | र | | न |

### सुडोकू-97

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | 4 | | | |
| | 5 | | | 7 | | 3 | 2 | |
| | 9 | | 6 | 8 | | | 5 | |
| 8 | | | 2 | 4 | | 6 | 3 | |
| 3 | | | | | | | | 5 |
| | 6 | 4 | | 9 | 1 | | | 7 |
| | 8 | | | 3 | 7 | | 1 | |
| | 3 | 2 | | 5 | | | 4 | |
| | | | 9 | | | | 6 | |

### सुडोकू-96 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 3 | 6 | 9 | 5 | 2 | 7 | 8 |
| 9 | 8 | 6 | 7 | 2 | 1 | 4 | 5 | 3 |
| 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 4 | 6 | 1 | 9 |
| 1 | 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 8 | 9 | 3 | 7 |
| 8 | 4 | 9 | 3 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 |
| 3 | 9 | 4 | 2 | 5 | 6 | 7 | 8 | 1 |
| 7 | 2 | 8 | 9 | 1 | 3 | 5 | 4 | 6 |
| 6 | 5 | 1 | 4 | 8 | 7 | 3 | 9 | 2 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 सितंबर शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 17.37 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 12.34 तक तत्पश्चात स्वाती।

**मेष** — आज आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। पार्टनरशिप वाले कार्यों में आपको धन प्राप्त होगा। उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। घर की नवीन वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। होटल कारोबारियों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**वृष** — आज नवीन वस्तुओं की खरीदारी करते समय सावधानी रखें। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की आय बढ़ सकती है। कुछ लोग आपके विषय में अफवाहें फैला सकते हैं। कार्यक्षेत्र में लोग आप पर निर्भर रहेंगे। इसके कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा।

**मिथुन** — आज प्रभावशाली लोगों की मदद से आपके काम बन सकते हैं। प्रेमी जन को प्रपोज करने के लिए दिन बहुत अच्छा है। संतान की उन्नति से आप उत्साहित रहेंगे। मित्रों पर ज्यादा विश्वास न करें। शेयर मार्केट में संभल कर निवेश करें।

**कर्क** — आज बहस की स्थितियों से बचना चाहिए। गलत निर्णय होने से आपको नुकसान होगा। कोई पुराना मामला दोबारा उभर सकता है। पैतृक संपत्ति की समस्या दूर होगी। स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वैवाहिक जीवन में तनाव हो सकता है।

**सिंह** — आज पत्रकारों और लेखन कार्यों से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है। सहकर्मियों का उचित सहयोग मिलेगा। प्रेम संबंधों में मर्यादा का ध्यान रखें। शॉपिंग के लिए बाजार जा सकते हैं। आप रूठे मित्रों को मनाने में सफल रहेंगे।

**कन्या** — आज भावनात्मक मामलों को लेकर उलझ सकते हैं। समस्याओं का डटकर मुकाबला करें। व्यापार में विरोधियों से सावधान रहें। घर में आपसी सामंजस्य में कमी होगी। विद्यार्थियों को इच्छानुसार परिणाम मिलने में कठिनाई हो सकती है।

**तुला** — आज बेरोजगार लोगों को जॉब मिल सकती है। कमीशन से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। नए व्यवसाय को लेकर मित्रों से चर्चा कर सकते हैं आपकी मन:स्थिति काफी स्थिर रहेगी। अविवाहितों को विवाह के उत्तम प्रस्ताव मिलेंगे।

**वृश्चिक** — आज सहयोगी और रिश्तेदारों के साथ संबंध बिगड़ सकते हैं। अचानक खर्च बढ़ने से मन परेशान हो सकता है। धन के लेन-देन में त्रुटि हो सकती है। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। बच्चों की गतिविधियों पर नजर बनाए रखें।

**धनु** — आज आप कुछ नया सीखने का प्रयास कर सकते हैं। जॉब में आपको उच्च पद मिल सकता है। व्यापार में उम्मीद से अधिक धन लाभ होगा। अनुभवी व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा। प्रेमी जन से अपने मन की बातें शेयर करेंगे। बड़े भाई-बहनों से आपको मदद मिलेगी।

**मकर** — आज सहकर्मी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। आपको दृढ़ निश्चय के कारण सफलता मिलेगी। मेडिकल प्रोफेशन से जुड़े लोगों के लिए दिन उत्तम है। व्यापार में अच्छी बढ़ोत्तरी हो सकती है। जॉब में आपके अधिकार बढ़ेंगे। किसी नई डील में धन निवेश कर सकते हैं।

**कुंभ** — आज व्यवसाय में आप कुछ जोखिम ले सकते हैं। परिवार में शुभ उत्सव होने की संभावना है। दिनचर्या काफी संतुलित रहेगी। आपकी व्यवहार कुशलता की लोग प्रशंसा करेंगे। आपके नए मित्र बन सकते हैं। धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

**मीन** — आज परिवार के लोगों से आप थोड़े नाखुश रहेंगे। दूसरों के मामलों को लेकर ज्यादा बहसबाजी न करें। राजनीतिक लोगों को थोड़ी परेशानी होगी। व्यापार में उतार-चढ़ाव होने की संभावना है। अधिकारी वर्ग के लोग आपसे नाराज हो सकते है।

### आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
यमला पगला दीवाना — सुबह : 10.43
जंगल — रात : 08.21

**&pictures**
खिलाड़ी — सुबह : 11.16
लव शुदा — रात : 08.00

**SONY PIX**
स्पाइडर मैन 2 — सुबह : 11.30
ओलिम्पस हेज फॉलेन — रात : 09.00

**ZEE CINEMA**
एंग्री गणेशा — दोपहर : 12.16
धमाल — रात : 08.00

**colors CINEPLEX**
ओएमजी 2 — सुबह : 11.17
योद्धा — रात : 07.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

दो दोस्त सफर पर जा रहे थे, रात हो गई वो टेंट लगाकर सो गए। रात को एक दोस्त की नींद खुली, उसने दूसरे को जगाकर कहा, आसमान की तरफ तुझे क्या नजर आता है?
दूसरा- बहुत सारे सितारे...
पहला- इससे क्या पता चलता है?
दूसरा- आसमान कितना खुबसूरत है।
पहला- अबे न्यूटन की औलाद, टेंट चोरी हो गया है।

पिंटू-शर्ट के लिए एक अच्छा कपड़ा दिखाइए।
सेल्स मैन- प्लेन में दिखाऊं?
पिंटू-नहीं हेलिकॉप्टर में दिखा।

# सीधी भर्ती के विरोध में सीईओ दफ्तर पर धरना

## प्रधानाचार्य के सभी पद पदोन्नति से भरने की मांग, विधायक तिवारी ने भी शिक्षकों के आंदोलन को दिया समर्थन

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** प्रधानाचार्य पदों की सीधी भर्ती के विरोध में माध्यमिक शिक्षक आक्रोशित है। शुक्रवार को राजकीय शिक्षक संघ के बैनर तले नाराज सैकड़ों शिक्षकों ने सीईओ कार्यालय परिसर में धरना दिया। इस दौरान शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जल्द प्रधानचार्य पदों की सीधी भर्ती को निरस्त कर शत प्रतिशत पदों की भर्ती पदोन्नति से भरने की मांग की। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक ने भी अपना समर्थन देते हुए शिक्षकों के साथ धरने में बैठे।

धरना स्थल पर राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भारतेंदु जोशी ने कहा कि शिक्षक दुर्गम इलाकों में पूरी लगन के साथ अपनी सेवाएं दे रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद उन्हें पदोन्नति नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि अब शिक्षक आर-पार की लड़ाई का मन बना चुके हैं। जिला मंत्री भूपाल चिलवाल ने कहा कि सभी विभागों में पदोन्नतियां हो रही है, लेकिन शिक्षक पदोन्नति से वंचित है। इस पर प्रधानाचार्य सीधी भर्ती पूरी तरह से शिक्षकों के हितों पर कुठाराघात है। क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि वे संघर्ष की इस घड़ी में शिक्षकों के साथ हैं। मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन के मंडलीय मंत्री पुष्कर भैसोड़ा ने भी धरना स्थल पर आकर शिक्षकों को अपना समर्थन दिया और कहा कि सरकार कार्मिकों का उत्पीडन कर रही है। मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी भी शिक्षकों के साथ हैं और उनका समर्थन करते हैं। शिक्षकों ने एक स्वर में भर्ती को निरस्त कर पदोन्नति से भरने की मांग उठाई। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

इस अवसर पर राजकीय शिक्षक संघ के मंडलीय मंत्री रविशंकर गुसाईं, महेंद्र पटवाल, हीरा सिंह बोरा, डॉ. कैलाश डोलिया, ब्लॉक अध्यक्ष धौलादेवी राजू महरा, गोपाल सिंह गैड़ा, मदन भंडारी, नितेश कांडपाल, गिरिश चंद्र पांडेय, तारा बिष्ट, बिशन अधिकारी, जीवन तिवारी, गोविंद सिंह रावत, सोबन सिंह कनवाल, ममता वर्मा कनवाल, मालती गस्याल, दीपा सिंह पाल, ईला पांडे, मिनाक्षी जोशी, त्रिभुवन सिंह, हुकुम पलियाल, रमेश पांडेय, मेघा मनराल, तुलसी बिष्ट, पूनम बिष्ट, प्रकाश पंत, अशोक बनकोटी, सत्यवती गंगवार, रेखा जोशी समेत बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



अल्मोड़ा में शुक्रवार को सीईओ कार्यालय पर धरना देते माध्यमिक शिक्षक। ● अमृत विचार

# रानीखेत जा रही मैक्स द्वारसों के पास दुर्घटनाग्रस्त

**रानीखेत, अमृत विचार:** अल्मोड़ा से रानीखेत आ रही मैक्स द्वारसों के पास सड़क पर पलट गई। हादसे में 7 लोग मामूली रूप से चोटिल हो गए। जबकि एक महिला को अस्पताल ले जाना पड़ा। हादसे का कारण टैक्सी चालक का शराब के नशे में होना बताया जा रहा है।

टैक्सी संख्या यूए 01/ 6589 शुक्रवार सुबह 10 बजे अल्मोड़ा से रानीखेत के लिए चली। वाहन में चालक के अलावा कुल दस सवारी थीं। दोपहर लगभग 12 बजे द्वारसों के पास टैक्सी के पलट जाने से उसमें सवार लोगों में चीख—पुकार मच गई। हादसे में सात यात्रियों को मामूली चोटें आईं। जबकि एक महिला की गर्दन पर चोट लगी है उसे निकटवर्ती अस्पताल ले जाया गया। वाहन सवारों के अनुसार टैक्सी चालक शराब के नशे में था। इसे वाहन सही तरीके से चलाने के लिए कई बार बार बोला, लेकिन वह मान नहीं रहा था।

संयोग से वाहन खाई में नहीं गिरा, वरना कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था। चोटिल लोगों का कहना था 112 पर कॉल करने के बावजूद पुलिस काफी देर से मौके पर पहुंची।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए आरपार के संघर्ष का ऐलान


अल्मोड़ा में उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ की मंडलीय बैठक में मौजूद कर्मी।

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ ने पुरानी पेंशन बहाली को लेकर आरपार के संघर्ष का ऐलान कर दिया है। शुक्रवार मंडल कार्यकारिणी की शक्ति सदन अल्मोड़ा में हुई बैठक में तय हुआ कि आंदोलन को धार देते हुए आक्रमक रुख अख्तियार किया जाएगा।

बैठक में वक्ताओं ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग जोर शोर से उठाया। कहा कि एनएमओपीएस की ओर से संचालित पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन को आक्रमक बनाया गया। जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं हो जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर यूपीएस का भी पूर्ण रूप से विरोध किया गया। इसके अलावा बैठक में अभियंताओं की मुख्य मांगों में 5400 ग्रेड वेतन दिए जाने, सहायक अभियंता को सचिवालय पैटर्न के आधार पर प्रतिमाह 28 हजार के साथ ही लॉगबुक के आधार पर पेट्रोल-डीजल देने, सहायक अभियंता से अधिशासी अभियंता के पद पर सेपरेट गैलरी, ऊर्जा निगम की भांति 9 वर्ष, 14 वर्ष एवं 19 वर्ष में प्रथम द्वितीय व तृतीय एसीपी देने, अभियंताओं को विशिष्ट एसीपी, विभागों में नियमित वर्क ऐजेंट, मेट, बेलदारों की नियुक्ति आदि की मांग उठाई। बैठक में मंडल अध्यक्ष कुमाऊ सुरेश डंगवाल, सचिव ललित शर्मा, पंकज मेहरा, अजय टम्टा, यशपाल सिंह, मनमोहन ऐरी, शंकर शम्भू पंत, गणेश रौतेला, एनके जोशी, गोविंद मेहरा आदि रहे।

# बीच सड़क में फंसा कैंटर, 14 घंटे थमी रही हाईवे की रफ्तार

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर पिछले चार दिनों से सफर कर रहे यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। संतोला के पास दो बार मलबा आने से हाईवे घंटों तक बंद रहा। 2 दिन पूर्व इस मार्ग पर पूरे 28 घंटे तक मार्ग बंद रहा था। गुरुवार की रात मलबा गिरने वाली जगह पर कीचड़ होने से मालवाहक कैंटर बीच सड़क में फंस गया। जिससे हाईवे में वाहनों की आवाजाही ठप हो गई। 14 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शुक्रवार सुबह 10:43 बजे कैंटर को हटाकर आवागमन सुचारू किया जा सका।

गुरुवार की रात 8:30 बजे टनकपुर से भवन निर्माण सामग्री लेकर पिथौरागढ़ जा रहा कैंटर संख्या-यूके 03, सीए-2194 संतोला के पास बीच सड़क में फंसने से राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। निजी वाहनों से यात्रा कर रहे यात्री घाट-सिमलखेत होते हुए मैदानी क्षेत्रों के लिए रवाना हो गए। लेकिन ट्रक व कैंटर तथा अन्य वाहनों में फंसे लोगों को रात भर वाहनों में बैठे-बैठे परेशान होना पड़ा। शुक्रवार की सुबह पोकलैंड मशीन से कैंटर को हटाकर हाईवे सुचारू किया गया। एनएच के ईई आशुतोष कुमार ने बताया कि कैंटर वाहन से भवन निर्माण सामग्री खाली करने के बाद उसे मशीन से हटाया गया।


टनकपुर पिथौरागढ़ हाईवे के संतोला के पास फंसा वाहन। ● अमृत विचार

# कोसी घाटी में धूमधाम से मनाया शिक्षक महोत्सव

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** कोसी घाटी में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। आयुष्मान कान्वेंट विद्यालय गरमपानी में शिक्षक दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक मुकेश त्रिपाठी ने मां सरस्वती के चित्र के समीप दीप प्रज्वलित कर किया।

प्रबंधक मुकेश त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर जानकारी दी। बताया कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। विद्यार्थियों ने शिक्षकों को सम्मानित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। नौनिहालों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समां बांधा। इस दौरान प्रधानाचार्य मीनू त्रिपाठी, संतोष कुमार, सरिता मेहरा, सरिता तिवारी, निशा मंगच्वाडी, सपना, गीता बिष्ट, मनीषा आर्या, नीलम जोशी, हेमा बिष्ट, प्रीती मंगच्वाडी, लतिका बिष्ट, आरती कपिल मौजूद रहे। इधर उच्च माध्यमिक विद्यालय काकड़ीघाट में भी शिक्षक दिवस की धूम रही। विद्यालय में केक काटकर विद्यार्थियों को वितरित किया गया।

इस दौरान ग्राम प्रधान भारती देवी, उपप्रधान हरीश सिंह जीना, सरपंच रणजीत सिंह जीना, युवा मंगल दल अध्यक्ष विनोद जीना, सामाजिक कार्यकर्ता देवेन्द्र सिंह जीना, मदन सिंह बिष्ट, संगीता वर्मा, मनोरमा वर्मा, गीता गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

# ब्लड बैंक का संचालन हुआ शुरू

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** सोबन सिंह जीना राजकीय आयुर्विज्ञान शोध संस्थान में ब्लड बैंक का संचालन शुरू हो गया है। शुक्रवार को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने वर्चुअल माध्यम से ब्लड बैंक का शुभारंभ किया। शुभारंभ मौके पर 39 स्वैच्छिक रक्तदाताओं का पंजीकरण किया गया। जिनमें 25 रक्तदान के लिए योग्य पाए गए और प्रथम दिवस में 18 यूनिट रक्त लिया गया।

अल्मोड़ा, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के मरीजों को बेहतर उपचार देने के लिए करोड़ों की लागत से अल्मोड़ा में मेडिकल कॉलेज स्थापित किया गया। कॉलेज को अस्तित्व में आए ढाई साल से अधिक का समय बीतने के बाद भी यहां सुविधाएं नहीं मिलने से मरीज परेशान थे। स्थिति यह थी कि कॉलेज में रक्तकोष नहीं होने से मरीजों को खून के लिए भटकना पड़ रहा था। मजबूरन मरीजों को जिला अस्पताल की दौड़ लगानी पड़ रही थी। इधर, अब कॉलेज प्रशासन को केंद्र से अनुमति मिलने के बाद ब्लड बैंक का संचालन शुरू कर दिया हैं।



ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान करते प्राचार्य व अन्य मेडिकल स्टॉफ। ● अमृत विचार

### इमरजेंसी के समय मरीजों को मिलेगी काफी राहत

मेडिकल कॉलेज में ब्लड बैंक खुलने से खासकर इमरजेंसी के समय मरीजों को काफी राहत मिलेगी। वहीं, मरीजों को खून के लिए इधर–उधर नहीं भटकना पड़ेगा। कालेज के प्राचार्य डॉ. चंद्र प्रकाश भैसोड़ा ने कहा कि अस्पताल में ब्लड बैंक संचालित होने से सुदूर के मरीजों को इसका लाभ मिलेगा। अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी और जागेश्वर विधायक मोहन सिंह मेहरा ने भी ब्लड बैंक खुलने पर खुशी जताई। यहां भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, नोडल प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अनिल पांडे, आशीष जैन, हेम बहुगुणा, राजा खान, ललित लटवाल आदि मेडिकल स्टॉफ रहा।


देहरादून में राज्यपाल ने शिक्षक चौबे को किया सम्मानित। ● अमृत विचार

### शिक्षक चौबे को मिला शैलेश मटियानी पुरस्कार

**चम्पावत, अमृत विचार :** राजकीय इंटर कालेज लोहाघाट के जीव विज्ञान प्रवक्ता श्याम दत्त चौबे को उत्कृष्ट शिक्षा, विज्ञान, नवाचारी शिक्षण और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिये शैलेश मटियानी राज्य पुरस्कार प्रदान किया गया है। शिक्षक दिवस के दिन उन्हें देहरादून में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं उच्च शिक्षा मंत्री धनसिंह रावत भी मौजूद रहे। अध्यापन कार्य के साथ प्रधानाचार्य एवं जिला कमिश्नर स्काउट गाइड की जिम्मेदारी संभाल रहे सुंई निवासी चौबे ने वर्ष 1991 में जीआईसी खेतीखान से अध्यापन कार्य शुरू किया। विज्ञान विषय में उत्कृष्ट परीक्षाफल देने, छात्र नामांकन वृद्धि, कई नवाचारी शिक्षण कार्य अनेक छात्रों के प्रतिवर्ष विज्ञान की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में विशिष्ट प्रदर्शन करने व स्वयं कई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय सेमिनारों में प्रतिभाग के लिए उन्हें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार दिया गया है। शिक्षक चौबे की पत्नी सुशीला चौबे को भी वर्ष 2009 में शैलेश मटियानी पुरस्कार मिल चुका है।

# 17 किलो गांजे के साथ युवक दबोचा

- पुलिस टीम ने कूपी बैंड पंप हाउस के पास से पकड़ा
- बरामद गांजे की कीमत 4 लाख 45 हजार 750 रुपये आंकी गई

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत पुलिस का जिलेभर में चेकिंग अभियान जारी है। चेकिंग के दौरान सल्ट पुलिस की टीम ने कूपी बैंड पंप हाउस के पास एक युवक को गांजे के साथ दबोच लिया। युवक के कब्जे से कार में रखी 17.83 किलो गांजा बरामद की। इसके बाद पुलिस ने युवक पर एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई की है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार सल्ट पुलिस की टीम ने कूपी बैंड पंप के पास चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान स्विफ्ट डिजायर कार संख्या यूके 01 टीए 3807 को रोका गया। तलाशी लेने पर वाहन चालक दीपक नेगी (22) पुत्र बलबीर सिंह नेगी, निवासी बैलगड़ फॉरेस्ट चौकी, रामनगर जिला नैनीताल के कब्जे से एक सफेद प्लास्टिक के कट्टे में एवं एक बैग में कुल 17.83 किलोग्राम गांजा बरामद की गई। बरामद गांजे की कीमत करीब 4 लाख 45 हजार 750 रुपये आंकी गई। पुलिस ने मौके पर गांजे को सील कर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी टीम में एसआई मदन मोहन जोशी, एएसआई मोहन चंद्रा, हेड कांस्टेबल संजू कुमार, कपिल कुमार, सुरेश चंद्र, दीपक कुमार शामिल रहे।


सल्ट पुलिस की गिरफ्त में गांजा तस्करी का आरोपी युवक। ● अमृत विचार

# धूमधाम से मनाया जा रहा है हरतालिका तीज पर्व

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** पड़ोसी देश नेपाल में हरतालिका तीज पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसका आज आगाज हो गया है। पड़ोसी देश नेपाल में इस समय इस पर्व की धूम मची हुई है।

नेपाल में शुक्रवार को महिलाओं ने इस पर्व पर अपने पति की दीर्घायु की कामना और पूजा की। साथ ही टनकपुर से लगे नेपाल के ब्रम्हदेव मंडी में महिलाओं द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें नेपाल ही नहीं भारत से भी लोगों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।


हरतालिका तीज पर्व पर नृत्य करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# कृति आजाद हेड बॉय और रोजा हेड गर्ल चुनी गईं

**टनकपुर, अमृत विचार :** होली ट्रिनिटी पब्लिक स्कूल में छात्र संसद का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें कृति आजाद हेड बॉय और रोजा परवीन हेड गर्ल चुने गए।

स्कूल प्रबंधक जेबी सिंह ने बताया की प्रधानाचार्य नीरज सिंह की देखरेख में विद्यालय में छात्र संसद का गठन किया गया। चुनाव अधिकारी पुष्पा खत्री और विकास ठाकुर रहें। हेड बॉय और हेड गर्ल के अलावा कैबिनेट में छात्र-छात्राओं को जिम्मेदारियों के साथ शामिल किया गया और उन्हें अपने काम के प्रति जिम्मेदारी निभाने और सभी बच्चों के साथ प्रेम से रहने का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर अश्वनी सिंह, सायरा सिंह ने बच्चों को शुभकामनाएं दी।

आयोजन

**संयुक्त मजिस्ट्रेट ने किया महोत्सव स्थल का निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी लिया जायजा, समिति पदाधिकारियों व अधिकारियों के साथ बैठक की**

# रानीखेत में मां नंदा देवी महोत्सव को लेकर तैयारी तेज

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार :** नगर में 134वें मां नंदा-सुनंदा महोत्सव के आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस बार महोत्सव में पहली बार मेला आयोजित किया जा रहा है। जिसको लेकर प्रशासन ने आयोजन समिति और विभागीय अधिकारियों की बैठक की।

तहसील सभागार में नवागत संयुक्त मजिस्ट्रेट राहुल आनंद ने बैठक में मेला स्थल और मेले की प्रकृति को लेकर समिति सदस्यों से जानकारी ली गई। संयुक्त मजिस्ट्रेट ने आयोजन समिति से मेले में सुरक्षा प्रबंधों के बारे जानकारी ली। साथ ही मेला स्थल पर स्वच्छता, आपात चिकित्सा, पेयजल व्यवस्था, अग्निशमन प्रबंधन पर भी चर्चा हुई। संयुक्त मजिस्ट्रेट ने कहा कि आयोजन समिति द्वारा मेला स्थल पर सुरक्षा मानकों के अनुसार प्रबन्ध करने के बाद अनुमति प्रदान की जाएगी। संयुक्त मजिस्ट्रेट ने विभागीय अधिकारियों और आयोजन समिति पदाधिकारियों के साथ मेला स्थल राजपुरा ग्रांउड का स्थलीय निरीक्षण किया और मेले में किए जा रहे प्रबंधों पार्किंग व्यवस्था, टायलेट, मेला स्थल प्रवेश व निकासी द्वार, पेयजल व्यवस्था, विद्युत हाइटेंशन लाइन से इतर स्टॉल लगाने आदि जानकारी लेते हुए विभागीय अधिकारियों से मौके पर चर्चा की। उन्होंने मेले की व्यवस्था सम्बंधी जानकारी लिखित में देने को कहा ताकि मेले की आधिकारिक अनुमति प्रदान की जा सके। इस दौरान महोत्सव समिति अध्यक्ष अंशुल साह, सांस्कृतिक संयोजक विमल सती, संरक्षक हरीश लाल साह, छावनी परिषद एकल सदस्य मोहन नेगी, दीपक पंत, सोनू सिद्दीकी सहित अधिकारी मौजूद रहे।


रानीखेत में नंदा देवी महोत्सव स्थल का निरीक्षण करते संयुक्त मजिस्ट्रेट।


अल्मोड़ा नंदादेवी में आयोजित मेहंदी और ऐपण प्रतियोगिता में प्रतिभागी। ● अमृत विचार

### मेहंदी में गायत्री व ऐपण में रिषभ ने मारी बाजी

**अल्मोड़ा :** ऐतिहासिक और पौराणिक मां नंदादेवी मेले की शुरुआत हो गई है। शुक्रवार को मेले के तहत जूनियर और सीनियर वर्ग में मेहंदी, ऐपण और नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। मेला समिति के मीडिया प्रभारी जगत तिवारी ने बताया कि मेहंदी प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में गायत्री, निहा अंसारी, निशा, स्वरमा ने बाजी मारी। जबकि सीनियर वर्ग में हर्षिता, मीनाक्षी, विनीता और वंदना क्रमश प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रही। वहीं, ऐपण में रिषभ रावत, चंद्रबल्लभ जोशी, कमल मेहता ने बाजी मारी। इसके बाद मेले में देर शाम विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। जिसमें स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर रंग जमा दिया। यहां निर्णायक की भूमिका गीता मेहरा, मीना भैसोड़ा, निर्मला जोशी, हेमलता वर्मा, अर्जुन बिष्ट, मनोज सनवाल आदि रहे।

### समर्पित भाव से पार्टी के लिए काम करें कार्यकर्ता: नवप्रभात

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** अल्मोड़ा कांग्रेस जिला पार्टी दफ्तर में शुक्रवार को अनुशासनात्मक कमेटी अध्यक्ष नवप्रभात ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली। उन्होंने संगठन के मध्य आपसी समन्वय, संवाद और विचारों को लेकर जनता के बीच जाने की रणनीति पर ध्यान देने को कहा। बैठक में अध्यक्ष कांग्रेस अनुशासनात्मक कमेटी नवप्रभात ने कहा कि अगर पार्टी कार्यकर्ता और नेतागण अनुशासन और समर्पित भाव से पार्टी के लिए कार्य करें तो जल्द ही प्रदेश में कांग्रेस के हाथों में सत्ता की डोर होगी। जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज ने कहा कि बैठक के माध्यम से कांग्रेस पदाधिकारियों में समन्वय स्थापित कर कांग्रेस पार्टी को मजबूती से आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस मौके पर यहां क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी, पूर्व विस अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, निर्वतमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, राधा बिष्ट, तारा चंद्र जोशी, दीपा साह, शोभा जोशी, गीता मेहरा, दीपक कुमार, राजेंद्र बाराकोटी, पीतांबर पांडे, किरण आर्या, दानिश खान, निर्मला कांडपाल, भगवती मटेला, दुर्गा उप्रेती, सुरेंद्र कुमार आर्य, रमेश भाकुनी, अख्तर हुसैन, विक्रम बिष्ट रहे।


कांग्रेस पार्टी दफ्तर में आयोजित बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## एक नजर

### खनन तय समय से पहले शुरू करेगा एनएलसी

**नई दिल्ली।** एनएलसी इंडिया लिमिटेड का लक्ष्य ओडिशा में माछकाटा कोयला ब्लॉक का खनन तय समय से पहले शुरू करने का है। माछकाटा ब्लॉक दूसरा वाणिज्यिक कोयला ब्लॉक है और एनएलसीआईएल की खनन परियोजनाओं में सबसे बड़ा है। एनएलसी इंडिया लिमिटेड जुलाई में आयोजित वाणिज्यिक कोयला ब्लॉक ई-नीलामी के तहत ओडिशा के अंगुल जिले में माछकाटा (संशोधित) कोयला ब्लॉक के लिए सफल बोलीदाता के रूप में उभरी थी।

### एमआईजीए करेगा बहु-दाता ट्रस्ट फंड की स्थापना

**नई दिल्ली।** बहुपक्षीय निवेश गारंटी एजेंसी (एमआईजीए) ने सौर परियोजनाओं के समर्थन के लिए एक कोष की स्थापना करने की शुक्रवार को घोषणा की। एमआईजीए, विश्व बैंक समूह गारंटी तथा अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) का हिस्सा है। एमआईजीए-आईएसए सौर सुविधा बहु-दाता ट्रस्ट फंड है। यह आईएसए की प्रौद्योगिकी विशेषज्ञता और एमआईजीए की वित्तपोषण जुटाने की क्षमता को संयोजित करेगा, जिससे सौर ऊर्जा को वैश्विक स्तर पर अपनाने में तेजी लाने के लिए एक अभिनव तंत्र का निर्माण होगा।

### हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 5950 मसूरी- 5700 बासमती- 9700 परमल- 3900 **दाल दलहन :** काला चना- 9650 साबुत चना दाल- 9700 मूंग साबुत- 10800 राजमा- 13500-15400 दाल उड़द- 10700 साबुत मसूर दाल- 7800 मसूर दाल- 7800 उड़द साबुत- 11600 काबुली चना- 15400 अरहर दाल- 15500 लोबिया/करमानी- 9600 सोयाबीन- 4700 मूंगफली- 11600 मटर (सूखी)- 5800 मक्का- 2900

# टमाटर, पोल्ट्री की कीमतें घटने से खाने की थाली हुई सस्ती

## श्रावण मास में मांसाहार कम होने से कीमतों में आई गिरावट

**मुंबई, एजेंसी**



- क्रिसिल के मुताबिक शाकाहारी भोजन अगस्त में 4 प्रतिशत घटकर 31.2 रुपये हुआ
- मांसाहारी थाली की कीमत जुलाई की तुलना में तीन प्रतिशत घटकर 59.3 रुपये हुई

श्रावण मास में अधिकांश लोगों के मांसाहार से परहेज करने के कारण टमाटर और पोल्ट्री की कीमतों में गिरावट आई है। इससे अगस्त में घर में पकाए जाने वाले भोजन की कीमतों में कमी देखी गई। घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के मुताबिक, शाकाहारी भोजन की कीमत जुलाई के 32.6 रुपये प्रति थाली की तुलना में अगस्त में 4 प्रतिशत घटकर 31.2 रुपये हो गई। वहीं पिछले साल के अगस्त महीने में इसकी कीमत 34 रुपये प्रति थाली थी। रिपोर्ट कहती है कि मांसाहारी थाली की कीमत जुलाई की तुलना में तीन प्रतिशत घटकर 59.3 रुपये हो गई। हालांकि, अगस्त, 2023 की तुलना में यह 12 प्रतिशत अधिक थी।

क्रिसिल ने अपनी मासिक रोटी चावल दर रिपोर्ट में कहा कि अगस्त में टमाटर की कीमतें घटकर 50 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गईं। यह जुलाई के मुकाबले 23 प्रतिशत और एक साल पहले के मुकाबले 51 प्रतिशत की गिरावट है। थाली की कीमतों में गिरावट के पीछे टमाटर में आई नरमी की अहम भूमिका है। शाकाहारी थाली में रोटी, सब्जियां (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद हैं, जबकि मांसाहारी थाली में दाल की जगह ब्रॉयलर मुर्गे हैं। श्रावण में ब्रॉयलर की कीमतों में मासिक आधार पर तीन और सालाना आधार पर 13 प्रतिशत गिरावट आई। पिछले साल की तुलना में मांसाहारी थाली की कीमतों में तेज गिरावट दर्ज की गई।

### ईंधन व अन्य की गिरी कीमत ने लागत को किया कम

साल की शुरुआत में रसोई गैस की कीमतों में कमी आने से ईंधन की लागत में 27 प्रतिशत की गिरावट आई है। साथ ही वनस्पति तेल, मिर्च और जीरे की कीमतों में नरमी ने भी पिछले साल की तुलना में भोजन की लागत को कम किया है। क्रिसिल ने कहा कि अगस्त में भोजन की कीमतों में अधिक गिरावट आती, लेकिन प्याज की कीमतों में 15 रुपये प्रति किलोग्राम और आलू की कीमतों में सालाना आधार पर 13 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी से ऐसा नहीं हो पाया। जिसका असर दोनों थालियों पर पड़ा है।

# बोनस शेयर : शेयरधारकों के लिए लाभ

बोनस शेयर वे अतिरिक्त शेयर होते हैं जो कंपनियाँ अपने मौजूदा शेयरधारकों को मुफ्त में देती हैं। ये शेयर लाभांश के बजाय वितरित किए जाते हैं और कंपनी की मौजूदा शेयरधारिता का अनुपात बढ़ाते हैं। बोनस शेयर से मौजूदा शेयरधारकों की हिस्सेदारी बढ़ जाती है और उन्हें कंपनी की वित्तीय स्थिति के प्रति विश्वास होता है। यह शेयरधारकों के लिए सकारात्मक संकेत होता है और नकद लाभांश के विकल्प के रूप में उपयोगी होता है। बोनस शेयर पाने के लिए शेयरधारक को रिकॉर्ड डेट पर कंपनी का मौजूदा शेयरधारक होना आवश्यक होता है।

**हिस्सेदारी बढ़ना:** शेयर धारकों की हिस्सेदारी बढ़ती है। शेयरधारक के पास 100 शेयर हैं और कंपनी 1:1 के अनुपात में बोनस शेयर जारी करती है, तो उनके पास अब 200 शेयर होंगे।

**शेयर की कीमत में वृद्धि:** बोनस शेयर जारी करने के बाद शेयर की कीमत में सामान्यत: थोड़ी कमी हो सकती है, लेकिन यदि कंपनी की वित्तीय स्थिति मजबूत रहती है।

**लाभांश के बजाय शेयर:** शेयरधारक को नकद लाभांश के रूप में भुगतान नहीं किया जाता, जिससे शेयरधारक के पास कंपनी की शेयरधारिता बढ़ जाती है, जबकि कंपनी के पास नकद पूंजी की कमी नहीं होती।

**शेयरधारक अनुपात:** बोनस शेयर सामान्यत: एक निश्चित अनुपात में दिए जाते हैं। शेयरधारक को बोनस शेयर प्राप्त करने के लिए इस अनुपात के अनुसार उनकी मौजूदा शेयरधारिता के अनुसार अतिरिक्त शेयर मिलते हैं।

**कर की छूट:** कई देशों में बोनस शेयर को लाभांश के रूप में नहीं गिना जाता, इसलिए इससे करों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। हालांकि, यह स्थिति देश के कर कानूनों पर निर्भर करती है।

**मूल्य समायोजन:** बोनस शेयर जारी करने के बाद शेयर की कीमत आमतौर पर घट जाती है, लेकिन शेयर की तरलता बढ़ जाती है। इससे शेयरधारकों को शेयरों की ट्रेडिंग में आसानी होती है।

**मौजूदा शेयरधारक:** बोनस शेयर उस व्यक्ति या संस्था को मिलते हैं जो कंपनी के रिकॉर्ड में शेयरधारक के रूप में सूचीबद्ध हैं। शेयर जारी करने के समय एक रिकॉर्ड डेट निर्धारित की जाती है।

**शेयर बाजार में सकारात्मक संकेत:** बोनस शेयर जारी करने से शेयरधारकों को लगता है कि कंपनी की वित्तीय स्थिति अच्छी है और उसका भविष्य सकारात्मक रहेगा।

**निवेश के प्रकार:** बोनस शेयर आमतौर पर उन शेयरधारकों को दिए जाते हैं जिन्होंने शेयरों को लंबी अवधि के लिए रखा है और उन पर किसी प्रकार की असामान्य स्थिति जैसे कि कंपनी के शेयर की बिक्री या ट्रांसफर नहीं की हो।

**पारदर्शिता और सूचना:** कंपनी बोनस शेयर जारी करने की घोषणा करती है और इससे जुड़े सभी विवरण जैसे कि रिकॉर्ड डेट, वितरण की तारीख और अनुपात सूचित करती है।




## विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 683.987 अरब डॉलर पहुंचा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 2.299 अरब डॉलर बढ़कर 683.987 अरब डॉलर के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 7.023 अरब डॉलर बढ़कर 681.688 अरब डॉलर हो गया था। रिजर्व बैंक के अनुसार, 30 अगस्त को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.485 अरब डॉलर बढ़कर 599.037 अरब डॉलर हो गईं। विदेशी मुद्रा आस्तियों में मुद्रा भंडार में रखे यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

## नौ और हवाई अड्डों पर डिजी यात्रा शुरू

**मुंबई।** केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के स्वामित्व वाले नौ और हवाई अड्डों पर शुक्रवार को डिजी यात्रा सुविधा की शुरुआत की। अधिकारी ने बताया कि इन हवाई अड्डों में विशाखापत्तनम, पटना, रायपुर, भुवनेश्वर, गोवा (डाबोलिम), इंदौर, रांची, कोयम्बटूर और बागडोगरा शामिल हैं। उन्होंने बताया कि नायडू ने विशाखापत्तनम के कार्यक्रम में इस सुविधा का आरंभ किया। आठ अन्य हवाई अड्डों पर ऑनलाइन इस सुविधा को शुरू किया गया। नागर विमानन मंत्रालय द्वारा परिकल्पित इस परियोजना का मकसद फेशियल रिकग्निशन टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के आधार पर हवाई अड्डों पर यात्रियों को संपर्क रहित व निर्बाध सुविधा मुहैया कराना है।

## अनुचित प्रतिस्पर्धा पर चर्चा करे इस्पात उद्योग : गोयल



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने इस्पात उद्योग को अनुचित प्रतिस्पर्धा पर चर्चा करने के लिए आमंत्रित किया है, ताकि इस क्षेत्र की वृद्धि के लिए उचित कदम उठाए जा सकें। इस्पात उद्योग की कुछ कंपनियों ने चीन से कम कीमत के आयात पर चिंता जताई है।

गोयल ने कहा कि मैंने इस्पात उद्योग को आमंत्रित किया है कि वे उस अनुचित प्रतिस्पर्धा को समझें जिसका उनमें से कुछ को सामना करना पड़ रहा है, तथा उचित कदम उठाएं ताकि इस्पात उद्योग जीवंत बना रहे, बढ़ता रहे तथा भारतीय अर्थव्यवस्था में रोजगार जोड़े। उन्होंने बढ़ते आयात के खिलाफ समान अवसर प्रदान करके घरेलू उद्योग की रक्षा के लिए सीमा समायोजन कर लागू करने का विचार पांच सितंबर को पेश किया था।

## कार्बन फाइबर का उत्पादन करेगा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- केंद्रीय कपड़ा मंत्री ने कहा- 2025-26 में शुरू होने की उम्मीद
- अमेरिका, फ्रांस जापान और जर्मनी से किया जाता है आयात

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को भरोसा जताया कि भारत में 2025-26 में कार्बन फाइबर का उत्पादन शुरू होगा। कार्बन फाइबर का उपयोग अंतरिक्ष, सिविल इंजीनियरिंग और रक्षा क्षेत्र में धातु के विकल्प के रूप में किया जाता है। वर्तमान में, भारत कोई कार्बन फाइबर का उत्पादन नहीं करता है और अमेरिका, फ्रांस, जापान और जर्मनी जैसे देशों से आयात पर निर्भर है।

यूरोपीय संघ द्वारा प्रस्तावित कार्बन सीमा समायोजन तंत्र कार्बन आयात पर अंतर्निहित कर है, जिसके 2026 से लागू होने की उम्मीद है। सिंह ने कहा कि 2025-26 में आला कार्बन फाइबर उत्पाद भी भारत के पास होगा। मंत्री ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में आने के बाद से स्वच्छता क्षेत्र में आयात को संतुलित किया गया है। पहले हम डायपर आयात करते थे। इससे पहले उद्योग मंडल फिक्की द्वारा आयोजित तकनीकी वस्त्र कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि सरकार भारत के तकनीकी वस्त्र उद्योग के विकास के लिए पूरी तरह समर्पित है और इसके लिए उसने राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन, एमएमएफ फैब्रिक, एमएमएफ परिधान और तकनीकी वस्त्रों के लिए पीएलआई योजना आदि जैसे विभिन्न कदम उठाए हैं।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### पांच लाख के इनामी नक्सली दंपत्ति ने किया सरेंडर

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ के नारायणपुर पुलिस के प्रयास व शासन की नीतियों से प्रभावित होकर प्रतिबंधित माओवादी संगठन के स्वयंभू टीम कमांडर व उसकी पत्नी ने शुक्रवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। दोनों पर पांच लाख का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वाले कुतुल एरिया कमेटी अन्तर्गत सप्लाई टीम कमाण्डर के पद पर 13 वर्ष से कार्यरत नक्सली सोनवा उर्फ डोसेल सलाम एवं कोडलियार जनताना सरकार स्कूल विभाग सदस्या के पद पर नौ वर्ष से कार्यरत महिला नक्सली आरती सलाम दोनों (पति-पत्नि) के द्वारा पुलिस अधीक्षक प्रभात के समक्ष आत्मसमर्पण किया गया।

### आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत

**प्रतापगढ़ (राजस्थान)।** राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले के घंटाली थाना क्षेत्र में शुक्रवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। थानाधिकारी सोहन लाल मीणा ने बताया कि यह घटना महुवाल गांव में उस समय हुई जब तीन लोग बारिश से बचने के लिए एक पेड़ के नीचे खड़े थे।

### मणिपुर के बिष्णुपुर में फिर बम हमला

**इंफाल।** संदिग्ध उग्रवादियों ने मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में शुक्रवार सुबह फिर से बम हमला किया। पुलिस ने बताया कि चुराचांदपुर जिले के पास पहाड़ी इलाकों से ट्रोंगलाओबी के आवासीय इलाके की ओर बम फेंके गए। ट्रोंगलाओबी राज्य की राजधानी इंफाल से 45 किलोमीटर दूर है। इन हमलों में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है लेकिन हमले में एक सामुदायिक हॉल और एक खाली कमरा क्षतिग्रस्त हो गया। इसके अतिरिक्त संदिग्ध उग्रवादियों ने बिष्णुपुर जिले की ओर भी गोलियां चलाईं, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की।

### अवैध निर्माण है तो मस्जिद को गिराना चाहिए: गोयल

**नई दिल्ली।** यूनाइटेड हिन्दू फ्रंट ने शिमला के उपनगर संजौली में स्थित मस्जिद को वक्फ बोर्ड द्वारा नियंत्रण में लेकर मस्जिद में तैनात इमाम के मुद्दे पर कहा है कि उसका इससे कुछ लेना-देना नहीं है, लेकिन वह इस बात की मांग करता है कि अगर मस्जिद में बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण हुआ है, तो मस्जिद को गिराना चाहिए। फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं भाजपा नेता जय भगवान गोयल ने शुक्रवार को यह बात कही।

# विधेयक विफलता पर पर्दा डालने का प्रयास

## विधि एवं न्याय मंत्री मेघवाल ने अपराजिता विधेयक के औचित्य और संवैधानिक क्षेत्र पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- महिला पत्रकारों के फोरम को किया संबोधित

केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार द्वारा पारित अपराजिता विधेयक को राज्य सरकार की कमियों और कमजोरियों पर पर्दा डालने की कार्रवाई करार दिया है। मेघवाल ने शुक्रवार को महिला पत्रकारों के फोरम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया।

उन्होंने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा पारित संशोधन विधेयक के औचित्य और उसके संवैधानिक अधिकार क्षेत्र पर सवाल उठाये। उन्होंने विषेयक पर केंद्र के कानूनी रुख पर कहा कि यह विधेयक राज्यपाल के माध्यम से केंद्र के पास जब आएगा तब देखा जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था : तीन नये आपराधिक कानूनों से महिलाओं की सुरक्षा कैसे होगी? विषय पर इस कार्यक्रम का आयोजन वीमेन जर्नलिस्ट्स वेलफेयर ट्रस्ट ने किया था। कानून मंत्री ने कार्यक्रम में नये कानूनों को प्रगतिशील बताया। उन्होंने कहा कि संविधान में केंद्र और राज्य सकारों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले विषयों का बंटवारा है। कुछ विषय समवर्ती सूची के होते हैं, जिनके बारे में भी व्यवस्था है। साथ ही उन्होंने विधेयक की तुलना केरल सरकार द्वारा विदेश सचिव नियुक्त किये जाने से की। मेघवाल ने कहा कि अपराधों से निपटने के लिये तीनों नयी संहिताएं-- भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) में महिलाओं के खिलाफ अपराधों से निपटने की ठोस कार्रवाई और कड़ी सजा के प्रावधान हैं।

### राज्यपाल ने अपराजिता विधेयक राष्ट्रपति के पास भेजा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने राज्य विधानसभा द्वारा पारित बलात्कार रोधी विधेयक विचार करने के लिए शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास भेज दिया। राजभवन के अधिकारी ने बताया कि मुख्य सचिव मनोज पंत ने दिन में ही बोस को विधेयक की तकनीकी रिपोर्ट सौंपी थी। राज्यपाल ने विधेयक का अध्ययन करने के बाद इसे मुर्मू के पास भेज दिया। अधिकारी ने कहा कि राज्यपाल ने अपराजिता विधेयक को विचार के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास भेज दिया है। उन्होंने राज्य सरकार से अनिवार्य तकनीकी रिपोर्ट मिलने के बाद इसे (राष्ट्रपति को) भेजा है। बोस ने विधेयक को मंजूरी देने के लिए आवश्यक तकनीकी रिपोर्ट इसके साथ भेजने में नाकाम रहने को लेकर बृहस्पतिवार को ममता बनर्जी प्रशासन की आलोचना की थी। पश्चिम बंगाल विधानसभा ने 3 सितंबर को सर्वसम्मति से अपराजिता महिला एवं बाल (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून एवं संशोधन) विधेयक 2024पारित किया था।

## चंदा कोचर और उनके पति को नोटिस

**ऋण मामला**

**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व प्रबंध निदेशक एवं सीईओ चंदा कोचर और उनके व्यवसायी पति दीपक कोचर की गिरफ्तारी को अवैध घोषित करने के बंबई हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सीबीआई की याचिका पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने उनसे जवाब मांगा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने दोनों को नोटिस जारी किया और सीबीआई की अपील पर उनसे जवाब देने को कहा। हाईकोर्ट ने छह फरवरी को दोनों की गिरफ्तारी को अवैध करार देते हुए एक अन्य पीठ के जनवरी 2023 के अंतरिम आदेश पर मुहर लगाई थी, जिसमें दोनों को गिरफ्तारी के तुरंत बाद जमानत दे दी गई थी। सीबीआई ने मामले में 23 दिसंबर, 2022 को दोनों को गिरफ्तार किया था।

## डीआरएम के लिए पात्र आयु 52 वर्ष से हो कम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- बोर्ड ने 68 मंडलों के लिए नियुक्ति के लिए नए दिशानिर्देशों को दी मंजूरी

रेलवे बोर्ड ने 68 रेल मंडलों के लिए मंडल रेल प्रबंधकों (डीआरएम) की नियुक्ति के लिए नए दिशानिर्देशों को मंजूरी दे दी है, जिसके अनुसार डीआरएम के रूप में चयन के लिए विचार किए जा रहे अधिकारियों की आयु अन्य पात्रता मानदंडों के अलावा 52 वर्ष से कम होनी चाहिए।

3 सितंबर को जारी निर्देशों में कुछ नए पात्रता मानदंड पेश हुए हैं, जिनमें यह भी शामिल है कि अधिकारियों को रेलवे/रेलवे के सार्वजनिक उपक्रमों में न्यूनतम 15 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। इसमें हालांकि आयु सीमा में कोई छूट नहीं दी गई है, जिससे वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों और विशेषज्ञों का एक वर्ग निराश है। निर्देश में कहा गया है कि डीआरएम के रूप में चयन के लिए जिन अधिकारियों पर विचार हो रहा है, उनकी आयु उस वर्ष की पहली जनवरी को 52 वर्ष से कम होनी चाहिए, जिसके लिए चयन सूची बनाई जा रही है। इसमें पिछली स्थिति को ही दोहराया गया है। पूर्व में डीआरएम के पद पर तैनात वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मेरा मानना है कि डीआरएम की नियुक्ति को उम्र के आधार पर सीमित करना सही निर्णय नहीं है। इसमें छूट की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इससे अधिकारियों का मनोबल गिरेगा, जिन्हें पहले से पता होता है कि वे डीआरएम के लिए पात्र होंगे, तब तक उनकी आयु 52 वर्ष हो चुकी होगी।

# मुख्य आरोपी की याचिका रद, कोर्ट ने 20 तक न्यायिक हिरासत में भेजा

**कोलकाता, एजेंसी**

कोलकाता की अदालत ने सरकारी अस्पताल में महिला चिकित्सक से हुई दरिंदगी के मुख्य आरोपी संजय रॉय की जमानत याचिका रद कर दी और उसे 20 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मामले से जुड़े वकील अदालत कक्ष में उपस्थित थे, जबकि आरोपी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश हुआ।

सीबीआई ने बताया कि राज्य विधिक सहायता से नियुक्त रॉय की वकील ने जमानत का अनुरोध किया और कहा कि उनके मुवक्किल को फंसाया गया है। सीबीआई के वकील ने जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि इससे मामले की जांच में बाधा आएगी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायाधीश ने रॉय को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

**चिकित्सक हत्याकांड**

### पूर्व प्राचार्य की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष की जनहित याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि संभावित आरोपी जैव-चिकित्सा अपशिष्ट के निपटान में भ्रष्टाचार की जांच के लिए जनहित याचिका के जरिए अधिकार का दावा नहीं कर सकता।

## बंगाल में कल एक और रिक्लेम द नाईट प्रदर्शन

**कोलकाता।** बंगाल में हजारों महिलाएं 8 सितंबर की मध्य रात्रि को रीक्लेम द नाईट अभियान के तीसरे संस्करण में शामिल हो सकती हैं ताकि अस्पताल में कथित रूप से दुष्कर्म और हत्या की पीड़िता चिकित्सक के लिए न्याय की मांग कर सके। यह प्रदर्शन इस अपराध के एक माह पूरे होने पर होगा। पिछले महीने की 14 तारीख को इस तरह के पहले आयोजन के बाद चार सितंबर के दूसरे संस्करण में न्याय की मांग की गई। लोगों की प्रतिक्रिया से उत्साहित होकर आठ सितंबर की मध्य रात्रि को एक और रिक्लेम द नाईट आयोजित कर न्याय मांगा जाएगा।

# मोदी और आरएसएस के बीच संबंधों में आई गिरावट : कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कांग्रेस महासचिव बोले- लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद से तनाव

कांग्रेस ने भाजपा पर शुक्रवार को तंज कसते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बीच संबंधों में गिरावट आई है। विपक्षी दल ने दावा किया कि हर बीतते सप्ताह के साथ इस सरकार की उम्र कम होती जा रही है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स दावा किया कि 4 जून 2024 के बाद से नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री और आरएसएस के बीच संबंधों में गिरावट आई है। उनके बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि आज पुणे में कार्यक्रम में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने परमात्मा के अवतार संबंधी प्रधानमंत्री (मोदी) के दावे को लेकर उनपर निशाना साधते हुए कहा कि हम भगवान बनेंगे या नहीं, इसका फैसला लोग करेंगे। हमें यह प्रचार नहीं करना चाहिए कि हम भगवान बन गए हैं। रमेश ने मीडिया रिपोर्ट को टैग किया, जिसमें आरएसएस प्रमुख को ये टिप्पणियां करते हुए उद्धत किया गया है।

## कक्षा में 11 वर्षीय छात्रा का शिक्षक ने किया यौन शोषण

- परिजन और पड़ोसियों ने कार्रवाई की मांग करते हुए किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में स्थित सरकारी स्कूल में शुक्रवार को शिक्षक के कक्षा में 11 वर्षीय छात्रा का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने का मामला सामने आया, जिसे लेकर लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि परिजन और पड़ोसियों ने थाने के बाहर एकत्र होकर शिक्षक पर कार्रवाई की मांग की। पीड़िता के पिता के अनुसार उनकी बेटी ने दोपहर में उन्हें फोन करके बताया कि उसके खेल शिक्षक ने कक्षा में उसे अनुचित तरीके से छुआ तथा धमकी भी दी। पीड़िता के पिता के मुताबिक उन्होंने स्कूल के प्रधानाचार्य से संपर्क किया और स्थानीय पुलिस को भी मामले की जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# आप विधायक अमानतुल्लाह की हिरासत तीन दिन और बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली की अदालत ने धन शोधन मामले में गिरफ्तार आप विधायक अमानतुल्ला खान की ईडी हिरासत शुक्रवार को और तीन दिन के लिए बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने यह आदेश केंद्रीय जांच एजेंसी के आवेदन पर दिया। ईडी ने अदालत से अमानतुल्लाह की हिरासत और 10 दिन के लिये देने का अनुरोध किया था। न्यायाधीश ने कहा कि हिरासत तीन दिन के लिए बढ़ाई जाती है। उन्हें नौ सितंबर को पेश किया जाए। ईडी ने खान की पूर्व में उसे दी गई चार दिन की हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद अदालत के समक्ष पेश किया था। एजेंसी ने राष्ट्रीय राजधानी के ओखला क्षेत्र में स्थित अमानतुल्लाह के आवास की तलाशी लेने के बाद दो सितंबर को उन्हें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में ले लिया था।

## दिल्ली में कैदियों की मौत पर मिलेंगे 7.5 लाख

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने जेलों में अप्राकृतिक कारणों से मरने वाले कैदियों के परिजनों या उनके वारिसों को 7.5 लाख का मुआवजा देने का फ़ैसला किया है। गृह मंत्री कैलाश गहलोत ने शुक्रवार को कहा, यह पहल जेल प्रणाली के भीतर न्याय और जवाबदेही सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। दिल्ली सरकार ने इस संबंध में उपराज्यपाल वीके सक्सेना को उनकी मंजूरी के लिए एक प्रस्ताव भेजा है। जेल में कैदियों में झगड़े, अधिकारियों द्वारा लापरवाही से अप्राकृतिक मौत के मामलों में यह मुआवजा दिया जाएगा।

# पीएसी करेगी नियामक निकायों की समीक्षा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की अध्यक्ष माधबी बुच के खिलाफ हितों के टकराव के आरोपों को लेकर मचे बवाल के बीच संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) ने संसद के अधिनियमों द्वारा स्थापित नियामक निकायों के कामकाज की समीक्षा करने का फैसला किया है।

लोक लेखा समिति (पीएसी) के अध्यक्ष केसी वेणुगोपाल ने कहा कि समिति बुच को उनके खिलाफ लगे आरोपों की जांच के लिए तलब करने पर फैसला करेगी। सेबी अध्यक्ष को पीएसी के समक्ष तलब किए जाने के बारे में पूछे गए सवाल पर वेणुगोपाल ने कहा कि बाकी चीजों पर समिति को फैसला करना है। सदस्यों ने संसद के अधिनियमों द्वारा स्थापित नियामकों की प्रदर्शन समीक्षा सहित विभिन्न विषयों का सुझाव दिया। सदस्यों ने जो सुझाव दिए, हमने उन्हें (एजेंडे में) शामिल कर लिया है।

### कांग्रेस ने फिर बुच पर लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सेबी अध्यक्ष माधबी बुच पर नए सिरे से हितों के टकराव का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को दावा किया कि उन्हें एक ऐसी कंपनी से संबद्ध इकाई से किराये की आय प्राप्त हुई, जिसके बारे में पूंजी बाजार नियामक इनसाइडर ट्रेडिंग सहित विभिन्न आरोपों की जांच कर रहा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यह सवाल प्रधानमंत्री मोदी से पूछा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां तक पूंजी बाजार नियामक का सवाल है तो पारदर्शिता और निष्ठा के पतन को दिखाने के लिए और कितने सबूतों की जरूरत है। रमेश ने एक्स कहा कि एनएसई के अनुसार, अब 10 करोड़ भारतीय ऐसे हैं जिनके पास विशिष्ट पैन हैं और जिन्होंने बाजार में निवेश किया हुआ है।

## विश्वभारती विवि में छात्रा की मौत

**शांतिनिकेतन।** विश्वभारती विवि में 24 वर्षीय छात्रा ने आत्महत्या कर ली। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आशंका जताई जा रही है कि अनामिका सिंह नाम की छात्रा ने अपने छात्रावास के कमरे में जहर खा लिया। विश्वविद्यालय के डिजाइन एवं कला संस्थान की तृतीय वर्ष की छात्रा अनामिका को गुरुवार रात को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। उसकी मौत के बाद पुलिस छात्रावास में उसके कमरे में गई, लेकिन छात्राओं के एक वर्ग ने उसका विरोध किया।



# पेरिस पैरालंपिक 2024



## खेल डायरी

### हार के बाद सांसदों ने पीसीबी अध्यक्ष से मांगा इस्तीफा

**इस्लामाबाद।** रावलपिंडी में खेले गये दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में बांग्लादेश के हाथों पाकिस्तान को मिली शर्मनाक हार पर वहां की संसद के दोनों सदनों में सांसदों ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष और गृहमंत्री मोहसिन नकवी की आलोचना करते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। समाचार पत्र डॉन के अनुसार संसद के दोनो सदनों के सांसदों ने कहा कि इस शर्मनाक हार के बाद मोहसिन नकवी को क्रिकेट बोर्ड का प्रमुख बने रहने कोई औचित्य नहीं है। इस दौरान सांसदों ने शर्म करो शर्म करो के नारे लगाए और प्रधानमंत्री से एक सक्षम व्यक्ति को पीसीबी अध्यक्ष नियुक्त करने की मांग की। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता बैरिस्टर सैयद अली जफर ने कहा मुझे लगाता है कि देश में अन्य खेलों की तरह क्रिकेट भी खत्म हो गया है। इस आपदा का केवल एक ही कारण है और वह यह है कि जब आप किसी अयोग्य व्यक्ति को संस्थान का प्रमुख नियुक्त करते हैं तो न केवल संस्थान नष्ट हो जाती है, बल्कि संस्थान द्वारा किए गए सभी काम भी खराब हो जाते हैं।

### नीरज ने डायमंड लीग के फाइनल में किया क्वालीफाई



**नई दिल्ली।** भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने प्रतिष्ठित डायमंड लीग की 14 सीरीज के बाद समग्र तालिका में चौथे स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। डायमंड लीग का फाइनल 13 और 14 सितंबर को ब्रुसेल्स में होगा। इस प्रतियोगिता के साथ ही एथलेटिक्स में इस सत्र का समापन भी होगा। चोपड़ा डायमंड लीग के दोहा और लुसाने चरण में दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने कुल 14 अंक अर्जित किए। उन्होंने ज्यूरिख में आखिरी सीरीज में भाग नहीं लिया था। यह 26 वर्षीय खिलाड़ी चेक गणराज्य के तीसरे नंबर पर रहने वाले जैकब वाडलेच से दो अंक पीछे रहे। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और जर्मन स्टार जूलियन वेबर क्रमश: 29 और 21 अंकों के साथ शीर्ष दो स्थानों पर रहे। ज्यूरिख प्रतियोगिता में पीटर्स ने वेबर को पीछे छोड़ दिया था। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाले चोपड़ा इस सत्र में फिटनेस से जूझ रहे थे।

### राष्ट्रमंडल रैपिड शतरंज में चमके भारतीय खिलाड़ी

**वास्काडुवा (श्रीलंका)।** भारतीय शतरंज खिलाड़ियों ने राष्ट्रमंडल रैपिड शतरंज चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन पोडियम स्थान हासिल किए। ग्रैंडमास्टर मित्राबा गुहा ने 6.5 अंक के साथ स्वर्ण जीता जबकि ग्रैंडमास्टर पनीरसेल्वम इनियान ने छह अंक के साथ रजत पदक हासिल किया। ग्रैंडमास्टर लक्ष्मण राजाराम को कांस्य पदक मिला। भारत के 14 खिलाड़ियों में सभी शीर्ष 30 में रहे। भारतीय महिलाओं में फिडे मास्टर कल्याणी सिरिन चार अंक लेकर संयुक्त नौवे स्थान पर रही। मेरी अन गोम्स 12वें, साक्षी चिटलांगे और सागर तेजस्विनी संयुक्त 16वें और आरूषि कोतवाल 20वें स्थान पर रहीं।

### न्यूजीलैंड ने सुकिगावा को नियुक्त किया चयनकर्ता

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड ने पूर्व अंतरराष्ट्रीय ऑलराउंडर सारा सुकिगावा को महिला टीम का चयनकर्ता नियुक्त किया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट पीरिषद (आईसीसी) की रिपोर्ट के अनुसार मई में जेसन वेल्स के जाने के बाद सुकिगावा चयन की बागडोर संभालेंगी और अक्टूबर में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप के लिए न्यूजीलैंड की टीम तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। न्यूजीलैंड ने अभी तक टी-20 विश्वकप के लिए अपनी टीम की घोषणा नहीं की है। टीम को 10 सितंबर को अंतिम रुप दिया जाएगा। सुकिगावा ने न्यूजीलैंड के लिए 61 मैच खेले और 2009 में इंग्लैंड में पहले टी-20 विश्व कप में भी हिस्सा लिया था। हाल ही में उन्होंने ओटागो में एक घरेलू टीम की चयनकर्ता और सहायक कोच के रूप में अपने करियर को आगे बढ़ाया है। सुकिगावा का मानना है कि चयनकर्ता के रूप में अपनी नई भूमिका में वह बहुत बड़ा प्रभाव डाल सकती हैं।

### तनीषा-ध्रुव की जोड़ी ताइपे ओपन से बाहर

**ताइपे।** भारत की तनीषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी शुक्रवार को यहां खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में हार के साथ ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी आधे घंटे से अधिक समय तक चले मैच में थाईलैंड की पक्कापोन तीररात्साकुल और फातिमास मुएनवोंग की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी से 20-22, 12-21 से हार गई। दुनिया में 97वें स्थान पर मौजूद तनीषा और ध्रुव ने अच्छी शुरुआत की और एक समय वे 6-3 से आगे थे। इसके बाद 19-16 की बढ़त पर भी उनके पास पहला गेम जीतने का मौका था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए। थाईलैंड की जोड़ी ने दूसरे गेम में शुरू से ही नियंत्रण बना दिया था। इंटरवल तक उन्होंने 11-6 से बढ़त हासिल कर रखी थी। इसके बाद उन्हें मैच जीतने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। तनीषा और ध्रुव के बाहर होने के साथ ही भारत की इस टूर्नामेंट में चुनौती भी समाप्त हो गई।

### शौर्य ने विश्व बधिर चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

**हनोवर।** शौर्य सैनी ने शुक्रवार को यहां पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन स्पर्धा में 452.4 के स्कोर के साथ विश्व बधिर चैंपियनशिप का रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। सैनी ने क्वालीफिकेशन दौर में 580 से फाइनल में प्रवेश किया। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत जीतने के बाद यह सैनी का प्रतियोगिता में दूसरा पदक है। अन्य भारतीयों में कुशाग्र सिंह ने फाइनल में चौथा स्थान हासिल किया। चेतन हनमंत सपकाल ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता जिससे भारत के पदकों की संख्या 17 (पांच स्वर्ण, सात रजत और पांच कांस्य) हो गई है। चेतन ने 534 अंक से कांस्य पदक जीता जिससे वह यूक्रेन के सेरही ओहोरडनिक और ओलेक्सांद्र कोलोडी से पीछे रहे जिन्होंने क्रमश: स्वर्ण और रजत पदक जीते।

# छोटे पैर से मापा आसमान

## एशियाई रिकॉर्ड तोड़कर प्रवीण कुमार ने टी64 ऊंची कूद में जीता स्वर्ण पदक

पेरिस, एजेंसी

तोक्यो खेलों के रजत पदक विजेता भारत के प्रवीण कुमार ने शुक्रवार को पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की ऊंची कूद टी64 स्पर्धा में एशियाई रिकॉर्ड तोड़कर स्वर्ण पदक जीत लिया। छोटे पैर के साथ पैदा हुए नोएडा के कुमार ने छह खिलाड़ियों में 2.08 मीटर से सत्र की सर्वश्रेष्ठ कूद लगाई और खेलों का आसमान माप लिया। अमेरिका के डेरेक लोकिडेंट ने 2.06 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग के साथ रजत पदक जीता जबकि उज्बेकिस्तान के टेमुरबेक गियाजोव ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2.03 मीटर से तीसरा स्थान हासिल किया।

कुमार ने 1.89 मीटर से शुरुआत करने का विकल्प चुना। अपने पहले प्रयास में उन्होंने सफलता हासिल की और स्वर्ण पदक जीतने के लिए खुद को शीर्ष स्थान पर बनाए रखा। इसके बाद कुमार और लोकिडेंट के बीच शीर्ष स्थान के लिए मुकाबला जारी रहा, लेकिन भारतीय एथलीट इसमें सफल रहा। यह 2023 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता कुमार का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी था। टी64 में वो एथलीट हिस्सा लेते हैं जिनके एक पैर के निचले हिस्से में मामूली रूप से मूवमेंट कम होता है या घुटने के नीचे एक या दोनों पैर नहीं होते। कुमार का विकार जन्म से है जो उनके कूल्हे को बायें पैर से जोड़ने वाली हड्डियों को प्रभावित करता है। बचपन में वह अकसर अपने साथियों से तुलना के कारण हीन भावना से जूझते रहे। इस असुरक्षा की भावना से लड़ने के लिए उन्होंने खेल खेलना शुरू किया और वॉलीबॉल में हाथ आजमाया, पर एक पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ऊंची कूद स्पर्धा में भाग लेने के बाद उनकी जिंदगी बदल गई। शरद कुमार और मरियप्पन थंगावेलु के बाद वह पदक जीतने वाले ऊंची कूद के तीसरे एथलीट हैं।

**2.08** मीटर से टी64 स्पर्धा में सत्र की सर्वश्रेष्ठ कूद लगाकर हासिल किया शीर्ष स्थान



**2023** विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता कुमार का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी

पुरुषों की ऊंची कूद टी64 स्पर्धा में हिस्सा लेते प्रवीण कुमार।>>





### भारतीय कैनोइंग चालक सेमीफाइनल में

**पेरिस।** भारत की प्राची यादव और यश कुमार ने शुक्रवार को यहां पेरिस पैरालंपिक खेलों की कैनोइंग (डोंगीचालन) प्रतियोगिता में क्रमश: महिलाओं की वीएल2 200 मीटर और पुरुषों की केएल1 200 मीटर में अपनी-अपनी हीट में चौथे और छठे स्थान पर रहकर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। प्राची और पूजा ओझा ने महिलाओं की एकल 200 मीटर वीएल2 हीट एक और केएल1 200 मीटर हीट दो में क्रमश: 1:06.83 और 1:16.09 का समय निकाला। यश ने पुरुषों की केएल 200 मीटर हीट में 1:03.27 का समय निकाला। सेमीफाइनल शनिवार को होंगे। प्रत्येक हीट का विजेता सीधे फाइनल में पहुंचता है, जबकि बाकी खिलाड़ी सेमीफाइनल में जगह बनाते हैं। प्रत्येक सेमीफाइनल के तीन सबसे तेज़ समय निकालने वाले खिलाड़ी फाइनल में पहुंचते हैं। प्राची तोक्यो पैरालंपिक खेलों में महिलाओं की वीएल2 स्पर्धा के फाइनल में आठवें स्थान पर रही थीं।

### दिलीप फाइनल, सिमरन सेमीफाइनल में पहुंचीं



**पेरिस।** भारतीय एथलीट दिलीप गावित ने पुरुष 400 मीटर टी47 स्पर्धा में शुक्रवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बना ली है। वहीं दृष्टिबाधित एथलीट सिमरन शर्मा ने भी महिला 200 मीटर टी12 राउंड 1 दौड़ में पांचवें स्थान के साथ सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया है। आज यहां हुए मुकाबले में पैरा एथलीट दिलीप गावित ने पुरुष 400 मीटर टी47 राउंड 1 में 49.54 समय के साथ सीजन के सर्वश्रेष्ठ समय निकालते हुए फाइनल में जगह बनाई। दिलीप अपनी हीट में तीसरे स्थान पर रहे। इससे पहले सिमरन शर्मा ने 25.41 सेकंड के समय के साथ शीर्ष पांच में स्थान हासिल किया, इस दौरान उन्होंने वेनेजुएला और इटली को भी पीछे छोड़ते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई।

### भारत के ध्वजवाहक होंगे हरविंदर और प्रीति

**पेरिस।** स्वर्ण पदक विजेता तीरंदाज हरविंदर सिंह और पैरालंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला फर्राटा धाविका प्रीति पाल पेरिस खेलों के समापन समारोह में भारत के ध्वजवाहक होंगे। 33 वर्ष के हरविंदर पैरालंपिक में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय तीरंदाज हैं। उन्होंने कहा भारत के लिये स्वर्ण पदक जीतना सपना सच होने जैसा है। अब समापन समारोह में भारत का ध्वजवाहक होना तो सबसे बड़ा सम्मान है। यह जीत उन सभी के लिये है जिन्हें मुझ पर भरोसा था। उम्मीद है कि मैं कइयों को अपने सपने पूरे करने की प्रेरणा दे सकूंगा। महिलाओं की टी35 100 और 200 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाली 23 वर्ष की प्रीति ने कहा भारत का ध्वजवाहक होना गर्व की बात है। यह सिर्फ मेरे लिए नहीं बल्कि विषमताओं से निकलकर देश को गौरवान्वित करने वाले हर पैरा एथलीट के लिए है। अभियान प्रमुख सत्य प्रकाश सांगवान ने कहा कि इन दोनों खिलाड़ियों के प्रदर्शन से भावी पीढी को प्रेरणा मिलेगी।

### पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 79 | 61 | 41 | 181 |
| ब्रिटेन | 41 | 31 | 23 | 95 |
| अमेरिका | 29 | 35 | 18 | 82 |
| नीदरलैंड्स | 24 | 14 | 9 | 47 |
| इटली | 20 | 13 | 29 | 62 |
| फ्रांस | 17 | 24 | 24 | 65 |
| ब्राजील | 17 | 20 | 31 | 68 |
| यूक्रेन | 16 | 21 | 28 | 65 |
| ऑस्ट्रेलिया | 15 | 13 | 22 | 50 |
| भारत | 6 | 9 | 11 | 26 |

### नारंग ने पैरालंपियंस के प्रदर्शन की प्रशंसा की

**नई दिल्ली।** लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज और पेरिस ओलंपिक में भारतीय दल के नेता रहे गगन नारंग ने शुक्रवार को पैरालंपिक खेलों में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। भारत में पैरालंपिक खेलों में अभी तक 26 पदक हासिल कर लिए हैं जिनमें 6 स्वर्ण, 9 रजत और 11 कांस्य पदक शामिल हैं। जब इस पूर्व निशानेबाज से पेरिस ओलंपिक खेलों के विश्लेषण करने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह अभी तक ऐसा नहीं कर पाए हैं। नारंग ने कहा मैंने अभी तक पेरिस ओलंपिक का विश्लेषण नहीं किया है। हर किसी ने इसके बारे में बात की है। लेकिन अभी सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि पैरालंपिक खेलों में हम अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। हम आज 16वें स्थान पर हैं। पैरालंपिक खेलों में हमारे खिलाड़ियों में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने तोक्यो पैरालंपिक खेलों में जीते गए पदकों की संख्या को पीछे छोड़ दिया है और अभी अधिक पदक मिलने की उम्मीद है।

### भाला फेंक एफ54 स्पर्धा में अंतिम स्थान पर रहे दीपेश

**पेरिस।** भारत के दीपेश कुमार शुक्रवार को यहां पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की भाला फेंक एफ54 स्पर्धा के फाइनल में अंतिम स्थान पर रहे। दीपेश (19 वर्ष) सात खिलाड़ियों के फाइनल में 26.11 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ निचले स्थान पर रहे। दिसंबर 2023 में नयी दिल्ली में खेलो इंडिया पैरा खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले दीपेश अपनी स्पर्धा में थ्रो करने वाले अंतिम एथलीट थे और पोडियम पर पहुंचने के लिए उन्हें 30 से अधिक अंक चाहिए थे, पर वह इससे काफी पीछे रह गए। एफ54 वर्ग में फील्ड स्पर्धा में एथलीट सीट पर बैठकर हिस्सा लेते हैं।

# पेगुला-सबालेंका में होगा खिताबी मुकाबला

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिका की जेसिका पेगुला ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना आर्यना सबालेंका से होगा।

न्यूयॉर्क की 30 वर्षीय छठी वरीयता प्राप्त पेगुला ने करोलिना मुचोवा को 1-6, 6-4, 6-2 से हराकर पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। महिला एकल के एक अन्य सेमीफाइनल में पिछले साल की उपविजेता सबालेंका ने अमेरिका की एम्मा नवारो को 6-3, 7-6 (2) से हराया। पेगुला की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्हें संघर्ष करना पड़ा। मुचोवा ने पहला सेट आसानी से 28 मिनट में जीता। उन्होंने पहले नौ गेम में से आठ में जीत हासिल की और दूसरे सेट में वह 3-0 से आगे थी लेकिन इसके बाद उनकी लय गड़बड़ा गई। पेगुला तब तक लय हासिल कर चुकी थी और उन्होंने इसके बाद अपनी प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं दिया।



- पेगुला ने करोलिना मुचोवा को हराकर पहली बार ग्रैंडस्लैम के फाइनल में किया प्रवेश
- पिछले साल की उपविजेता सबालेंका ने अमेरिका की एम्मा नवारो को दी मात

<< एम्मा नवारो के खिलाफ मैच के दौरान शॉट लगातीं आर्यना सबालेंका।

### इरानी और वावसोरी को मिश्रित युगल का अमेरिकी ओपन खिताब

**न्यूयॉर्क।** सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी ने गुरुवार को टेलर टाउनसेंड और डोनाल्ड यंग को 7-6 (0), 7-5 से हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में मिश्रित युगल का खिताब जीता। इटली की अपनी साथी रोबर्टा विंची के साथ महिला युगल में करियर ग्रैंड स्लैम जीतने वाली इरानी का यह अपने करियर का पहला मिश्रित युगल खिताब है। उन्होंने पिछले महीने जैस्मीन पाओलिनी के साथ मिलकर पेरिस ओलंपिक खेलों में महिला युगल में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने कहा यह वर्ष मेरे लिए अविश्वसनीय रहा है। यह वर्ष शानदार रहा है। टाउनसेंड और यंग को अमेरिकी ओपन में इस साल वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया था। यंग घोषणा कर चुके थे कि वह इसके बाद संन्यास ले लेंगे।

विश्व कप क्वालीफाइंग



### अर्जेंटीना ने चिली को 3-0 से हराया

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना ने चोटिल लियोनेल मेस्सी और संन्यास लेने वाले एंजेल डि मारिया के बिना भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चिली को 3-0 से हराकर दक्षिण अमेरिकी 2026 विश्व कप फुटबॉल क्वालीफायर में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा। एलेक्सिस मैक एलीस्टर ने 48वें मिनट में अर्जेंटीना की तरफ से पहला गोल किया जबकि जूलियन अल्वारेज ने 84वें मिनट में उसकी बढ़त दोगुना कर दी। पाउलो डायबाला ने 90वें मिनट में तीसरा गोल किया। इस जीत से अर्जेंटीना के सात मैच के बाद 18 अंक हो गए हैं और वह शीर्ष पर बना हुआ है। दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग से शीर्ष छह स्थान पर रहने वाली टीम अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में होने वाले विश्व कप 2026 के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगी जबकि सातवें स्थान पर रहने वाली टीम दूसरे परिसंघ की टीम के खिलाफ प्लेऑफ मैच खेलेगी।

## बॉलीवुड हलचल

### दिलजीत दोसांझ की बार्डर 2 में हुई एंट्री



**मुंबई।** पंजाबी फिल्मों के सुपरस्टार गायक-अभिनेता दिलजीत दोसांझ फिल्म बार्डर 2 में काम करते नजर आएंगे। जेपी दत्ता निर्मित-निर्देशित वर्ष 1997 में प्रदर्शित फिल्म बार्डर में सनी देओल, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ और अक्षय खन्ना जैसे कलाकार अहम भूमिका में थे। 27 साल बाद बॉर्डर का सीक्वल बनने जा रहा है। बार्डर 2 में सनी देओल की मुख्य भूमिका होगी। हाल ही में बॉर्डर 2 में वरुण की एंट्री हुई थी। अब बार्डर 2 की स्टार कास्ट में दिलजीत दोसांझ भी शामिल हो गए हैं। सनी देओल ने देशभक्ति फिल्म बॉर्डर 2 के कलाकारों में गायक एवं अभिनेता दिलजीत दोसांझ का स्वागत किया है। सनी देओल ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर दिलजीत दोसांझ के साथ एक परिचयात्मक वीडियो जारी किया। इस क्लिप को गीत संदेशे आते हैं के साथ संवर्धित किया गया है, जिसमें दोसांझ का वॉयसओवर भी शामिल है। इस देश की तरफ उठने वाली हर नजर झुक जाती है खौफ से, सरहदों पर जब गुरु के बाज पहरा देते हैं। सनी देओल ने इस वीडियो के कैप्शन में लिखा, बॉर्डर2 की बटालियन में फौजी दिलजीत दोसांझ का स्वागत है। सनी देओल ने कहा, 27 साल पहले एक सैनिक ने वादा किया था कि वह लौटेंगे। उस वादे को पूरा करने के लिए, भारत की मिट्टी को सलाम करने के लिए, वह आ रहे हैं। बॉर्डर 2 जनवरी 23 को रिलीज के लिए निर्धारित है।

### इमरजेंसी की रिलीज डेट टलने पर दुखी हैं कंगना




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री और फिल्मकार कंगना रनौत अपनी फिल्म इमरजेंसी की रिलीज डेट टलने पर बेहद दुखी हैं। कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी विवादों में फंसी हुई है। इसे सेंसर सर्टिफिकेट न मिलने पर फिल्म के मेकर्स बॉम्बे हाई कोर्ट पहुंचे थे। फिल्म की रिलीज लगभग दो हफ्ते के लिए अटक गई है। कंगना की इस फिल्म को 6 सितंबर को रिलीज होना था। कोर्ट ने सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन को आदेश दिया है कि वह 18 सितंबर तक इमरजेंसी के सर्टिफिकेट पर फैसला ले। इमरजेंसी की रिलीज डेट टलने पर कंगना रनौत बेहद दुखी हैं। कंगना रनौत ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट में लिखा है, भारी मन से मैं घोषणा करती हूं कि मेरी निर्देशित इमरजेंसी को पोस्टपोन्ड कर दिया गया है, हम अभी भी सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट का इंतजार कर रहे हैं, नई रिलीज की तारीख जल्द ही घोषित की जाएगी, आपकी अंडरस्टैंडिंग और पेशंस के लिए थैंक्स। इस फिल्म में कंगना, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आयेंगी। फिल्म इमरजेंसी में कंगना रनौत के अलावा अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, और दिवंगत सतीश कौशिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# दोहरे शतक से चूके मुशीर, इंडिया बी मजबूत

दलीप ट्रॉफी

बेंगलुरु, एजेंसी

इंडिया बी ने यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेली जा रही चार दिवसीय दलीप ट्राफी के पहले मैच में शुक्रवार को दूसरे दिन मुशीर खान की शानदार 181 रनों की शतकीय पारी एवं नवदीप सैनी के अर्द्धशतक (56) की बदौलत पहली पारी में 321 का स्कोर खड़ा कर लिया। दिन का खेल खत्म होने के समय इंडिया ने दो विकेट पर 134 रन बना लिए है।

मुशीर ने अपने कल के 105 रनों से आगे खेलते हुए स्कोर को 181 रनों तक ले गए। एक समय पर वह अपने दोहरे शतक की ओर बढ़ते हुए दिख रहे थे तभी कुलदीप ने उन्हें रियान के हाथों कैच आउट कराकर उनकी पारी का अंत कर दिया। नवदीप सैनी ने भी (56) अर्द्धशतक पूरा किया। पांच बल्लेबाज दहाई अंकों में भी नहीं पहुंच पाए जबकि मुकेश कुमार शून्य पर नाबाद रहे। इंडिया ए के गेंदबाजों में आकाश दीप सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 27 ओवर में 60 देकर चार बल्लेबाजों को आउट किया। जबकि खलील अहमद, आवेश खान को दो-दो विकेट मिले एवं कुलदीप यादव ने एक विकेट लिया।



विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ी के साथ जश्न मनाते नवदीप सैनी। ● एजेंसी

इंडिया ए ने इसके जवाब में अपनी पहली में ठोस शुरुआत करते हुए दो विकेट पर 134 रन बना लिए है। खेल समाप्ति पर रियान पराग 27 रन और के एल राहुल 23 रनों पर खेल रहे थे। सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल ने 36 रन एवं शुभमन गिल ने 25 रनों का योगदान दिया। इन दोनों सलामी बल्लेबाजों को नवदीप सैनी ने आउट किया। उन्होंने 57 रन के स्कोर पर मयंक अग्रवाल को पंत के हाथों कैच आउट करा इंडिया ए को पहला झटका दिया और अभी स्कोर में नौ रन और जुडे थे तभी सैनी ने 66 रनों पर शुभमन गिल को भी वापस पेवेलियन भेज दिया।

### देवदत्त-अय्यर के अर्धशतक भारत डी को 202 की बढ़त

**अनंतपुर (आंध्र प्रदेश)।** कप्तान श्रेयस अय्यर और देवदत्त पडीक्कल के तेज अर्धशतकों से भारत डी ने शुक्रवार को यहां दलीप ट्रॉफी मैच के दूसरे दिन भारत सी के खिलाफ अपनी कुल बढ़त 202 रन की कर ली। भारतीय टीम में वापसी की कोशिश में जुटे अय्यर ने 44 गेंद में 54 रन की पारी खेली जिसमें नौ चौके और एक छक्का जड़ा था जबकि पडिक्कल ने 70 गेंद में आठ चौके से 56 रन बनाए। स्टंप तक भारत डी ने अपनी दूसरी पारी में आठ विकेट पर 206 रन बना लिए। अक्षर पटेल (नाबाद 11 रन) और हर्षित राणा क्रीज पर थे जिन्होंने अभी खाता नहीं खोला था। बायें हाथ के युवा स्पिनर मानव सुथार भारत सी के लिए दिन के स्टार रहे जिन्होंने 15 ओवर 30 रन देकर पांच विकेट झटके जिसमें पडिक्कल और रिकी भुई (44 रन) के विकेट शामिल थे। अय्यर और पडिक्कल के बीच 126 रन की साझेदारी बनी जिससे भारत डी की पारी संभली। भारत सी ने सुबह चार विकेट पर 91 रन से आगे खेलना शुरू किया और पहली पारी में 168 रन पर सिमट गई। हर्षित राणा ने 33 रन देकर चार और अक्षर पटेल ने 46 रन देकर दो विकेट झटके।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## एक नजर

### नेपाल ने टिकटॉक पर लगा प्रतिबंध हटाया

**काठमांडू।** नेपाल ने सोशल मीडिया एप टिकटॉक पर लगाया गया प्रतिबंध कुछ शर्तों के साथ शुक्रवार को हटा दिया। नेपाल ने पिछले साल 12 नवंबर को यह कहते हुए टिकटॉक पर प्रतिबंध लगा दिया था कि यह सोशल नेटवर्किंग साइट देश में सामाजिक सौहार्द में खलल के लिए जिम्मेदार है। सरकारी नोटिस में कहा गया है कि टिकटॉक पर लगाया गया प्रतिबंध हटा दिया गया है।

### आतंकी हमले में तीन सुरक्षा अधिकारी मारे गए

**दमिश्क।** जॉर्डन के साथ लगती नसीब सीमा के पास आतंकवादियों के एक समूह ने सीरियाई सुरक्षा अधिकारियों पर हमला किया, जिनमें से तीन की मौत हो गई। सीरिया के आंतरिक मंत्रालय ने कहा कि दारा प्रांत में राजनीतिक सुरक्षा विभाग के तीन आंतरिक सुरक्षा अधिकारी आतंकवादियों के एक समूह के हमले में मारे गए, जिन्होंने दारा प्रांत में नसीब सीमा चौकी पर सईदा पुल के पास उन पर गोलीबारी की।

### इस्लामाबाद में 16 वर्ष में पोलियो का पहला मामला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में पिछले 16 वर्ष में पोलियो का पहला मामला सामने आया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह घटना देश से इस गंभीर वायरस को खत्म करने के राष्ट्रीय प्रयासों के लिए एक बड़ा झटका है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान की एक प्रयोगशाला के अनुसार इस्लामाबाद के यूनियन काउंसिल रूरल चार में एक बच्चे में जंगली पोलियो वायरस टाइप 1 पाया गया है। यह पिछले 16 वर्ष में इस्लामाबाद में पहला मामला है।

### स्कूल में गोलीबारी के आरोपी के पिता गिरफ्तार

**विंडर (अमेरिका)।** जॉर्जिया हाई स्कूल में गोलीबारी करने वाले छात्र के पिता को हत्या के आरोप सहित विभिन्न मामलों में गिरफ्तार किया गया है। छात्र की गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई थी और नौ अन्य घायल हुए थे। जॉर्जिया जांच ब्यूरो ने गुरुवार को बताया कि आरोपी कोल्ट ग्रे के पिता कॉलिन ग्रे (54) पर हत्या और बच्चों के प्रति क्रूरता का आरोप लगाया गया है। 14 वर्षीय कोल्ट ग्रे के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

### गाजा युद्धविराम समझौते पर बातचीत जारी

**यरूशलेम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के सलाहकार दिमित्री गेंडेलमैन ने कहा कि इजराइल ने गाजा युद्धविराम समझौते और बंधकों की रिहाई पर सहमति के लिए मध्यस्थों के साथ बातचीत जारी रखी है। गेंडेलमैन ने गुरुवार को टेलीग्राम पर कहा कि मई में रखे गए अमेरिकी प्रस्ताव के आधार पर रूपरेखा समझौते के कार्यान्वयन के विवरण पर सहमति के लिए बातचीत जारी है। इससे बंधकों की वापसी और युद्ध के अन्य लक्ष्यों को प्राप्त करने की अनुमति मिलेगी।

### सीरीज यूनिकॉर्न अकादमी की सीज़न 2 के साथ वापसी

**वाशिंगटन।** यूनिकॉर्न अकादमी सीरीज के दूसरे सीज़न की घोषणा हो गई है। स्ट्रीमिंग प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स ने आधिकारिक तौर पर अपने लोकप्रिय बच्चों की साहसिक सीरीज ''यूनिकॉर्न अकादमी'' के दूसरे सीजन की घोषणा की है। स्पिन मास्टर एंटरटेनमेंट द्वारा घोषित इस सीरीज के दूसरे सीजन में 16 नए एपिसोड होंगे। इस सीरीज के 2026 तक बन कर समाप्त होने की उम्मीद है, हालांकि दूसरे सीज़न की रिलीज़ डेट की अभी घोषणा नहीं की गई है।

# सिंगापुर के तीन जजों ने साझा की बंबई हाईकोर्ट में पीठ

**मुंबई, एजेंसी**



● मराठा आरक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर की सुनवाई

सिंगापुर के उच्चतम न्यायालय के तीन न्यायाधीश पहली बार शुक्रवार को बंबई उच्च न्यायालय की पीठों का हिस्सा बने। इनमें सिंगापुर के प्रधान न्यायाधीश सुंदरेश मेनन भी शामिल रहे। सिंगापुर के प्रधान न्यायाधीश मेनन ने ऐतिहासिक केंद्रीय न्यायालय कक्ष में बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार उपाध्याय तथा न्यायमूर्ति जी.एस. कुलकर्णी और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला के साथ रस्मी तौर पर पीठ साझा की। पीठ ने महाराष्ट्र में मराठा समुदाय को दिए गए आरक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर संक्षिप्त सुनवाई की।

सिंगापुर के उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति रमेश कन्नन ने बंबई उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति नितिन जामदार और न्यायमूर्ति एम.एम. सथाये के साथ पीठ साझा की, जबकि उस देश के न्यायमूर्ति आंद्रे फ्रांसिस मनियम ने उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति के.आर. श्रीराम और न्यायमूर्ति जितेन्द्र जैन के साथ औपचारिक पीठ साझा की। अदालत की कार्यवाही शुरू होने से पहले सिंगापुर के प्रधान न्यायाधीश मेनन का स्वागत करते हुए मुख्य न्यायाधीश उपाध्याय ने कहा कि वह 2015 में यहां बंबई में थे।

# प्लास्टिक कचरा : जीव और पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा

प्लास्टिक कचरा आजकल की दुनिया में एक बड़ी समस्या बन गया है। प्लास्टिक की वृद्धि और इसके दुरुपयोग ने पृथ्वी पर प्रदूषण और जीव-जंतुओं के लिए खतरा पैदा कर दिया है। प्लास्टिक कचरे से जल, थल और वायु प्रदूषण होता है, जिससे जीव-जंतुओं की स्वास्थ्य और पर्यावरण पर बुरा प्रभाव पड़ता है। इसलिए, प्लास्टिक कचरे का प्रबंधन और इसके नियंत्रण के लिए कुछ कदम उठाने जरूरी हैं।

## प्रबंधन और बचाव के लिए उपाय

- प्लास्टिक और उससे बनी वस्तुओं के उपयोग को कम किया जाना चाहिए।
- प्लास्टिक कचरे को रिसाइकल करने के नए तरीकों को खोजा जाए।
- कचरे को सही तरीके से निपटान करें जिससे मानव और पशु इससे बचे रहें।
- प्लास्टिक की जगह अन्य प्राकृतिक उत्पाद के विकल्पों का उपयोग करें।
- देशव्यापी स्तर पर उपयोग कम करने को जागरूकता अभियान चलाना।
- राष्ट्रीय स्तर पर प्लास्टिक कचरे के निपटान को नियम बनाने चाहिए।
- कचरा कम करने को विशेष टीम तकनीकी समाधान खोजे और अमल में लाए।

## यह उपाय किए जा सकते हैं

- प्लास्टिक की बोतलों के बजाय स्टील या ग्लास की बोतलों का उपयोग
- प्लास्टिक के थैलों के बजाय जूट या कपड़े के थैलों का उपयोग करना
- प्लास्टिक कचरे को रिसाइकल करने के लिए रिसाइकलिंग प्लांट लगाना
- प्लास्टिक कचरे के निपटान के लिए लैंडफिल साइट्स का निर्माण करना
- प्लास्टिक कचरे के बारे में स्कूलों-कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाएं

## भारत में सबसे ज्यादा प्लास्टिक कचरा

प्लास्टिक कचरा पैदा करने के मामले में भारत दुनिया में सबसे आगे है और प्रति वर्ष एक करोड़ दो लाख टन कचरा पैदा करता है जो अन्य बड़े प्रदूषक देशों की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। एक नए अध्ययन में यह जानकारी दी गई है। ब्रिटेन में लीड्स विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के अनुसार, दुनिया हर साल पांच करोड़ 70 लाख टन प्लास्टिक प्रदूषण पैदा करती है जो सबसे गहरे महासागरों से लेकर सबसे ऊंचे पहाड़ों की चोटियों और लोगों के शरीर तक में फैल गया है। इसका दो-तिहाई से अधिक हिस्सा ग्लोबल साउथ से आता है।



## प्रकृति को होने वाली हानि

प्लास्टिक कचरे में मौजूद रसायनिक पदार्थ स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। जल और वायु प्रदूषण होता है। मिट्टी की उर्वरता कम होती है। प्लास्टिक कचरे के कारण जलीय जीवन प्रभावित होता है, वन्य जीवन को खतरा होता है, मिट्टी और जल प्रदूषित होते हैं।

## क्या है प्लास्टिक कचरा

प्लास्टिक कचरा वह कचरा होता है जो प्लास्टिक से बना होता है, जैसे कि प्लास्टिक की बोतलें, थैले, प्लास्टिक की प्लेटें, और अन्य प्लास्टिक उत्पाद जो एक बार उपयोग करने के बाद फेंक दिए जाते हैं। जो प्रकृति और पशुओं के लिए खतरनाक होता है इससे भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है।

# भारत के साथ तीस्ता जल बंटवारा संधि के मुद्दे सुलझाएगा बांग्लादेश

## बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने किया आह्वान

**ढाका, एजेंसी**



● कहा-इस समस्या को टालने से किसी देश को फायदा नहीं होगा

बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने कहा है कि अंतरिम सरकार काफी समय से लंबित तीस्ता जल बंटवारा संधि पर मतभेदों को सुलझाने के तरीकों पर भारत के साथ काम करेगी, क्योंकि इसे वर्षों तक टालने से किसी देश को कोई फायदा नहीं होगा। यूनुस ने ढाका में अपने सरकारी आवास पर कहा कि दोनों देशों के बीच जल बंटवारे के मुद्दे को अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों के अनुसार सुलझाया जाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बांग्लादेश जैसे निचले तटवर्ती देशों के पास विशिष्ट अधिकार हैं जिन्हें वे बरकरार रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे (पानी के बंटवारे) को निपटाने के लिए काम नहीं करने से कोई फायदा नहीं होगा। भले ही मैं खुश न भी होऊं और हस्ताक्षर कर दूं, लेकिन यदि मुझे पता होगा कि मुझे कितना पानी मिलेगा, तो यह बेहतर होगा। इस मुद्दे को सुलझाना होगा।

यह पूछे जाने पर कि क्या अंतरिम सरकार तीस्ता जल बंटवारा संधि के मुद्दों को शीघ्र हल करने का दबाव बनाएगी, उन्होंने कहा कि नई सरकार इस पर काम करेगी। उन्होंने कहा कि हमें साथ बैठकर इसका समाधान करना होगा। भारत और बांग्लादेश 2011 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की ढाका यात्रा के दौरान तीस्ता जल बंटवारे संबंधी एक समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले थे, लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने राज्य में पानी की कमी का हवाला देते हुए इसका समर्थन करने से इनकार कर दिया था।

यूनुस ने कहा कि यह कोई नया नहीं, बल्कि बहुत पुराना मुद्दा है। हमने इस मुद्दे पर कई मौकों पर बात की है। वार्ता पाकिस्तान के शासन के दौरान शुरू हुई थी। हम सभी चाहते थे कि इस संधि को अंतिम रूप दिया जाए, यहां तक कि भारत सरकार भी इसके लिए तैयार थी लेकिन पश्चिम बंगाल राज्य की सरकार इसके लिए तैयार नहीं थी। हमें इसे हल करने की जरूरत है।

### दक्षेस से कई क्षेत्रीय समस्याओं का हल निकलेगा

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने कहा कि दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस) के मकसद को बहाल करने से कई क्षेत्रीय समस्याओं का हल निकल आएगा। यूनुस ने कहा कि दक्षेस का गठन एक महान उद्देश्य से किया गया था लेकिन अब यह केवल कागजों पर ही सिमट कर रह गया है, क्रियाशील नहीं है। इस क्षेत्रीय समूह में अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका शामिल हैं। यूनुस ने कहा कि वह इस महीने के अंत में होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र से इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात का प्रयास करेंगे। अंतरिम सरकार के प्रमुख ने यह भी कहा कि वह दक्षेस देशों के राष्ट्राध्यक्षों को फोटो खिंचवाने के लिए एक साथ लाने का भी प्रयास करेंगे।

### बीजीबी बांग्लादेश से भारत में घुसपैठ रोके

**नई दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने अपने बांग्लादेशी समकक्ष बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) से कहा है कि वह अगस्त में शेख हसीना सरकार के पतन के मद्देनजर देश के (बांग्लादेश के) नागरिकों को अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने से रोके। बीएसएफ ने शुक्रवार को कहा कि वह 4,096 किलोमीटर लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा की शुचिता बनाए रखने के साथ-साथ सीमा पर रहने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# राष्ट्रपति विक्रमसिंघे के लिए जनमत हासिल करना चुनौती

**कोलंबो, एजेंसी**

● श्रीलंका में 21 को होंगे राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव

श्रीलंका में आगामी 21 सितंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव काफी महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं क्योंकि यह चुनाव 2022 के आर्थिक संकट से उबरने के लिए संघर्ष कर रहे देश के भविष्य का फैसला करेगा। आर्थिक संकट के कारण देश में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन देखे गए थे और पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को देश छोड़कर भागना पड़ा। चुनाव को राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के दो साल के कार्यकाल पर जनमत संग्रह के रूप में भी देखा जा रहा है।

विक्रमसिंघे को संसद में नेता प्रतिपक्ष के साथ-साथ एक शक्तिशाली गठबंधन के नेता से भी कड़ी चुनौती मिल रही है। यह गठबंधन युवा मतदाताओं के बीच अपनी पकड़ को मजबूत कर रहा है। श्रीलंका की आबादी लगभग 2.2 करोड़ है जिनमें से 1.7 करोड़ लोग मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए पात्र हैं। इस चुनाव में कुल 38 प्रत्याशी मैदान में हैं। विक्रमसिंघे की पार्टी यूनाइटेड नेशनल पार्टी दो फाड़ होने के कारण कमजोर हो गई है। ऐसे में वह निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं।

# यूरोपीय संघ में जनसांख्यिकीय संकट अपरिहार्य

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अरबपति उद्यमी एलन मस्क ने शुक्रवार को यूरोपीय संघ में जनसांख्यिकीय संकट को अपरिहार्य बताया। मस्क ने यह बयान वाशिंगटन में दिया, जहां उन्होंने यूरोपीय संघ की जनसंख्या में गिरावट और इसके परिणामस्वरूप होने वाली आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह संकट न केवल यूरोपीय संघ (ईयू) के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक बड़ा खतरा है और इसका समाधान करने के लिए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है।



# केन्या के स्कूल छात्रावास में आग, 17 छात्रों की मौत

**नैरोबी, एजेंसी**

● 13 गंभीर रूप से झुलसे, बढ़ सकती है मृतकों की संख्या

केन्या में एक स्कूल के छात्रावास में आग लगने से 17 छात्रों की मौत हो गई और 13 अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई है। पुलिस प्रवक्ता रेसिला ओन्यांगो ने बताया कि न्येरी काउंटी के 'हिलसाइड एंडाराशा प्राइमरी' में गुरुवार रात आग लगी और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि यह आग किस कारण से लगी। इस विद्यालय में 14 साल तक की उम्र के बच्चे रहते हैं।

न्येरी काउंटी के आयुक्त पायस मुरुगु और शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि जिस छात्रावास में आग लगी थी, उसमें 150 से अधिक छात्र रहते थे। चूंकि इमारतें मुख्य रूप से लकड़ी के तख्तों से बनी हैं, इसलिए आग बहुत तेजी से फैली। देश के मध्यवर्ती पहाड़ी क्षेत्र में राजधानी नैरोबी से 200 किलोमीटर (125 मील) उत्तर में स्थित इस स्कूल में कुल 824 छात्र पढ़ते हैं। नैरोबी में लकड़ी की बनी संरचनाएं आम हैं। देश के राष्ट्रपति विलियम रुटो ने इस खबर को भयावह बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि मैं संबंधित प्राधिकारियों को इस भयावह घटना की गहन जांच करने का निर्देश देता हूं।

# भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों में बदलाव को बहाल किया

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार को बड़ी राहत देते हुए उच्चतम न्यायालय ने देश के भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों में उन बदलावों को शुक्रवार को सर्वसम्मति से बहाल कर दिया, जिनसे प्रधानमंत्री और उनके बड़े भाई नवाज शरीफ सहित कई बड़े नेताओं को फायदा हुआ था। पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश (सीजेपी) काजी फैज ईसा ने संघीय सरकार और अन्य पक्षों द्वारा दायर अंतर-अदालती अपीलों (आईसीए) पर सुनवाई के बाद पांच सदस्यीय पीठ द्वारा छह जून को सुरक्षित रखा गया फैसला सुनाया।

# गुवाहाटी में प्रशिक्षण केंद्र खोलेगी आईआईटी

**गुवाहाटी, एजेंसी**


● विमान निर्माता कंपनी एयरबस के साथ किया समझौता

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गुवाहाटी ने विमान विनिर्माता एयरबस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक वैश्विक प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना के लिए शुक्रवार को समझौता किया। इस वैश्विक प्रशिक्षण केंद्र को असम की राजधानी गुवाहाटी में स्थापित किया जाएगा। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान कहा कि यह सहयोग वैमानिकी प्रौद्योगिकी में कुशल कर्मियों को उपलब्ध कराने में एक लॉजिस्टिक केंद्र के रूप में असम के उभार का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि यह समझौता वैमानिकी प्रौद्योगिकी में नवाचार एवं उत्कृष्टता और असम में लॉजिस्टिक केंद्र के विकास के लिए एक साझा प्रतिबद्धता है।

एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, आईआईटी-गुवाहाटी के निदेशक प्रोफेसर देवेंद्र जलिहाल और एयरबस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक रेमी मैलार्ड के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

# शीर्ष अमेरिकी सैन्य अफसरों से मिले जेलेंस्की

**रामस्टीन (जर्मनी), एजेंसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अधिक हथियार मुहैया कराने की मांग को लेकर शुक्रवार को जर्मनी में शीर्ष अमेरिकी सैन्य अधिकारियों और 50 से अधिक साझेदार देशों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इससे पहले अमेरिका ने कीव को सुरक्षा सहायता के तौर पर 25 करोड़ डालर प्रदान करने की घोषणा की। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि अधिकारियों की यह बैठक ऐसे वक्त में हो रही है जब रूस के साथ जारी युद्ध में यूक्रेन को डोनबास में एक प्रमुख केंद्र के पास रूसी सेना की ओर से अहम खतरा है।



दक्षिण चीन के हैनान प्रांत के हाइकोउ में एक सड़क के किनारे तूफान यागी से प्रभावित नारियल के पेड़। ● एजेंसी

# तूफान यागी ने चीन के द्वीपीय प्रांत हैनान में दस्तक दी

**हांगकांग, एजेंसी।** हांगकांग को पार करने के बाद शक्तिशाली उष्णकटिबंधीय तूफान 'यागी' ने शुक्रवार को चीन के द्वीपीय प्रांत हैनान में दस्तक दी। इसकी वजह से वहां का स्थानीय जनजीवन प्रभावित हुआ है। हैनान प्रांत की मौसम विज्ञान सेवा ने बताया कि यागी तूफान के कारण करीब 245 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही थी। तूफान स्थानीय समयानुसार अपराह्न चार बजकर करीब 20 मिनट पर प्रांत के वेनचांग शहर पहुंचा और इसके बेइबू खाड़ी की ओर बढ़ने से पहले द्वीप के अन्य हिस्सों को प्रभावित करने की आशंका है।

# पाकिस्तान में आत्मघाती हमला, दो आतंकी ढेर

**पेशावर, एजेंसी**

● खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सैन्य मुख्यालय पर हुआ हमला

उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को एक सैन्य मुख्यालय पर हुए आतंकवादी हमले में दो आत्मघाती हमलावर मारे गए। सुरक्षा बलों ने कहा कि उन्होंने अफगानिस्तान की सीमा से लगे मोहमंद जिले के घलानाई कस्बे में मोहमंद राइफल्स मुख्यालय पर आतंकवादी हमले के बाद पांच आत्मघाती हमलावरों में से दो को मुठभेड़ में मार गिराया है। सुरक्षा बलों ने बताया कि मुठभेड़ अब भी जारी है तथा मुख्यालय में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

घलानाई मुख्यालय मोहमंद जनजातीय जिले में स्थित है, जो पेशावर से लगभग 50 किलोमीटर दूर है। मोहमंद जिले में जमात उल अहरार आतंकवादी समूह की गतिविधियों में वृद्धि देखी गई है। यह समूह प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान का हिस्सा है।

### अगस्त में 90 आतंकियों को मारने का दावा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सेना ने अगस्त में देश भर में 4,021 अभियानों में कम से कम 90 आतंकवादियों को मारने का दावा किया है। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के महानिदेशक अहमद शरीफ चौधरी ने गुरुवार को पूर्वी गैरीसन शहर रावलपिंडी में एक प्रेसवार्ता में कहा कि सुरक्षा बलों और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने जनवरी से अगस्त तक 32,173 अभियान चलाए। अभियानों में 2024 के पहले आठ महीनों में 193 से अधिक अधिकारियों और सैनिकों की जान चली गई।

# टेलीग्राम के सीईओ पावेल ने आरोपों को खारिज किया

**पेरिस, एजेंसी।** सोशल मीडिया मंच टेलीग्राम के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पावेल दुरोव ने फ्रांस में अपनी गिरफ्तारी के बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से अपना पक्ष रखते हुए खुद पर लगे आरोपों को खारिज कर दिया। दुरोव को टेलीग्राम पर कथित तौर पर आपराधिक गतिविधियों की अनुमति देने के आरोप में अगस्त के अंत में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने गुरुवार रात टेलीग्राम पर एक पोस्ट में फ्रांस में खुद पर लगे आरोपों से अपना बचाव किया और कहा कि उन्हें व्यक्तिगत रूप से निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। पोस्ट में कहा गया है कि अगर कोई तीसरा पक्ष किसी प्लेटफॉर्म पर आपराधिक गतिविधियों में शामिल है तो पुराने कानूनों का इस्तेमाल करते हुए उसके सीईओ पर आरोप लगाना गलत है।


# धूमकेतु ही नहीं, क्षुद्रग्रह भी हैं उल्कावृष्टि की वजह

## धूमकेतुओं व उल्कावृष्टि की प्रकृति व उत्पत्ति को लेकर 45 वैज्ञानिकों का सामूहिक शोध

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** रातों को अपनी ओर आकर्षित करने वाली उल्कावृष्टि यानी आसमानी आतिशबाजी बरबस मन मोह लेनी वाली खगोलीय घटना अक्सर देखने को मिलती है। मगर यह होती क्यों है और इनकी प्रकृति व उत्पत्ति को लेकर वैज्ञानिकों की टीम ने सामूहिक शोध कर विस्तृत जानकारी जुटाई है।

उल्कावृष्टि की मुख्य वजह धूमकेतुओं द्वारा छोड़े जाने धूल कणों के अवशेष को माना जाता है, जो हमारे वायुमंडल से गिरते हैं और वातावरण में प्रकाश की तेज़ गति से चलने वाली चमकीली लकीर के रूप में दिखते हैं। जिसे लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि उल्कावृष्टि की चमक के आधार पर उल्का कणों के आकार को समझा जा सकता है। इससे



धूमकेतु के निर्माण में शामिल पदार्थों को जाना जा सकता है।

अधिकांश धूमकेतु बर्फ से बने होते हैं, जिनमें बड़ी मात्रा में चट्टान भी मिली होती है। बर्फ और चट्टान के मिश्रण को एक गंदा स्नोबॉल भी कहा जाता है। वे सूर्य के चारों ओर लम्बी अण्डाकार कक्षाओं में यात्रा करते हैं। सूर्य के करीब पहुचने पर तीव्र गर्मी के कारण बर्फ तुरंत गैस में बदल जाती है और फंसी हुई धूल कणों या उल्का को बाहर फेंक देती है। बर्फ से निकली गैस व धूल कणों से पूंछ पैदा होती है। साथ ही उल्काओं का मलवा अंतरिक्ष मे छूट जाता है और जब पृथ्वी छोड़े गए मलवे से होकर गुजरती है तो धूल कण जल जाते हैं और गिरती हुई चमकीली रेखा के रूप मे नजर आती है।

नए शोध में शामिल 45 शोधकर्ताओं की टीम ने उल्कावृष्टि की कुछ हटकर खोज की है। उन्होंने पाया है कि सभी धूमकेतु सूर्य के निकट आने पर एक समान तरह से नहीं टूटते। टीम ने दुनिया भर में विशेष कम रोशनी वाले वीडियो कैमरों का उपयोग करके 47 युवा उल्कापात का अध्ययन किया। कैमरों ने उल्काओं के मार्ग को मापा जिससे टीम को यह पता लगाने में मदद मिली कि जब वे पहली बार प्रकाश में आए तो वे कितनी ऊंचाई पर थे और फिर वे वायुमंडल में कैसे धीमे हो गए। वे संरचना को मापने में भी सक्षम थे जिससे उन्हें कणों का आकार निकालने में मदद मिली। नतीजों से पता चला कि ऊर्ट क्लाउड में उत्पन्न होने वाले धूमकेतु आम तौर पर धीमी और सौम्य अभिवृद्धि स्थितियों का संकेत देने वाले कणों के आकार में टूट जाते हैं।

दूसरी ओर, बृहस्पति परिवार के धूमकेतु औसतन 8 फीसद अधिक ठोस पदार्थ के साथ छोटे व सघन उल्कापिंडों में टूट जाते हैं। इनके अलावा शोध मे यह जानकारी भी सामने आई कि कुछ उल्कापात क्षुद्रग्रहों से उत्पन्न होते हैं,जो छोटे कणों के साथ उल्का वर्षा उत्पन्न करते हैं। क्षुद्रग्रहों के धरती करीब से गुजरने व उनके गुरुत्व या अन्य स्थिति मे उनके साथ जुड़े छोटे कण भी उल्कावर्ष्टि की वजह होते हैं।

### साल में कई बार चरम पर होती है उल्कावृष्टि

यूं तो साफ आसमान मे रात को टकटकी लगाकर निहारने में हल्की-फुल्की उल्कावृष्टि अक्सर देखने को मिल जाती है, लेकिन साल में कुछ ही रातें होती हैं, जब यह चरम पर देखी जा सकती है। दिसंबर माह को जेमनीड उल्कावर्ष्टि मे सबसे ज्यादा उल्काओं को बरसते देखा जाता है। इस माह 9 सितंबर को परसीड उल्कावृष्टि चरम पर रहेगी, जो रोशनी से मुक्त क्षेत्रों से बखूबी देखी जा सकती है।